दैनिक
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...
WWW.NAVPRADESH.COM

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | कारोबार

रायपुर, रविवार, 28 दिसंबर 2025 कृष्ण पक्ष-अष्टमी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 अंक- 309 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

कनक कनक ते सौ गुनी मादकता अधिकाए, जो खाए बौराए है वो पाए बौराए वाली उक्ति बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री और मौजूदा केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी पर अक्षरशः चरितार्थ हो रही है। जो जरूरत से ज्यादा मिलने से बौरा गए हैं। अपनी छोटी सी क्षेत्रीय पार्टी के सांसद होने के नाते वे केन्द्रीय मंत्री बने बैठे हैं। अपने बेटे को बिहार का मंत्री भी बनवा दिया है। अब वे राज्यसभा की भी एक सीट मांग रहे हैं वरना एनडीए छोड़ने की धमकी दे रहे हैं। मानों उनके हटने से एनडीए सरकार गिर जाएगी। इसे ही कहते हैं विनाश काले विपरीत बुद्धि।

न्यूज़ीलैंड के पीएम ने समझाया भारत संग एफटीए का आर्थिक असर

नई दिल्ली/आईएएनएस। न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने शनिवार को कहा कि भारत के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) से ज्यादा रोजगार बढ़ेंगे। साथ ही निर्यात और आय में भी बढ़ोतरी होगी। उन्होंने यह बात तब कही जब भारत और न्यूजीलैंड ने एक व्यापक और लंबे समय से प्रतीक्षित एफटीए (मुक्त व्यापार समझौता) पूरा किया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में लक्सन ने कहा, 'हमने कहा था कि हम अपने पहले कार्यकाल में भारत के साथ एक मुक्त व्यापार समझौता करेंगे।

सारण: दम घुटने से एक ही परिवार के चार लोगों की मौत, चार गंभीर

छपरा (वार्ता)। बिहार में सारण जिले के भगवान बाजार थाना क्षेत्र में एक घर में अंगीठी जलाकर सो रहे तीन मासूम बच्चे सहित चार लोगों की दम घुटने से मौत हो गई तथा चार अन्य की स्थिति गम्भीर बनी हुई है। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को यहां बताया कि शुक्रवार की देर रात को अम्बिका कॉलोनी निवासी रामलखन सिंह के परिवार के आठ लोग एक ही कमरे में अंगीठी जलाकर सो गए थे। बंद कमरे में धुआं भरने के कारण सुबह तक दम घुटने से सभी लोगों की हालत बिगड़ गई। आज सुबह जब देर तक कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो परिजनों ने दरवाजा तोड़ कर घर में प्रवेश किया। जहां सभी आठ लोग बेहोश मिले।

राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन ने 45 करोड़ रुपये की राशि वापस दिलवाई

नई दिल्ली (वार्ता)। राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन ने देश भर में उपभोक्ताओं की शिकायतों के प्रभावी, समयबद्ध और मुकदमेबाजी से पहले निवारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए आठ महीनों में 31 क्षेत्रों में 45 करोड़ रुपये की राशि उपभोक्ताओं को वापस दिलवाई है। ई-कॉमर्स क्षेत्र में सबसे अधिक 32 करोड़ रुपये और यात्रा तथा पर्यटन क्षेत्र में साढे तीन करोड़ रुपये की राशि वापस दिलवाई गई है। उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने शनिवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि हेल्पलाइन ने इस वर्ष 25 अप्रैल से 26 दिसंबर तक आठ महीने की अवधि के दौरान 31 क्षेत्रों में राशि वापस दिलवाने के दावों से संबंधित 67,265 उपभोक्ता शिकायतों का समाधान करते हुए 45 करोड़ रुपये की राशि के वापस दिलवाई है।

अल्लू अर्जुन समेत 24 लोगों के खिलाफ पुलिस ने फाइल की चार्जशीट

हैदराबाद। पुष्पा-2 फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग के दौरान मचे भगदड़ के मामले में हैदराबाद पुलिस ने अपनी चार्जशीट फाइल कर दी है। पुलिस ने एक्टर अल्लू अर्जुन समेत कुल 24 लोगों को आरोपी बनाया है। चिक्कडपल्ली पुलिस द्वारा आरोप पत्र दायर किया गया है, जिसमें अभिनेता अल्लू अर्जुन को ए-11 के साथ-साथ संध्या थिएटर के मालिक (ए-1), थिएटर प्रबंधन, अल्लू अर्जुन के प्रबंधक, निजी कर्मचारी और 8 बाउंसरों का नाम दिया गया है।

पीएम मोदी ने मुख्य सचिवों की बैठक से पहले बताया एजेंडा

ईज ऑफ लिविंग पर हम प्रतिबद्ध

■ देश को 'ईज ऑफ लिविंग' के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का आश्वासन

नई दिल्ली। नए साल से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को आश्वस्त किया है कि उनकी सरकार 'ईज ऑफ लिविंग' यानी लोगों के जीवन को आसान बनाने के लिए और भी जोर-शोर से काम करेगी। शुक्रवार को उन्होंने बताया कि इस साल सरकार ने टैक्स कानूनों को सरल बनाया, विवादों को सुलझाने की प्रक्रिया तेज की, मजदूरों के लिए नए नियम लाए और अनुपालन को आसान बनाया गया। शनिवार और रविवार को प्रधानमंत्री राज्यों के मुख्य सचिवों और केंद्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पांचवें राष्ट्रीय मुख्य सचिव सम्मेलन बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

शुक्रवार को सुधारों को लेकर किए गए सिलसिलेवार पोस्ट को शेयर करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि उनकी सरकार आने वाले समय में और अधिक जोश के साथ काम करेगी। उन्होंने कहा, 'हमारी सरकार 'ईज ऑफ लिविंग को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है और यह थ्रेड उन उदाहरणों को दिखाता है कि हमने इस दिशा में कैसे काम किया है। आने वाले समय में हमारे सुधारों का सिलसिला और भी तेजी से जारी रहेगा।

12 लाख तक की आय टैक्स फ्री

सरकार द्वारा बताया गया कि करदाताओं के लिए बड़ी राहत देते हुए अब 12 लाख रुपये तक की आय पर शून्य कर लागू किया गया है। इससे मध्यम वर्ग को अपनी कमाई बचाने, खर्च करने और निवेश करने में अधिक स्वतंत्रता मिली है। आयकर अधिनियम, 2025 के जरिए कर अनुपालन को सरल, पारदर्शी और करदाता-अनुकूल बनाया गया है। छोटे व्यवसाय अब लाभ खोने के डर के बिना बढ़ सकते हैं। निवेश और टर्नओवर की बढ़ी हुई सीमाएं एमएसएमईएस को विस्तार करने की अनुमति देती हैं, साथ ही उन्हें ऋण और टैक्स छूट का लाभ भी मिलता रहता है। इससे व्यवसायों को बड़ा होने, अधिक लोगों को नौकरी देने और मजबूत स्थानीय उद्यम बनाने को बढ़ावा मिलता है। ग्रामीण रोजगार योजनाओं में विस्तार के साथ गांवों में बुनियादी ढांचे के निर्माण पर जोर दिया गया है। इससे मजदूरी के साथ-साथ स्थायी संपत्तियों ■ शेष पृष्ठ 6 पर

इस साल किए गए बड़े बदलाव

पीएम मोदी द्वारा टैग किए गए मॉय गवर्नमेंट इंडिया के अकाउंट पर कहा गया, सुधारों की असली कसौटी यह है कि क्या वे लोगों का तनाव कम करते हैं। इस साल शासन में एक बड़ा बदलाव आया, जहां सुधारों का ध्यान नतीजों पर रहा, न कि मुश्किलों पर। आसान टैक्स कानून, विवादों का तेजी से निपटारा, आधुनिक श्रम संहिताएं और गैर-आपराधिक अनुपालन ने नागरिकों और व्यवसायों दोनों के लिए मुश्किलें कम कीं। इन सुधारों का मकसद भरोसा, पूर्वानुमान और लंबी अवधि की वृद्धि रहा, जिससे यह पता चला कि कैसे अच्छी नीतियां रोजमर्रा की जिंदगी को बेहतर बना सकती हैं।

हाड़ कंपा देने वाली ठंड में भारतीय सेना का ऑपरेशन

टारगेट पर जम्मू में छिपे 35 पाक आतंकी

नई दिल्ली/वार्ता। जम्मू-कश्मीर में जब 40 दिनों की सबसे भीषण ठंड चिल्लाई कलां (21 दिसंबर से 31 जनवरी) का दौर जारी है, तब भारतीय सेना ने आतंकवादियों के खिलाफ एक नया और आक्रामक विंटर डॉक्ट्रिन (शीतकालीन सिद्धांत) अपनाया है. रक्षा सूत्रों के अनुसार, बर्फबारी, दुर्गम पहाड़ी इलाकों और शून्य से नीचे तापमान के बावजूद सेना ने ऊंचाई वाले और बर्फ से ढके इलाकों में अपनी मौजूदगी बढ़ा दी है, ताकि सर्दियों का फायदा उठाकर छिपने की कोशिश कर रहे पाकिस्तानी आतंकियों को घेरा जा सके. आमतौर पर चिल्लाई कलां के दौरान भारी बर्फबारी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

जम्मू-कश्मीर ही नहीं, पंजाब से भी घुसपैठ की फिराक में आतंकी

जम्मू क्षेत्र में इंटरनेशनल बॉर्डर पर सुरक्षा बढ़ाने के बाद अब पंजाब के सीमावर्ती इलाके भी चिंता में हैं. खासतौर पर पठानकोट और गुरदासपुर जिलों में सुरक्षा बलों को हाई अलर्ट जारी किया गया है. खुफिया विभाग से जानकारी मिली है कि पाकिस्तान से आतंकी घने कोहरे का फायदा उठाकर भारत में घुसपैठ की कोशिश कर सकते हैं. इस समय इंटरनेशनल बॉर्डर के पूरे इलाके में घना कोहरा छाया हुआ है. आशंका है कि आने वाले एक महीने तक बना यह ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कोल ब्लॉक विरोधी आंदोलन में

महिलाओं ने की महिला टीआई की पिटाई

रायगढ़/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के तमनार में कोल ब्लॉक आवंटन के विरोध में चल रहा ग्रामीणों का आंदोलन रविवार को उस समय उग्र हो गया जब पुलिस धरनास्थल को हटाने पहुंची। पथराव, झूमाझटकी और वाहनों में तोड़फ़ोड़ की घटनाओं के बीच पुलिस ने करीब 30-35 ग्रामीणों को हिरासत में लेकर थाने भेजा। क्षेत्र में तनाव को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

टीआई कमला पुसांग गंभीर रूप से घायलः पुलिस कार्रवाई के बाद ग्रामीण महिलाओं ने टीआई कमला पुसांग को बुरी तरह मार-पीट कर घायल कर दिया। पुलिस पार्टी पर कई दिशा से पत्थर फेंके गए, जिसके बाद आसपास के बल को तत्काल मौके पर बुलाना पड़ा। स्थिति नियंत्रण में लाने के लिए इलाके में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

टीआई कमला पुसांग गंभीर रूप से घायल

पुलिस कार्रवाई के बाद ग्रामीण महिलाओं ने टीआई कमला पुसांग को बुरी तरह मार-पीट कर घायल कर दिया। पुलिस पार्टी पर कई दिशा से पत्थर फेंके गए, जिसके बाद आसपास के बल को तत्काल मौके पर बुलाना

पड़ा। स्थिति नियंत्रण में लाने के लिए इलाके में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

15 दिनों से सीएचपी चौक पर चल रहा था धरनाः ग्रामीण पिछले 15 दिनों से सीएचपी चौक पर लगातार आवंटित कोल ब्लॉक का विरोध कर धरना दे रहे थे, और उनकी मुख्य मांग थी कि प्रस्तावित जंसुनवाई को निरस्त किया जाए। ग्रामीणों का आरोप है कि कोल ब्लॉक से पर्यावरणीय नुकसान और विस्थापन का खतरा बढ़ेगा।

नितिन नबीन बन सकते हैं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष

नई दिल्ली। भाजपा के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन को पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया जा सकता है। पार्टी सूत्रों के अनुसार उनकी नियुक्ति का ऐलान 20 जनवरी को किया जा सकता है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया 18 से 20 जनवरी के बीच पूरी होने की संभावना है। नितिन को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया जाता है तो वे इस पद पर पहुंचने

वाले सबसे युवा होंगे। उनका कार्यकाल जनवरी 2029 तक रहेगा। 2029 में लोकसभा चुनाव प्रस्तावित होने के कारण उनका कार्यकाल बढ़ाया जा सकता है। पार्टी देशभर के प्रदेश अध्यक्षों को 15 जनवरी के बाद दिल्ली बुलाने की तैयारी में है। इससे पहले 2028 जेपी नड्डा को भी कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

14 दिसंबर को कार्यकारी अध्यक्ष बने नबीन

बिहार सरकार में मंत्री नितिन नबीन को 14 दिसंबर को भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी बनाया गया था। 45 साल के नबीन 2010 से बिहार की बांकीपुर सीट से विधायक हैं। भाजपा ने साल 2020 में जेपी नड्डा को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया था। 2024 में उनका कार्यकाल खत्म हुआ था। तब से वे एक्सटेंशन पर थे।

वित्त वर्ष 26 में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 7.4% रहने का अनुमान

नई दिल्ली/आईएएनएस। भारत की जीडीपी वृद्धि दर वित्त वर्ष 26 में 7.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। इसकी वजह इलेक्ट्रिसिटी की मांग बढऩा और खनन एवं निर्माण गतिविधियों में इजाफा होना है। यह जानकारी एक रिपोर्ट में दी गई। आईसीआरए की रिपोर्ट में कहा गया कि वित्त वर्ष 26 की दूसरी छमाही में वृद्धि दर 7 प्रतिशत से कम रहने की उम्मीद है। आईसीआरए की रिपोर्ट में कहा गया कि वित्त वर्ष 26 की दूसरी छमाही में वृद्धि दर 7 प्रतिशत से कम रहने की उम्मीद है। इसकी वजह प्रतिकूल आधार प्रभाव और निर्यात में कमी होना है। वित्त वर्ष 26 की पहली छमाही में विकास दर 8 प्रतिशत से अधिक थी। रिपोर्ट के अनुसार आरबीआई फरवरी 2026 में दरें स्थिर रखेगा, भविष्य के निर्णय बजट, महंगाई और वृद्धि पर निर्भर होंगे।

छग-एमपी में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने केंद्र का फोकस

नई दिल्ली/रायपुर। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने आज मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्रियों तथा वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक का उद्देश्य दोनों राज्यों में स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति की समीक्षा करना और प्रमुख राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन में तेजी लाना था। बैठक में सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणालियों को सुदृढ़ करने, रोगी संतुष्टि बढ़ाने, नियामक निगरानी मजबूत करने और क्षयरोग (टीबी) उन्मूलन के राष्ट्रीय लक्ष्य को आगे बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरमा

संतों पर सियासत | पूर्व सीएम भूपेश बघेल बोले-छत्तीसगढ़ को लूटने आते है

पं. धीरेंद्र शास्त्री पर भूपेश के बयान को सीएम ने बताया सनातन का अपमान

■ डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने भी बघेल पर निशाना साधा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजनीति में संतों और सनातन को लेकर बयानबाज़ी तेज हो गई है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की ओर से पं. धीरेंद्र शास्त्री पर की गई टिप्पणी पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कड़ा ऐतराज़ जताया है। रायपुर से दुर्ग रवाना होने से पहले मीडिया से बातचीत में सीएम साय ने कहा कि भारत ऋषि-मुनियों और संत परंपरा का देश है, और पं. धीरेंद्र शास्त्री को किसी राजनीतिक दल का एजेंट बताना

सीधे-सीधे सनातन परंपरा का अपमान है। सीएम साय ने स्पष्ट किया कि संत-महात्मा समाज को जोडऩे का कार्य करते हैं और उनके खिलाफ इस तरह की राजनीतिक टिप्पणी दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आस्था और आध्यात्म को राजनीति से अलग रखा जाना चाहिए। उल्लेखनीय है ■ शेष पृष्ठ 6 पर

जांच में सभी को पुलिस का सहयोग करना चाहिए: शर्मा

इसी दौरान मुस्लिम समाज द्वारा पुलिस जांच के विरोध में किए गए प्रदर्शन पर प्रतिक्रिया देते हुए विजय शर्मा ने कहा कि किसी भी जांच में सभी को पुलिस का सहयोग करना चाहिए। यह कोई अचानक शुरू की गई कार्रवाई नहीं है। उन्होंने एसआईआर (विशेष जांच रिपोर्ट) को लेकर भी स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि बांग्लादेशी नागरिकों की जांच की जाएगी और जो भी अवैध ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अयोध्या: 31 दिसंबर को मनाई जाएगी श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ

अयोध्या। रामनगरी अयोध्या में भगवान श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ आगामी 31 दिसंबर 2025 को श्रद्धा, भव्यता और धार्मिक उल्लास के साथ मनाई जाएगी। श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी 2024 को संपन्न हुई थी, लेकिन वर्षगांठ का निर्धारण हिंदू पंचांग के अनुसार किया जा रहा है। इसी परंपरा के तहत पहली वर्षगांठ 11 जनवरी 2025 को मनाई गई थी। दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर धार्मिक अनुष्ठानों की शुरुआत 27 दिसंबर 2025 से होगी। मुख्य समारोह

31 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा, जबकि पूजन-अनुष्ठान और अन्य धार्मिक कार्यक्रम 2 जनवरी 2026 तक चलते रहेंगे। इस भव्य आयोजन में देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भी कार्यक्रम में उपस्थिति रहेगी।

संक्षिप्त खबरें

संतोष पिल्ले ने डॉ. रमन सिंह को सौंपा ज्ञापन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। नगर निगम की लगातार बिगड़ती आर्थिक स्थिति को लेकर नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधायक डॉ. रमन सिंह को ज्ञापन सौंपकर गंभीर स्थिति से अवगत कराया।

यह ज्ञापन डॉ. रमन सिंह के एक दिवसीय प्रवास के दौरान 25 दिसंबर को अटल परिसर में आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर दिया गया। ज्ञापन में बताया गया कि राजनांदगांव नगर निगम को राज्य सरकार द्वारा लंबे समय से आवश्यक वित्तीय सहायता नहीं दी जा रही है। नगर निगम को चुंगी कर की राशि भी प्राप्त नहीं हो रही है जिससे निगम की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई है। आर्थिक संकट का सीधा असर नगर निगम के कर्मचारियों पर पड़ रहा है। निगम कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिल पा रहा है। वहीं सफाई ठेका कार्य में लगे कर्मचारियों को पिछले 11 से 12 महीनों से वेतन का भुगतान नहीं हुआ है जिससे उनके सामने गंभीर आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। ज्ञापन सौंपे जाने के बाद डॉ. रमन सिंह ने पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए कहा कि वे इस विषय को देखेंगे और नगर निगम आयुक्त से चर्चा कर समस्या के समाधान का प्रयास करेंगे। उन्होंने शासन स्तर पर राजनांदगांव नगर निगम को आवश्यक धनराशि दिलाने का आश्वासन भी दिया। नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने कहा कि यदि शीघ्र आर्थिक सहायता नहीं मिली तो इसका असर नगर की स्वच्छता व्यवस्था और अन्य मूलभूत सेवाओं पर भी पड़ेगा। उन्होंने शासन से मांग की कि राजनांदगांव नगर निगम को तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान की जाए ताकि कर्मचारियों को उनका लंबित वेतन मिल सके और नगर की व्यवस्थाएं सुचारू रूप से चल सकें।

नवागांव में साफ-सफाई एवं निर्माण कार्य का आयुक्त ने लिया जायजा

राजनांदगांव/नवप्रदेश। प्रतिदिन सुबह साफसफाई एवं निर्माण कार्य निरीक्षण की कडी में निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा आज नवागांव में साफसफाई का जायजा लेकर गली मोहल्लो की नियमित सफाई करने तथा नाली निर्माण कार्य समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। नवागांव में साफ सफाई निरीक्षण के दौरान आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य अधिकारी से कहा कि शहर का ग्रामीण वार्ड है जिसे ध्यान में रखकर नियमित रूप से गली मोहल्लो के सड़क व नालियो की सफाई कर कचरा उठावे। उन्होंने मेन रोड में रोड के दोनो छोर तक सफाई कर कचरा उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने बीडी श्रमिक कालोनी निरीक्षण के दौरान कालोनी वासियो से साफसफाई एवं पानी के संबंध में जानकारी लिए। साथ ही वार्ड प्रभारी से कहा कि सुबह समय पर उपस्थिति लेवे एवं निर्धारित समय तक सफाई कार्य करावे, उपस्थिति के पश्चात कोई भी कर्मचारी काम छोडकर जाये न, इसका विशेष ध्यान रखा जावे। गलियो व सड़को की सफाई के पश्चात वार्ड के उद्यान, तालाब, सार्वजनिक स्थल की भी दिन निश्चित कर अलग अलग दिन में सफाई करावे।

मोंगरा से पानी लाने 174 करोड़ की लागत से बिछेगी पाइप लाइन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। गर्मी के दिनों में अंबागढ़ चौकी के मोंगरा बैराज से पीने का पानी लाने पाइप लाइन बिछाया जाएगा। इसके लिए 174 करोड़ रूपए का प्रस्ताव तैयार कर इसे शासन को भेजा गया है। इस पाइप लाइन के बिछने से गर्मी के दिनों में कीमती पेयजल की बर्बादी रूकेगी, वहीं कम समय में चौकी से राजनांदगांव शिवनाथ नदी तक पानी पहुंच जाएगा। बहरहाल विभाग को इसके लिए शासन के अनुमति का इंतजार हैं।

उल्लेखनीय है कि राजानांदगांव शहरवासियों के लिए शिवनाथ नदी से पानी की सप्लाई होती है। हर साल गर्मी के दिनों में शिवनाथ की जलस्तर कम होने के कारण निगम प्रशासन को मोंगरा बैराज से पेयजल की डिमांड भेजनी पड़ती है। जिसके बाद करीब 53 किमी तय कर बैराज से छोड़ा गया पानी तीन से चार दिनों में यहां पहुंचता है। लेकिन पाइप लाइन बिछने से यहां 12 घंटे में पानी का प्लो पहुंचने लगेगा। बहरहाल प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा जा चुका है। अब इस कार्य के लिए विभाग को राशि का इंतजार है।

छत्तीसगढ़ में बिजली अधोसंरचना का कायाकल्प

2 वर्षों में स्थापित हुए 28,720 नए उपकेंद्र और 34 हजार किमी लाइनें

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री और ऊर्जा मंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशों के बाद छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज ने पिछले दो वर्षों में विद्युत अधोसंरचना के विस्तार में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। प्रदेश में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जहाँ हज़ारों की संख्या में नए उपकेंद्र स्थापित किए गए हैं, वहीं पारेषण और वितरण लाइनों का जाल बिछाया गया है।



इन्फ्रास्ट्रक्चर में 'पावरफुल' बढ़ोत्तरी

विगत दो वर्षों के भीतर प्रदेश में अति उच्चदाब के 5 नए उपकेंद्र और निम्नदाब के 28,715 उपकेंद्र स्थापित किए गए हैं। इसी अवधि में पारेषण की 782 सर्किट किमी और वितरण की 33,457 सर्किट किमी नई लाइनें बिछाई गई हैं।

प्रमुख उपलब्धियों पर एक नजर

अति उच्चदाब तंत्र: मुंगेली जिले के धरदेही में प्रदेश का 5वां 400 केवी उपकेंद्र पूर्ण किया गया।
उपभोक्ता वृद्धि: प्रदेश में उपभोक्ताओं की संख्या में 2,94,318 का इजाफा हुआ।
पंप ऊर्जीकरण: खेती-किसानी को बढ़ावा देने के लिए विद्युतीकृत पंपों की संख्या में 3,04,786 की रिकॉर्ड वृद्धि हुई है।
क्षमता विस्तार: 132 केवी से लेकर 400 केवी तक के उपकेंद्रों की एमवीए क्षमता में भारी बढ़ोत्तरी दर्ज की गई।

बढ़ती मांग और सुदृढ़ नेटवर्क

प्रदेश के विकास के साथ बिजली की खपत भी तेजी से बढ़ी है। आंकड़ों के अनुसार, पिछले दो वर्षों में बिजली की अधिकतम मांग में 1,605 मेगावाट की वृद्धि हुई है। इस बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए पॉवर कंपनी ने अपने वितरण नेटवर्क को मजबूत किया है:
33 केवी उपकेंद्र: इनकी संख्या 1,352 से बढ़कर 1,474 हो गई है।
11 केवी उपकेंद्र: यह आंकड़ा 2,23,131 से बढ़कर 2,51,724 तक पहुँच गया है।

प्रदेश अध्यक्ष, जिला, और तहसील साहू संघ के पदाधिकारियों का

निर्विरोध निर्वाचन सामाजिक एकता का उदाहरण : साव

- साहू समाज के युवा पीढ़ी को संस्कारित और शिक्षित कर समाज को बढ़ाएंगे आगे : डिप्टी सीएम साव
- उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू के साथ साहू धर्मशाला के नवीनीकरण कार्य का किया लोकार्पण

रायपुर/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने आज नगर पालिका लोरमी में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू के साथ साहू धर्मशाला भवन के नवीनीकरण कार्य का लोकार्पण किया। इस अवसर पर तहसील साहू संघ के शपथ ग्रहण समारोह में निर्विरोध निर्वाचित तहसील पदाधिकारियों ने शपथ ली। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को नवदायित्व के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

गौरतलब है कि प्रदेश साहू संघ का चुनाव निर्विरोध संपन्न हुआ है। इसी तरह तहसील साहू संघ का चुनाव भी सर्वसम्मति से हुआ, जो समाज में बढ़ती जागरूकता और एकता का उदाहरण है। तहसील साहू संघ द्वारा जिले की 6 तहसीलों में शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने सामाजिक जनों को संबोधित करते हुए कहा कि साहू समाज प्रदेश का सबसे बड़ा समाज है और बड़े समाज की बड़ी जिम्मेदारी होती है। समाज को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाने के लिए संगठन की योजनाओं और सामाजिक गतिविधियों को एकजुट होकर चलाने की आवश्यकता है।

परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए सभी को साथ लेकर चलना होगा। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को संस्कार, शिक्षा और राष्ट्रीयता की भावना से जोड़ना आवश्यक है, साथ ही अच्छे आचार, विचार और व्यवहार की शिक्षा भी देनी होगी।

दूध की आपूर्ति नहीं, फिर भी शहर में बन रहे पनीर और खोवे

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शहर में रोजाना करीब 25 हजार लीटर दूध की डिमांड पूरी नही हो पा रही है। राजनांदगांव शहर में रोजाना 70 हजार लीटर से अधिक दूध की खपत है। इसके बाद भी 25 फीसदी पूर्ति पूरी नही हो पा रही है। हैरानी करने वाली बात यह है कि इसके बाद भी बाजार में खोवा और पनीर बनाने का धंधा समझ से परे हैं। जानकारो की माने तो इसका फायदा उठाकर ही पाप आयल और दूध पाउडर का उपयोग कर नकली पनीर तैयार किए जा रहे है।

मैन्युफैक्करिंग के नाम पर नकली पनीर और मिठाईयों का कारोबार हो रहा है। नवभारत ने बाजार में दूध के व्यापार से जुड़े व्यापारियों से जानकारी जुटाई। जिसे लेकर सभी ने एक राय होकर बताया कि शहर में दूध की डिमांड इतनी है कि उतनी खपत नहीं हो पाती है। ऐसे में पनीर तैयार करना सवाल खड़े करता हैं।

दूध संचालकों ने बताया कि, शहर में रोज 70 हजार लीटर दूध की खपत हो जाती हैं। इसके बाद भी 25 हजार की डिमांड बनी रहती है। इसके आलावा अमूल, मदर डेयरी और मल्टीनेशनल कंपनियां भी पैकेट दूध के जरिए करोड़ो का कारोबार कर रही है। फिर भी बाजार में डिमांड बनी हुई हैं।

यहां से शहर में पहुंच रहा दूध : राजनांदगांव में सबसे ज्यादा घुमका, डोंगरगांव, छुईखदान, तुमड़ीबोर्ड जैसे इलाको से पशुपालन अधिक जुड़े है। उन्हें प्रोत्साहित करने पर राजनांदगांव दुध का बड़ा केन्द्र हो सकता है।

कैरियर निर्माण के लिये छात्रों का सोशल मीडिया से दूरी आवश्यक : महापौर

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जीवन में आगे बढ़ने के लिये सकारात्मक सोच आवश्यक है। छात्र जीवन में कैरियर निर्माण एवं शिक्षा पर ध्यान केन्द्रित करने के लिये विद्यार्थियों को समझदारी से अपने समय का सदुपयोग करना चाहिये। सोशल मीडिया पर रील्स देखने में छात्रगण प्रतिदिन अपने जीवन का बहुमूल्य समय व्यर्थ कर रहे हैं, किन्तु कैरियर निर्माण के लिये सोशल मीडिया से दूरी एवं इसपर नियंत्रण आवश्यक है। उक्ताशय के विचार राजनांदगॉव महापौर मधुसूदन यादव ने भारतरत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी के जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कैरियर मार्गदर्शन व युवा सम्मान समारोह में व्यक्त किये। कैरियर मार्गदर्शन जैसे छात्रोपयोगी आयोजन के लिये महापौर ने आयोजन समिति छात्र युवा मंच के रक्तवीर नागेश यदु, माधव साहू, सुरेश साहू, साहिल जंघेल, दुष्यंत सेन, बालकृष्ण कोमरे, विवेक, गीतेश, चंद्रभान एवं पूरी टीम को बधाई दी एवं सराहना की। छात्र युवा मंच द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जिले के 47 स्कूलों के 1000 से अधिक विधार्थियो के लिये कैरियर मार्गदर्शन, ऑनलाइन परीक्षा का आयोजन स्थानीय दिग्विजय महाविद्यालय में सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित किया। परीक्षा उपरांत मेधावी परीक्षार्थियों का सम्मान समारोह पद्मश्री गोविन्द राम निर्मलकर ऑडिटोरियम मे दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक आयोजित किया गया। इस युवा सम्मान समारोह के आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव उपस्थित रहे, अध्यक्षता शैडो पार्षद मुकेश चौबे के द्वारा की गयी एवं विशिष्ट अतिथिगण के रूप में प्राचार्य

दीपक ठाकुर, जिला आयुक्त स्काउट गाइड महेश खंडेलवाल सहित भाजपा नेतागण प्रशांत गुप्ता, प्रियंक सोनी, नोमेश वर्मा, देवशरण सेन, नारद साहू, दुर्जन देवांगन, जितेंद्र तिवारी, पर्यावरण प्रेमी भोज साहू मंच पर उपस्थित रहे। प्रत्येक 47 स्कूलों के प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विधार्थी को स्व0 डॉ0 भाविका ठाकुर की स्मृति मे सलोनी स्कूल प्राचार्य दीपक ठाकुर के द्वारा स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्तिपत्र दिया गया व पूरी परीक्षा में सर्वाधिक अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त विधार्थी को स्व0 कृति चौबे की स्मृति मे प्रथम पुरस्कार मुकेश चौबे जी द्वारा तथा द्वितीय पुरस्कार तथागत पी.एस.सी. ट्यूटोरियल्स के संस्थापक समीर गजभिये द्वारा प्रदान किया गया। शीर्ष आठ स्थान प्राप्त करने वाले परीक्षार्थियों को महापौर मधुसूदन यादव ने अपने करकमलो से प्रशस्ति पत्र नगद पुरुस्कार व स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया।

चकरभाठा स्टेशन में 12 ट्रेनों का 30-31 को रहेगा स्टॉपेज

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेलवे द्वारा चकरभाठा में 30 एवं 31 दिसम्बर को आयोजित चालीसा महोत्सव में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं एवं रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 12 एक्सप्रेस गाड़ियों का अस्थायी ठहराव रायपुर मंडल के चकरभाठा स्टेशन में 2 मिनट के लिए दिया गया है। यह ठहराव की सुविधा 30 एवं 31 दिसम्बर को केवल 2 दिनों के लिए दिया गया है। इस दौरान चकरभाठा स्टेशन में 18239 कोरबा-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी शिवनाथ एक्सप्रेस चकरभाठा स्टेशन 21:06 बजे पहुंचेगी तथा 21:08 बजे रवाना होगी।

18240 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-कोरबा शिवनाथ एक्सप्रेस चकरभाठा स्टेशन 06:39 बजे पहुंचेगी तथा 06:41 बजे रवाना होगी। 18237 कोरबा-अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस चकरभाठा स्टेशन 14:34 बजे पहुंचेगी तथा 14:36 बजे रवाना होगी। 18238 अमृतसर-बिलासपुर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस चकरभाठा स्टेशन 10:19 बजे पहुंचेगी तथा 10:21 बजे रवाना होगी। 30 एवं 31 दिसम्बर 2025 को गाड़ी संख्या 13288 आरा-दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस चकरभाठा स्टेशन 18:02 बजे पहुंचेगी तथा 18:04 बजे रवाना होगी। 13287 दुर्ग-आरा साउथ बिहार एक्सप्रेस चकरभाठा स्टेशन 09:14 बजे पहुंचेगी तथा 09:16 बजे रवाना होगी।

इसी तरह 18517 कोरबा-विशाखापटनम लिंक एक्सप्रेस चकरभाठा स्टेशन 18:27 बजे पहुंचेगी तथा 18:29 बजे रवाना होगी। 18518 विशाखापटनम-कोरबा लिंक एक्सप्रेस चकरभाठा स्टेशन 08:43 बजे पहुंचेगी तथा 08:45 बजे रवाना होगी। 12855 बिलासपुर-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी इंटरसिटी एक्सप्रेस चकरभाठा स्टेशन 15:36 बजे पहुंचेगी तथा 15:38 बजे रवाना होगी। 12856 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-बिलासपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस चकरभाठा स्टेशन 14:00 बजे पहुंचेगी तथा 14:02 बजे रवाना होगी। 12853 दुर्ग-भोपाल अमरकंटक एक्सप्रेस चकरभाठा स्टेशन 20.40 बजे पहुंचेगी तथा 20.42 बजे रवाना होगी। 12854 भोपाल-दुर्ग अमरकंटक एक्सप्रेस चकरभाठा स्टेशन 05.25 बजे पहुंचेगी तथा 05.27 बजे रवाना होगी।

KPL कवर्धा प्रीमियर लीग विजय शर्मा के मार्गदर्शन में गांव-गांव की प्रतिभा को मिल रहा मंच, हजारों पहुंचे

कप अनावरण के साथ सुपर नॉकआउट दौर की भव्य शुरुआत

कवर्धा/नवप्रदेश। नगर के स्थानीय करपात्री मैदान में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित KPL – कवर्धा प्रीमियर लीग रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे चरण की गुरुवार, 25 दिसंबर को रात्रि 7 बजे कप अनावरण समारोह के साथ भव्य शुरुआत हुई।

इस आयोजन का मूल उद्देश्य गांव-गांव और पंचायत-पंचायत से छिपी खेल प्रतिभाओं को मंच देना, युवाओं को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाना तथा जिले में खेल संस्कृति को सशक्त करना है। इसी उद्देश्य के साथ भाजपा संगठन के अंतर्गत बने 7 मंडलों

में इस टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जिसमें पंचायत स्तर से लगभग 325 टीमों ने भाग लिया। प्रथम चरण के लीग मुकाबलों के बाद अब 28 चयनित टीमें सुपर नॉकआउट दौर में प्रतिस्पर्धा कर रही हैं, जिनसे आगे सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे।

दूसरे चरण की शुरुआत विजेता टीम के लिए कप अनावरण के साथ की गई। इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ. सियाराम साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रामकुमार भट्ट, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष अनिल सिंह ठाकुर, भाजपा उपाध्यक्ष नितेश अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, रामकिंकर वर्मा ,जिला भाजपा महामंत्री संतोष पटेल ,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ठाकुर रघुराज सिंह ,सुरेश दुबे ,युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनीराम साहू, शहर मंडल अध्यक्ष श्रीमती सतविंदर पाहुजा ,ग्रामीण मंडल अध्यक्ष वीर सिंग पटेल खिलेश्वर साहू ,रवि राजपूत,विजय पटेल ,श्रीकांत उपाध्याय ,अजय कुमार ठाकुर ,नितेश छाबड़ा ,दीपक चंद्रवंशी ,दुर्गेश अवस्थी ,योगेश चंद्रवंशी ,डोनेश ठाकुर ,दीपक सिन्हा ,सुनील साहू सहित जनप्रतिनिधिगण , पार्टी पदाधिकारी, चक्क के मंडल प्रभारीगण एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

यूरिया प्लांट की स्थापना से कृषि व औद्योगिक विकास को मिलेगी नई गति : राजा माखीजा

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिले के लिए यह अत्यंत गौरव और प्रसन्नता का विषय है कि घुमका क्षेत्र के समीप बिजेतला में 10,500 करोड़ रुपये की लागत से यूरिया प्लांट की स्थापना का मार्ग प्रशस्त हुआ है। यह ऐतिहासिक उपलब्धि विधानसभा अध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता डॉ. रमन सिंह के सतत प्रयासों, दूरदर्शी सोच और प्रदेश के संतुलित विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रत्यक्ष परिणाम है।

भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक राजा माखीजा ने इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए डॉ. रमन सिंह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह परियोजना केवल एक औद्योगिक निवेश नहीं बल्कि किसानों, व्यापारियों और

आम नागरिकों के भविष्य को सशक्त करने वाली दूरगामी पहल है। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर यूरिया उत्पादन प्रारंभ होने से किसानों को वर्षों से चली आ रही खाद की किल्लत से स्थायी राहत मिलेगी तथा खेती की लागत में भी कमी आएगी। श्री माखीजा ने कहा कि गेल जैसी प्रतिष्ठित सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी द्वारा किया जा रहा यह निवेश राजनांदगांव, खैरागढ़ और दुर्ग अंचल के लिए विकास का नया अध्याय लिखेगा। इससे न केवल कृषि क्षेत्र मजबूत होगा, बल्कि परिवहन, भंडारण, व्यापार और सेवा क्षेत्र से जुड़े हजारों लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। उन्होंने आगे कहा कि डॉ. रमन सिंह का नेतृत्व सदैव विकास, उद्योग और किसान हितों को केंद्र में रखकर कार्य करने वाला रहा है। उनके मार्गदर्शन में राजनांदगांव जिला आज औद्योगिक एवं कृषि विकास के नए केंद्र के रूप में उभर रहा है, जिससे पूरे छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। अंत में राजा माखीजा ने कहा कि भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ की ओर से इस ऐतिहासिक परियोजना के लिए डॉ. रमन सिंह को हार्दिक बधाई एवं धन्यवाद ज्ञापित किया जाता है।

अधजली लाश मर्डर मिस्ट्री सुलझी, बहन के प्रेम संबंध से नाराज भाई ने रची हत्या की साजिश

■ दोस्त के साथ मिलकर रची साजिश

■ मोबाइल की कॉल हिस्ट्री ने खोले राज

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के विधानसभा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम छपोरा में हुई 'अंधे कत्ल' की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। प्रेम संबंध के संदेह में एक युवक की हत्या कर साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से शव को जलाने की कोशिश करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में विधानसभा थाने का एक शातिर हिस्ट्रीशीटर भी शामिल है।

गोठान के पास मिला था अधजला शव

मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने बताया कि 23 दिसंबर को ग्राम छपोरा स्थित गोठान के पास एक अज्ञात पुरुष का अधजला शव मिला था। मृतक के सिर पर गंभीर चोट के निशान थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि सिर पर ठोस वस्तु से प्रहार किए जाने के कारण युवक की मौत हुई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट और विधानसभा पुलिस की संयुक्त टीम ने जांच शुरू की।

शिनाख्त और मुखबिर से मिला सुराग

पुलिस ने बारीकी से जांच करते हुए मृतक की पहचान ललित कुमार धीवर (22 वर्ष) निवासी ग्राम कुर्रा (खरोरा) के रूप में की। जांच के दौरान पुलिस ने छपोरा गांव में तीन दिनों तक डेरा डाला और सीसीटीवी फुटेज खंगाले। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि ललित को अंतिम बार गांव के हिस्ट्रीशीटर अजीत कुमार लहरे उर्फ हरजीत और उसके साथी अर्जुन ध्रुव के साथ देखा गया था।

हत्या की वजह: बहन से प्रेम संबंध का शक

पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी अर्जुन ध्रुव को शक था कि उसकी बहन का ललित के साथ प्रेम संबंध है। अर्जुन ने ललित को अपनी बहन के साथ मोटरसाइकिल पर जाते हुए भी देखा था, जिससे वह रंजिश रखने लगा। उसने ललित को रास्ते से हटाने के लिए अपने साथी हिस्ट्रीशीटर अजीत कुमार लहरे के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची।

शराब पिलाने के बाद वारदात को दिया अंजाम

21 दिसंबर को आरोपियों ने योजना के तहत ललित को अपने साथ शराब पिलाने ले गए। शराब पीने के बाद तीनों गोठान के पास पहुंचे, जहां प्रेम संबंध की बात को लेकर विवाद हुआ। इसी दौरान आरोपियों ने लोहे की स्टिक और लकड़ी के बत्ते से ललित के सिर पर ताबड़तोड़ वार कर उसे मौत के घाट उतार दिया। पहचान छिपाने के लिए उन्होंने शव पर पैरा (पुआल) डालकर आग लगा दी। वारदात के बाद आरोपियों ने मृतक की मोटरसाइकिल तालाब में फेंक दी और मोबाइल भी कहीं दूर फेंक दिया।

आरोपियों का आपराधिक रिकॉर्ड

पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर मृतक की मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन और हत्या में प्रयुक्त लोहे की स्टिक व लकड़ी का बत्ता बरामद कर लिया है।

- *आरोपी अजीत कुमार लहरे: विधानसभा थाने का हिस्ट्रीशीटर है, जिसके खिलाफ मारपीट और अन्य गंभीर धाराओं में आधा दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं।*
- *आरोपी अर्जुन ध्रुव: उम्र 19 वर्ष, निवासी छपोरा।*

पुलिस ने दोनों के खिलाफ बीएनएस की धारा 103(1) के तहत मामला दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया है। इस पूरी कार्यवाही में विधानसभा थाना प्रभारी शिवेंद्र सिंह राजपूत और एसीसीयू प्रभारी सचिन सिंह सहित पूरी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

अपने-अपने राम... संगीतमय रामकथा 29 को, डॉ. कुमार विश्वास होंगे कथावाचक

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी में अपने-अपने राम संगीतमय रामकथा का आयोजन किया गया है। यह आयोजन 29 दिसंबर को एयरपोर्ट के सामने स्थित जैनम मानस भवन में शाम 5 बजे से शुरू होगा। अपने-अपने राम संगीतमय रामकथा में कथावाचक देश के संगीतमय सुप्रसिद्ध कवि डॉ. कुमार विश्वास होंगे। रामकथा प्रेमियों को सुप्रसिद्ध कवि के श्रीमुख से श्रवण करने का अवसर मिलेगा। अपने-अपने रामकथा राम का आयोजन मनोज प्रजापति सेवा मित्र समूह रायपुर के द्वारा किया जा रहा है।

राजकुमार कॉलेज से 13 साल बाद वसूला 1.65 करोड़ का प्रॉपर्टी टैक्स

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के प्रतिष्ठित राजकुमार कॉलेज (आरकेसी) से नगर निगम ने 13 साल का बकाया प्रॉपर्टी टैक्स वसूल किया है। जांच में सामने आया कि कॉलेज प्रबंधन ने वर्ष 2012-13 से 2025-26 तक संपत्तिकर जमा नहीं किया था, जिससे बकाया बढ़कर करीब 1 करोड़ 65 लाख रुपए हो गया। नामचीन प्रॉपर्टीज का रिकॉर्ड खंगालने के दौरान यह खुलासा हुआ। जानकारी मिलने पर निगम आयुक्त आईएएस विश्वदीप ने तत्काल वसूली के निर्देश दिए। इसके बाद जोन-5 की टीम ने कॉलेज से पूरी बकाया राशि का चेक वसूल लिया। कार्रवाई के बाद अब अन्य बड़ी संपत्तियों की भी गहन जांच शुरू कर दी गई है।

डीकेएस में न्यूरो, गैस्ट्रो समेत 16 पदों पर भर्ती के लिए 2 को इंटरव्यू

रायपुर/नवप्रदेश। दाऊ कल्याण सिंह स्नातकोत्तर संस्थान एवं अनुसंधान केंद्र (डी. के.एस.) में विभिन्न पदों पर संविदा नियुक्ति दी जाएगी। वॉक इन इंटरव्यू के जरिए जूनियर रेसीडेंट, सीनियर रेसीडेंट और सहायक प्राध्यापक के पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके लिए 2 जनवरी को अधीक्षक कार्यालय में 12.30 बजे इंटरव्यू होगा। संविदा भर्ती में सरकार द्वारा जारी आरक्षण नियम लागू होंगे। विस्तृत जानकारी डी. के. एस. पोस्ट ग्रेजुएट एवं रिसर्च सेंटर के वेबसाइट 222.स्रद्मह्यश्चद्दद्य.द्बठ्ठ पर उपलब्ध है। ये भर्ती एंडोक्राइनोलॉजी, एनेस्थिसिया, मेडिसीन, न्यूरोलॉजी, गैस्ट्रोसर्जरी, बर्न एंड प्लास्टिक सर्जरी विभाग, गैस्ट्रो सर्जरी, नेफ्रोलॉजी, न्यूरोलॉजी विभाग, यूरोलॉजी, न्यूरो सर्जरी क्रिटिकल केयर, इमरजेंसी समेत अन्य विभाग के लिए होनी है।

पीपला फाउंडेशन ने नया रायपुर में किया कंबल वितरण

आरंग/नवप्रदेश। शुक्रवार को स्वयंसेवी सामाजिक संगठन पीपला वेलफेयर फाउंडेशन ने नया रायपुर स्थित कालोनी के सुरक्षा कर्मियों व अन्य जरूरत मंदों को कंबल वितरण किया। फाउंडेशन के सदस्य राजकुमार सोनी नया रायपुर स्थित कालोनी के सुरक्षा में तैनात सुरक्षा कर्मियों को ठंड से राहत पहुंचाने ऊनीवस्त्र भेंटकर फाउंडेशन के अभियान को आगे बढ़ाया। वही फाऊंडेशन के संयोजक महेन्द्र कुमार पटेल ने बताया भारी ठंड को देखते हुए फाउंडेशन द्वारा वस्त्रदान अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत् नगर सहित ग्रामीण अंचलों में भी बुजुर्गो व जरुरत मंदों को गरम कपड़े प्रदान किया जा रहा है।इस अभियान को आगे भी जारी रखने की योजना है।

काव्य गोष्ठी: कवि-कवित्रियों ने बांधा समा

रायपुर/नवप्रदेश। नव छत्तीसगढ़ साहित्य सांस्कृतिक, संस्थान द्वारा काव्य गोष्ठी का आयोजन साहित्य सदन चौबे कॉलोनी रायपुर मे संस्था के संस्थापक अध्यक्ष संजीव ठाकुर की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें अनेक कवियों/कवयित्रियों ने अपनी सहभागिता रखी। इस अवसर पर संस्था के सचिव शशांक खरे, महिला प्रकोष्ठ की सचिव सुमन शर्मा वाजपेई, युवा कवि अभिषेक शर्मा, सरयू कांत झा स्मृति संस्थान के सचिव शारदेंदु झा,अनिता शरद झा, धार्मिक आलेख लिखने वाली लेखिका श्रीमती भावना ठाकुर, खेल के लेखक ऐश्वर्या राज ठाकुर एवं राजश्री झा नें अपनी अपनी रचनाएं सुनाई।

कलिंगा यूनिवर्सिटी के छात्र की मौत मामले में 3 विदेशी छात्र गिरफ्तार

■ मारपीट के डर से छत से कूदा था युवक

रायपुर/नवप्रदेश। नवा रायपुर के सेक्टर 16 में कलिंगा यूनिवर्सिटी के एक विदेशी छात्र की बिल्डिंग से गिरकर हुई मौत के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्यवाही की है। मंदिर हसौद पुलिस ने इस मामले में गैर-इरादतन हत्या का मामला दर्ज करते हुए यूनिवर्सिटी के ही तीन अन्य विदेशी छात्रों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने नोउई कुर माजाक (23 वर्ष), सबरी पालीनो उर्फ टोनी (22 वर्ष), मोहम्मद खलफल्ला ओमर हसन (22 वर्ष) को अरेस्ट किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक घटना 22 दिसंबर 2025 की शाम करीब 7:10 बजे की है। मृतक छात्र सैमपुर जुदे नवा रायपुर सेक्टर 16 स्थित ईडब्ल्यूएस बिल्डिंग के पास अपने एक साथी से बात कर रहा था। इसी दौरान कलिंगा यूनिवर्सिटी में ही पढ़ने वाले तीन छात्र- नोउई कुर माजाक, सबरी पालीनो उर्फ टोनी और मोहम्मद खलफल्ला ओमर हसन वहां पहुंचे। आरोपियों ने सैमपुर पर आरोप लगाया कि उसने नोउई कुर माजाक की महिला मित्र के साथ बदतमीजी की है। इसी बात को लेकर उनके बीच विवाद शुरू हो गया और तीनों आरोपी मृतक के साथ मारपीट करने की कोशिश करने लगे।

मंदिर हसौद पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए साक्ष्यों के आधार पर तीनों विदेशी छात्रों को हिरासत में लिया। पूछताछ में उन्होंने विवाद और पीछा करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध बी.एन.एस. की धारा 105 और 3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

जान बचाने छत की ओर भागा था मृतक

पुलिस जांच के अनुसार, मारपीट से बुरी तरह डरा हुआ सैमपुर जुदे अपनी जान बचाने के लिए बिल्डिंग की सीढ़ियों से छत की ओर भागा। तीनों आरोपी भी उसके पीछे-पीछे छत तक पहुंच गए। पीछा किए जाने और मारपीट के डर से घबराकर सैमपुर ने छत से नीचे छलांग लगा दी। कंक्रीट की सड़क पर गिरने के कारण उसके सिर, मुंह और हाथ में गंभीर चोटें आईं। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

प्रधानमंत्री आवास योजना: 31 दिसंबर तक आवास पूर्ण न होने पर रुकेगी सरकारी मदद

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत निर्माणाधीन मकानों को लेकर राज्य सरकार ने सख्त रुख अपनाया है। नगरीय प्रशासन विभाग ने स्पष्ट कर दिया है कि 31 दिसंबर के बाद अपूर्ण आवासों के लिए केंद्र और राज्य सरकार की ओर से कोई भी वित्तीय सहायता (फंड) जारी नहीं की जाएगी। ऐसे में जिन मकानों का काम अधूरा रह जाएगा, उन्हें नगरीय निकायों को अपने स्वयं के संसाधनों से पूरा करना होगा।

मिशन अवधि समाप्त होने से पहले 'डेडलाइन' तय

नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा नगर पालिक निगम आयुक्तों और सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को जारी आदेश के अनुसार, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की मिशन अवधि दिसंबर 2025 में समाप्त हो रही है। इस समय सीमा को देखते हुए विभाग ने निर्देश दिए हैं कि जो आवास अभी तक शुरू नहीं हुए हैं, उनके लिए अब कोई राशि जारी न की जाए। नए आवासों की स्वीकृति अब नहीं होगी, क्योंकि दिसंबर 2025 तक इन्हें पूर्ण करना संभव नहीं है।

31 दिसंबर के बाद नहीं मिलेगा फंड

परिपत्र में साफ कहा गया है कि यदि नगर निगम या नगरपालिकाएं प्रगतिरत आवासों का निर्माण 31 दिसंबर तक पूर्ण कर उनका 'क्लेम' प्रस्तुत करती हैं, तभी संबंधित राशि जारी की जाएगी। इस तारीख के बाद अपूर्ण आवासों के लिए शासन से कोई पैसा नहीं मिलेगा।

राशन वितरण में गड़बड़ी, दो दुकानों का संचालन खत्म, एक पर जुर्माना

रायपुर/नवप्रदेश। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशन वितरण में गड़बड़ी के मामले में 2 उचित मूल्य दुकानों का संचालन समाप्त कर दिया गया है। वहीं, एक उचित मूल्य दुकान पर सात हजार रुपए का अर्थदंड लगाया गया है।

रायपुर जिले के खाद्य नियंत्रक ने आईडी क्रमांक 441001314 मां भगवती खाद्य सुरक्षा पोषण व उपभोक्ता सहकारी समिति बैरन बाजार तथा आईडी क्रमांक 441001256 श्री जय शीतला काली खाद्य सुरक्षा पोषण व उपभोक्ता सेवा सहकारी समिति बढ़ईपारा से दुकान संचालन का अधिकार समाप्त कर उन्हें अन्य उचित मूल्य दुकानों में संलग्न किया गया है। इसके अलावा आईडी क्रमांक 441001148 दूधाधारी महिला प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भंडार महामाया मंदिर वार्ड क्रमांक-62 को अनियमितता पाए जाने पर 7000 रुपए का अर्थदंड अधिरोपित कर कड़ी चेतावनी दी गई है। अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत वर्तमान में ई-पॉस मशीन के माध्यम से आधार आधारित प्रमाणीकरण कर राशनकार्डधारियों को खाद्यान्न का वितरण किया जा रहा है। हितग्राही अपना राशन प्राप्त करने के लिए बायोमेट्रिक सत्यापन कर सामग्री का उठाव करते हैं, जिससे पारदर्शिता व जवाबदेही सुनिश्चित होती है। इस व्यवस्था के माध्यम से वास्तविक पात्रों तक ही खाद्यान्न की आपूर्ति पहुंचाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। खाद्य संचालनालय द्वारा उचित मूल्य दुकानों की नियमित मॉनिटरिंग के लिए अधिकारियों की टीम गठित की गई है। इन टीमों द्वारा विभिन्न उचित मूल्य दुकानों का निरीक्षण व जांच कार्य किया गया।

राशन वितरण में लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं

खाद्य सचिव रीना बाबासाहेब कंगाले ने कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत राज्य की किसी भी उचित मूल्य दुकान में खाद्यान्न वितरण में अनियमितता पाए जाने पर छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश, 2016 के प्रावधानों के तहत कड़ी कार्रवाई की जाती है। राज्य सरकार पारदर्शी, जवाबदेह व लाभार्थी केंद्रित खाद्यान्न वितरण प्रणाली के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। शासन की मंशा पीडीएस में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता को बर्दाश्त न करने की है।

हृदय रोग विशेषज्ञों ने सैचुरेटेड फैट और पाम ऑयल परवैज्ञानिक पुनर्विचार की मांग की

रायपुर/नवप्रदेश। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के 100वें राष्ट्रीय सम्मेलन में देश के जाने-माने हृदय रोग विशेषज्ञों ने आहार वसा (डायटरी फैट्स) और हृदय स्वास्थ्य के पारस्परिक संबंधों पर विज्ञान-आधारित दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता जताई। विशेषज्ञों ने इस बात पर बल दिया कि बदलते वैज्ञानिक शोध के परिप्रेक्ष्य में पुरानी धारणाओं का पुनर्मूल्यांकन अनिवार्य है। IMA NATCON के इस शताब्दी सत्र में देशभर के हजारों चिकित्सकों और शोधकर्ताओं ने सहभागिता की, जिससे सार्वजनिक स्वास्थ्य की दिशा निर्धारित करने वाले एक प्रमुख मंच के रूप में इसकी भूमिका फिर से मजबूत हुई है।

इस सम्मेलन में डॉ. वरुण बंसलऔरडॉ. केतन मेहताके विशेषज्ञ सत्रों ने उन विषयों पर चिकित्सकीय स्पष्टता प्रदान की, जिन्हें लेकर अक्सवर भ्रांतियाँ बनी रहती हैं। वैश्विक शोध और क्लिनिकल साक्ष्यों के आधार पर इन सत्रों में आहार वसा, पाम ऑयल और हृदय संबंधी रोगों (कार्डियोमेटाबॉलिक) के उपचारों का गहन विश्लेषण किया गया।

एथेरोस्क्लेरोसिस, सैचुरेटेड फैट और पाम ऑयल: क्या वास्तव में इनका परस्पर संबंध है? विषय पर अपनी प्रस्तुति में डॉ. बंसल ने उन उनमान्यताओं पर प्रश्न उठाएजो सैचुरेटेड फैट को सीधे तौर पर हृदय रोगों काकारकमानती थीं। बहु-देशीय अध्ययनों का संदर्भ देते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी सैचुरेटेड फैट पोषण की दृष्टि से एक समान नहीं होते। हृदय रोगों का जोखिम केवल किसी एक तत्व पर नहीं, बल्कि व्यक्ति की आहार पद्धति, जीवनशैली और कुल कैलोरी सेवन पर निर्भर करता है।

सावधानी किसी भी अनजान लिंक या एप को डाउनलोड न करें, ऑनलाइन भुगतान करने से पहले वेबसाइट का पूरा पता जांचें

फर्जी ई-चालान लिंक से रहें दूर, क्लोन वेबसाइट के जरिए हो रही ठगी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में आरटीओ ई चालान के नाम पर साइबर ठगी के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। साइबर अपराधी परिवहन विभाग की आधिकारिक वेबसाइट की हूबहू नकल (क्लोन वेबसाइट) बनाकर आम नागरिकों को ट्रैफिक नियम उल्लंघन का डर दिखा रहे हैं। ऐसे फर्जी संदेशों और लिंक के जरिए लोगों की निजी जानकारी और बैंक खातों से पैसे उड़ाए जा रहे हैं। इसे लेकर परिवहन एवं यातायात विभाग ने नागरिकों से सतर्क रहने की अपील की है।

परिवहन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, पिछले छह महीनों के भीतर प्रदेशभर में ऐसे 300 से अधिक ठगी के मामले सामने आए हैं। शातिर ठग आमतौर पर मोबाइल पर संदेश भेजकर ई-चालान लंबित होने की जानकारी देते हैं। इन संदेशों में दिए गए लिंक पर क्लिक करते ही यूजर की व्यक्तिगत जानकारी, ओटीपी और बैंक डिटेल चोरी कर ली जाती हैं। कई मामलों में लोगों से एपीके फाइल डाउनलोड करने को भी कहा जा रहा है, जो पूरी तरह फर्जी होती है।

ऐसे करें असली ई-चालान की जांच

परिवहन विभाग के अनुसार अपने वास्तविक चालान की जानकारी के लिए नागरिक https:// echallan. parivahan.gov.in पर जाएं। वेबसाइट के ई-चालान सेक्शन में पे आनलाइन विकल्प पर क्लिक कर चालान नंबर और कैप्चा कोड दर्ज करें। इसके बाद मोबाइल पर प्राप्त ओटीपी डालने पर चालान से संबंधित पूरी जानकारी मिल जाएगी। सतर्क रहें और केवल सुरक्षित माध्यम से ही लेनदेन पूरा करें।

फर्जी ई-चालान लिंक से रहें दूर, क्लोन वेबसाइट से कर रहे ठगबाज कर रहे ठगी

फर्जी काल और मैसेज से रहें सतर्क अतिरिक्त परिवहन आयुक्त डी. रविशंकर ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी अजनबी लिंक के माध्यम से आनलाइन भुगतान न करें और बैंक खाते से जुड़े लेन-देन में पूरी सावधानी बरतें।

किसी भी प्रकार का फर्जी कॉल, संदेश, लिंक या एप मिलने पर तुरंत अपने नजदीकी पुलिस थाने या साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराएं। जागरूकता ही साइबर ठगी से बचाव का सबसे बड़ा हथियार है। सावधानी बरतकर ही ऐसे अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण लगाया जा सकता है।

केवल आधिकारिक वेबसाइट से करें भुगतान

वास्तविक ई-चालान की जानकारी और भुगतान के लिए नागरिक केवल परिवहन विभाग की आधिकारिक वेबसाट echallan. parivahan. gov.in का ही उपयोग करें। वेबसाइट पर जाकर पे ऑनलाइन विकल्प पर क्लिक करना होगा। इसके बाद चालान नंबर और कैप्चा कोड भरकर गेट डिटेल पर क्लिक करें। फिर पंजीकृत मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी दर्ज करने के बाद चालान से जुड़ी पूरी जानकारी देखी जा सकती है और सुरक्षित तरीके से भुगतान किया जा सकता है।

परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि यातायात पुलिस या परिवहन विभाग द्वारा किया गया प्रत्येक ई-चालान केवल इसी आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से दर्ज होता है और उसकी सूचना पंजीकृत मोबाइल नंबर पर ही भेजी जाती है। किसी निजी मोबाइल नंबर, अनजान लिंक या व्हाट्सएप संदेश के जरिए भेजी गई सूचना पर भरोसा न करें।

पतंग दुकानों का औचक निरीक्षण प्रतिबंधित चाइनीज मांझा जप्त

रायपुर/नवप्रदेश। जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह, नगर निगम आयुक्त विश्वदीप एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उम्मेद सिंह के निर्देशानुसार रायपुर नगर पालिक निगम जोन 4 और पर्यावरण विभाग द्वारा संयुक्त रूप से पतंग दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। यह कार्रवाई सदर बाजार, बूढ़ातालाब एवं गोलबाजार क्षेत्र में की गई।

नगर निगम जोन 4 जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव के मार्गदर्शन में उपअभियंता हिमांशु चंद्राकर एवं संबंधित कर्मचारियों की उपस्थिति में कुल 4 पतंग दुकानों की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान 3 दुकानों से कुल साढ़े चार किलो प्रतिबंधित चाइनीज मांझा बरामद होने पर उसे तत्काल जप्त कर लिया गया। जानकारी के अनुसार, सिटी पतंग भंडार बूढ़ातालाब से 2 किलो, मोती पतंग भंडार बूढ़ातालाब से 1 किलो तथा संजय पतंग भंडार सदर बाजार से डेढ़ किलो प्रतिबंधित चाइनीज मांझा मिला। इसके अलावा गोलबाजार स्थित संगम काइट सेंटर का भी निरीक्षण किया गया, जहां फायरमैन ग्रेड-2 जितेंद्र यादव, अनिल मांडगे एवं सुपरवाइजर सुनील क्षत्री की उपस्थिति में जांच की गई।

समय के कैनवास पर नई इबारत: केवल तारीख न बदलें, नजरिया बदलें...

दिसंबर की गुनगुनी धूप और साल की आखिरी शामों के बीच जब हम पीछे मुड़कर देखते हैं, तो यादों का एक लंबा कारवां नजर आता है। 31 दिसंबर की आधी रात को जब घड़ी की सुइयां एक साथ मिलेंगी, तो वे सिर्फएक दिन का अंत नहीं, बल्कि एक नए युग, 'साल 2026' का आगाज करेंगी। अखबार के पन्नों से लेकर सोशल मीडिया के वॉल तक, हर जगह 'हैप्पी न्यू ईयर' की गूंज होगी। लेकिन सवाल यह है कि क्या कैलेंडर बदलने के साथ हम खुद को बदलने के लिए तैयार हैं?

उत्सव की चमक और संकल्पों का शोर

"वक्त वही है, बस देखने का अंदाज नया चाहिए, मंजिल वही है, बस चलने का एक नया जुनून चाहिए।"

नए साल का स्वागत हम अक्सर आतिशबाजी और शोर-शराबे के साथ करते हैं। बाजारों में रौनक है, होटलों में पार्टियां हैं और हर कोई नए संकल्पों (Resolutions) की लिस्ट बना रहा है। कोई वजन घटाना चाहता है, तो कोई नई नौकरी की तलाश में है। लेकिन मनोवैज्ञानिक कहते हैं कि 80 प्रतिशत संकल्प जनवरी खत्म होने से पहले ही दम तोड़ देते हैं। इसका कारण है–हमारा खुद पर जरूरत से ज्यादा दबाव डालना। इस बार संकल्पों का पहाड़ खड़ा करने के बजाय 'सहजता' को अपनाना ज्यादा बेहतर होगा।

अनुभव की पूंजी और नई उम्मीदें

बीता साल हर किसी के लिए एक जैसा नहीं रहा होगा। किसी ने सफलता के शिखर छुए होंगे, तो किसी ने अपनों को खोया होगा या असफलता का स्वाद चखा होगा। लेकिन नया साल एक 'कोरे कागज' की तरह होता है। आपकी कलम (मेहनत) और आपकी स्याही (दृढ़ निश्चय) तय करेगी कि आप इस पर क्या लिखते हैं।

डिजिटल युग में 'सार्थक' मौन की जरूरत

2025 तक आते-आते हम तकनीकी रूप से इतने जुड़ गए कि खुद से ही दूर हो गए। फीचर पेज के इस स्तंभ के जरिए एक विचार यह भी है कि क्या 2026 में हम 'डिजिटल डिटॉक्स' को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना पाएंगे? सूचनाओं के इस विस्फोट में हम अपनी रचनात्मकता खो रहे हैं। इस नए साल में अपनी सुबह की शुरुआत नोटिफिकेशन चेक करने के बजाय, उगते सूरज को देखने या अपनों के साथ चाय की चुस्की लेते हुए बिना फोन के करें।

कहानी — देहरी

महेन्द्र तिवारी

रात का तीसरा पहर, जब समय खुद भी ठिठक कर खड़ा हो जाता है। न रात पूरी तरह अपनी पकड़ छोड़ती है, न सुबह भरोसे के साथ दस्तक देती है। अंधेरे और उजाले के बीच का यह अंतराल अक्सर सबसे भारी होता है।

उस रात सन्नाटा अस्वाभाविक रूप से घना लग रहा था। सीसीटीवी कैमरों की लाल बत्तियाँ टिमटिमा रही थीं, जैसे किसी अनकहे भय की पहरेदारी कर रही हों। पेड़ों की पत्तियाँ हवा में हिलतीं तो लगता, कोई दबे पाँव गलियारे में घूम रहा है। तभी उस सन्नाटे को चीरती हुई एक आवाज़ सुनाई दी। ठक... ठक..ठक।

यह आवाज़ किसी साधारण दस्तक जैसी नहीं थी। इसमें एक अजीब सी बेचैनी थी, एक आदिम भय की गूँज थी। फ्लैट नंबर 402 में कल्याणी की नींद झटके से खुली। उनकी नज़र दीवार पर टंगी पेंडुलम घड़ी पर गई, तीन बजकर बारह मिनट हो रहे थे। उन्होंने मन ही मन बुदबुदाया, इस वक़्त कौन हो सकता है ? एयरकंडीशनर की स्थिर घरघराहट के बीच भी कल्याणी को अपनी धड़कनें साफ़सुनाई दे रही थीं। उन्होंने पास सो रहे अपने पति, समीर को देखा। समीर गहरी नींद में थे। शुगर और हाई बीपी की भारी डोज़ वाली दवाइयाँ उन्हें होश की दुनिया से मीलों दूर ले गई थीं।

कल्याणी दबे पाँव उठीं और मुख्य दरवाज़े के डिजिटल सेंसर स्क्रीन की ओर बढ़ीं। स्क्रीन पर जो चेहरा उभरा, उसने कल्याणी के माथे पर पसीने की बूंदें ला दीं। वह मानवी थी। बगल वाले फ्लैट की वह लड़की, जिसे 'आकाशगंगा हाइट्स' के लोग अक्सर संदेह और तिरस्कार की नज़रों से देखते थे। मानवी एक स्वतंत्र पत्रकार थी, जो अक्सर देर रात घर लौटती थी और जिसके घर 'अजीब' लोगों का आना-जाना लगा रहता था।

कल्याणी ने दरवाज़े की सुरक्षा जंजीर चढ़ाई और पल्ला थोड़ा सा खोला। फ़इतनी रात को क्या हुआ मानवी? कल्याणी की आवाज़ में रूखापन और डर का मिला-जुला पुट था।

आंटीज मेरी माँज मानवी की आवाज़ काँप रही थी, आँखें आंसुओं से धुंधली थीं। उन्हें दिल का दौरा पड़ा है। वे नीला पड़ रही हैं। एम्बुलेंस को कॉल किया है, पर वे कह रहे हैं कि जी-20 समिट के रूटडायवर्जन की वजह से उन्हें पहुँचने में चालीस मिनट लगेंगे। प्लीज़ज़ अंकल से कहिए गाड़ी निकाल दें। सिर्फहॉस्पिटल तक? कल्याणी के मन में एक युद्ध छिड़ गया। एक ओर मरती हुई पड़ोसन थी ओर दूसरी उनकी अपनी असुरक्षाएँ। उन्होंने समीर की ओर देखा, जो शायद उठने की स्थिति में नहीं थे। लेकिन उससे बड़ा सच यह था कि कल्याणी को उस 'रात' से डर लगता था। उन्हें डर था कि अगर रास्ते में कुछ अनहोनी हो गई तो? अगर पुलिस केस हो गया तो?

देखो बेटा, कल्याणी ने ठंडे स्वर में कहा, समीर की तबीयत खुद बहुत खराब है। और ड्राइवर गाँव गया है। इस वक्त बाहर निकलना खतरे से खाली नहीं है। तुम सिक्योरिटी को क्यों नहीं बुलातीं?

आंटी, सिक्योरिटी के पास गाड़ियाँ नहीं हैं। वे सिर्फगेट तक छोड़ सकते हैं। माँ के पास समय नहीं है! मानवी लगभग चिल्लाई।

सॉरी बेटा, हम मजबूर हैं। कल्याणी ने बड़ी निर्दयता से दरवाज़ा बंद कर लिया। कुंडी चढ़ने की आवाज़ मानवी के कानों में किसी गोली की तरह लगी।

भीतर कल्याणी को अपनी आत्मा पर एक बोझ महसूस हुआ, पर उन्होंने खुद को सांत्वना दी, दुनिया बहुत खराब है, अपनी सुरक्षा पहले देखनी पड़ती है।

मानवी खाली हाथ वापस अपने फ्लैट में दौड़ी। उसकी माँ, सुजाता, सोफे पर ढह गई थीं। उनका शरीर ठंडा पड़ रहा था। मानवी ने उनका हाथ अपने हाथ में लिया। उसे याद आया कि कैसे पिछले साल ही उनके पिता की मृत्यु हुई थी और अब उसकी पूरी दुनिया एक पतले धागे से लटकी थी।

मम्मी, हिम्मत मत हारना। मैं हूँ न।

मानवी बाहर निकली। लिफ्ट खराब थी। वह छह मंजिलें सीढ़ियों से नीचे उतरी। नीचे पार्किंग में सन्नाटा पसरा हुआ था। हर महंगी कार अपने मालिक के अहंकार की तरह ढकी हुई पड़ी थी। उसने गार्ड्स के केबिन की ओर दौड़ लगाई, पर वहाँ कोई नहीं था। शायद वे राउंड पर थे।

वह टाउनशिप के पिछले गेट की ओर भागी, जहाँ कंस्ट्रक्शन का काम चल रहा था। वहाँ धूल, कंक्रीट और अंधेरे के बीच एक पुरानी झुग्गी थी। वहाँ 'मुरारी' काका रहते थे। मुरारी, वही शख्स जिसे 'आकाशगंगा हाइट्स' की रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन ने 'सुरक्षा के लिए खतरा' घोषित कर रखा था। वह दिन में मज़दूरी करता और रात में कूड़ा उठाने वालों की टोली को संभालता था। कल्याणी और समीर ने ही पिछले हफ्ते की मीटिंग में उसे वहाँ से हटवाने के लिए सुझाव दिए थे।

व्यंग्य रचना – चोरी: अर्थव्यवस्था की धुरी

डॉ. किशोर अग्रवाल

यह शीर्षक अनोखा लग सकता है पर यही मुकम्मल सच है । आसपास के लोगों की हैसियत पर यदि नजर डालें तो पायेंगे कि जो चोर है ,वही काबिल है ।चोर है वही सुखी भी । ईमानदार व मेहनती टके के बारह मिलते हैं । किसी मेहनती व ईमानदार को राजनेता या धन्ना सेठ बने देखा है कभी ? कोई गरीब मास्टर या पुजारी ही ढूंढने पर ऐसा ईमानदार मिल सकेगा ।

शिक्षा देने वाले कह तो देते हैं कि कामयाबी का राज मेहनत और ईमानदारी में है। करते रहो मेहनत और बने रहो ईमानदार पर आप अपनी मेहनत को बस ओढ़ लो और बिछा लो। ईमानदारी की पुंगी बनाकर खोंच लो । जब चौतरफा ही चोरों का बोलबाला हो तो वहां ईमानदारी की दुकान कहीं सजती है भला? बता दो किसी बड़े कामयाब परिवार का पता जो अपनी बिटिया किसी ईमानदार आईएएस को देना चाहे । ईमानदार आईएएस बंदोबस्त अधिकारी , चकबंदी अफसर ,या फिर पटवारी प्रशिक्षण शाला का मुखिया हो जाता है ।

कलेक्ट्री करने के लिए थोड़ी बहुत चोरी ना सही हेरा फेरी तो आनी जरूरी है । मदिरा दुकानों के नीलामी , भू अर्जन की जनसुनवाई और कंपनियों के सीएसआर से अपना हिस्सा निकालने का हुनर तो आना ही चाहिए। नहीं तो काहे का आईएएस और काहे की कलेक्ट्री। सबसे अच्छी चोरी वह होती है जो ईमानदारी के लबादे में लिपटी हो , इसका बड़ा शाकाहारी लाभ समाज को मिलता रहता है। धर्मादा ट्रस्ट बनाकर अफरा- तफरी से कमाई गई दौलत पर नाग बनकर बैठ जाओ । नाम ट्रस्ट का , मिलकियत अपनी । फिर दूसरों की काली कमाई दान में लेकर लौटा दो । अगले को टैक्स में मिली छूट में से हिस्सा ले लो । ट्रस्ट चैरिटी करता रहे ,ट्रस्टी मौज करते रहें । अर्थतंत्र

इस तरह मजबूत होता है। चोरों की वजह से ही लॉकर हैं , गल्ला है , वॉल्ट है, तिजोरी है, अलमारी है और उन पर ताले हैं । इनके बनाने वाले बाजार मजबूत हैं और प्रॉडक्ट भी। ताले लगे दिखते हैं पर तालों की दोहरी चाबियां हैं जो लेनदेन की चोरी से भीतर ही भीतर खुल जाते हैं । बाहर का ताला लगा रहता है पर उनके यूं खुलने में ही धंधा है । अर्थ तंत्र है । चोरों की वजह से ग्रिल है, किवाड़ हैं, बुर्ज है और परकोटे हैं। इन्हे बनाने वालों को भी धंधा मिलता है चोरी से खोलने वालों को भी धंधा मिलता है। चोर है तो पुलिस है ,घूस है ,हथकड़ी है, वकील है, जज है, जमानत है , जमानत में पैसा है , इससे घर चलता है , सबको धंधा मिलता है । फिर जेल है ,जेलर है ,संत्री है ,सेटिंग है । सेटिंग से सुविधा है । जेल में फोन है , जेल से रंगदारी है , धंधे वाले ज्यादा कमाते हैं और रंगदारी देते हैं , लागत में रंगदारी जोड़ते हैं । बाजार में ज्यादा पैसा आता है अर्थतंत्र तेजी से चलता है । कोई कहता है वोटो की चोरी हो रही है कहीं सीटों की चोरी है । मेडिकल कॉलेज में भर्ती के लिए देखी है ना यह चोरी? राजनेताओं के खेल से योग्य लोगों के अवसरों की चोरी हो रही है। एक राज्य में तो पीएससी के अध्यक्ष ने सारे पद अपने घर के लोगों से ही भर लिए पर रुपए का खूब लेनदेन हुआ । कहीं चारे की चोरी है तो कहीं टोंटी चोर भी निकला । एक तो अपने बंगले में दूसरा बंगला ही मिला ले गया । इसमे बहुत सा रुपया लगा । यह रुपया बहुतों के काम आया । रुपया भी मजबूत हुआ और अर्थव्यवस्था भी । देश भी चोरी करते हैं , चीन बहुत से देशों की जमीनों की चोरी में बरसों से लगा है और अपनी अर्थव्यवस्था मजबूत कर रहा है। बढ़िया व्यापार कर रहे अमेरिका के व्यापारियों के मुनाफे पर सेंध लगाने पर उतारू ट्रंप का दांव उल्टा पड़ गया । उनका अर्थतंत्र लड़खड़ा गया। वेतन व शुद्ध लाभों से कहीं देश चलता है भला । सिर्फवेतन वाला घर नहीं बना सकता , बच्चों को पढ़ा नहीं सकता, महत्वपूर्ण पदों के वेतन कम रखे गए हैं । वे अपना हिस्सा जनता की सुविधा में से चुराते हैं और जनता के लिए चोरी का रास्ता खोल देते हैं । अपाहिजों का क्या कार चलाने का मन नहीं होता? आरटीओ एजेंट इनकी इच्छा पूरी कर देता है । इनको भी ड्राइविंग लाइसेंस बनवाकर दे देता है । बदले में जरा ज्यादा पैसा ले लेता है। सरकार खुद शराब बेचती है उसके कारिन्दे उसमें अल्कोहल कम , पानी ज्यादा मिला कर बची शराब चुरा ले जाते हैं जिससे उनके भी घर चलते हैं और पियक्कड़ों की सेहत भी खराब होने से बच जाती है । नशाबंदी कर दो तो पड़ोस के राज्य वाले चोरों की बन आती है। सरकार सारे टैक्स ले रही हैं । सरकार आयकर पटाने के बाद बची मात्र साठ प्रतिशत रकम पर पचीस तरह के टैक्स लेती है। इतने टैक्स देने वालों के क्षेम व सुरक्षा की जिम्मेदारी सरकार की होती है पर वह देती है घटिया स्कूल ,घटिया अस्पताल ,गड्ढों से भरी सड़कें और आंखमिचौली करती बिजली । एक-एक टैक्सपेयर पर दस दस निकम्मों का बोझ डालकर और ढेर सारी कागजी फॉर्मेलिटी सौंप कर उनका सुख-चैन व सुकून चुरा ले जाती है । अपनी जिम्मेदारी से जी चुराती सरकार का खजाना बढ़ता ही जाता है और अर्थव्यवस्था दिनों दिन मजबूत होती जाती है क्योंकि इससे लोग प्राइवेट स्कूलों व अस्पतालों की तरफ भागते हैं , जनरेटर लगाते हैं जिससे धंधा बढता है। तो अगर हम चोरी को अर्थव्यवस्था की धुरी कह रहे हैं तो क्या गलत कह रहे हैं ।

भारतीय शास्त्रीय नृत्य का कमाल, रोबोट्स सीख रहे इंसानों की तरह हाथ चलाना

भारतीय संस्कृति कितनी अनोखी है यह हर कोई जानता है लेकिन इसका इस्तेमाल रोबोट्स को इंसानों की तरह हाथों का इस्तेमाल सिखाने में भी होगा, ऐसा शायद ही किसी ने सोचा होगा। दरअसल स्ब्रष्ट के वैज्ञानिकों ने भरतनाट्यम पर एक रिसर्च के बाद रोबोट्स को इंसानों की तरह हाथ चलाना सिखाने के लिए एक ट्रेनिंग पैटर्न तैयार किया है। बातचीत करते हुए हाथ हिलाना हमारी बॉडी लैंग्वेज का हिस्सा है। हाथों से भी हम भावनाएं व्यक्त करते हैं। कभी तो ये किसी बात पर जोर देने के काम में आते हैं, तो कभी-कभी पूरी भाषा ही बन जाते हैं, जैसे कि साइन लैंग्वेज। गौर से देखें तो एक हाथ में 20 से ज्यादा जोड़ होते हैं और हमारा दिमाग ज्यादा समय लिए बिना इन्हें तेजी से चलाता है। मैरीलैंड विश्वविद्यालय, बाल्टीमोर काउंटी के वैज्ञानिक इसके पीछे के रहस्य को समझने के लिए रिसर्च की है। इसमें पता चला है कि भारतीय शास्त्रीय नृत्य भरतनाट्यम में किए जाने वाले हाथ के इशारे यानी कि मुद्राएं रोबोट्स को उनके हाथों का इस्तेमाल करना बेहतर तरीके से सिखा सकती हैं।

इनकी तुलना रोजमर्रा के कामों में इस्तेमाल होने वाली मूवमेंट्स से की गई तो सामने आया कि इन मुद्राओं में ज्यादा तरह की बेसिक मूवमेंट्स का ही इस्तेमाल होता है। इस वजह से इनके जरिए रोबोट्स के दिमाग के लिए एक अच्छा ट्रेनिंग पैटर्न तैयार किया जा सकता है।

दिमाग नहीं करता हर उंगली को कंट्रोल



अपनी रिसर्च में वैज्ञानिकों ने पाया कि दिमाग हर उंगली को अलग-अलग तरह से कंट्रोल नहीं करता। वह इन्हें कुछ ग्रुप मूवमेंट्स बनाकर कंट्रोल करता है और वैज्ञानिक भाषा में इसे साइनर्जी कहा जाता है। जैसे कि कुछ अक्षर मिलकर एक भाषा बनाते हैं वैसे ही कुछ साइनर्जी मिलकल कई तरह के हाथों के इशारे बनाती हैं।

अमूर बाज ने भरी 6100 किमी की सीधी उड़ान

दुनिया के सबसे छोटे और बहादुर प्रवासी पक्षियों में से एक अमूर बाज ने फिर कमाल कर दिखाया है. मणिपुर से सैटेलाइट टैग किए गए तीन अमूर बाद – अपापांग, अलांग और अहू – ने भारत से दक्षिणी अफ्रीका तक हजारों किलोमीटर की रिकॉर्ड तोड़ उड़ान पूरी की है। ये छोटे पक्षी पांच-छह दिनों में 5000 से 6100 किमी तक उड़कर जिम्बाब्वे, केन्या और सोमालिया पहुंच गए।

अपापांग की अद्भुत उड़ान

नारंगी टैग वाली अपापांग ने सबसे शानदार प्रदर्शन किया. उसने नवंबर में सिर्फ छह दिनों में 6100 किमी की सीधी उड़ान भरी. भारत से शुरू होकर अरब सागर और हॉर्न ऑफ अफ्रीका को पार करते हुए वह केन्या पहुंचा। अब क्रिसमस के समय वह जिम्बाब्वे के हरारे शहर के ऊपर उड़ रहा है. यह छोटे रैप्टर (शिकारी पक्षी) की सबसे लंबी बिना रुके उड़ानों में से एक है।

अलांग और अहू के अलग रास्ते

पीले टैग वाला सबसे छोटा पक्षी अलांग ने भी 5600 किमी की यात्रा की. वह तेलंगाना और महाराष्ट्र में थोड़ा रुककर फिर केन्या पहुंचा।

लाल टैग वाली अहू ने बांग्लादेश में रुकावट ली, फिर अरब सागर पार करके 5100 किमी उड़कर सोमालिया पहुंचा।

पहले नागालैंड में इन पक्षियों का शिकार होता था, लेकिन अब जागरूकता और संरक्षण से स्थिति बेहतर हुई है। मणिपुर और नागालैंड इनके महत्वपूर्ण ठहराव स्थल हैं।

संरक्षण के लिए क्यों महत्वपूर्ण

अमूर फाल्कन को लंबी दूरी का छोटा यात्री कहा जाता है। इनकी यह उड़ान बताती है कि दुनिया के पर्यावरण कितने जुड़े हुए हैं. भारत से अफ्रीका तक का रास्ता कई देशों से गुजरता है, इसलिए इनकी सुरक्षा के लिए सभी देशों को मिलकर काम करना होगा।

आज का इतिहास

पं. देवव्रत शर्मा

मेषः आज के दिन आपके साथ किसी अन्य के भरोसे रहने के कारण धोखा हो सकता है। आवश्यक कार्यो में ही लापरवाही करने से हानि होगी।

वृषः आज का दिन उतार चढ़ाव वाला रहेगा। स्वभाव में थोड़ा क्रोध रह सकता है फिर भी दैनिक कार्यो में इसका असर नहीं पड़ेगा। आज आप यथार्थ पर कम अमल करेंगे।

मिथुनः आज का दिन आपके लिये सफलता दायक रहेगा। नौकरी अथवा व्यवसाय में आशा के अनुकूल कार्य होने से अन्य लोगो से बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

कर्कः आज का दिन बीते कुछ समय से बेहतर रहेगा। स्वास्थ्य अनुकूल बने रहने से कार्यो के प्रति अधिक गंभीर रहेंगे। प्रातः काल से ही अधूरे पड़े कार्यो को पूर्ण करने में जुट जाएंगे।

सिंहः स्वास्थ्य सम्बंधित विषयो को छोड़ आज का दिन सामान्य रहेगा। शारीरिक रूप से शिथिल रहने के कारण कार्य व्यवसाय में मन कम ही लगेगा फिर भी मध्यान के आस-पास आकस्मिक धन आगम होने से खुशी मिलेगी।

कन्याः आज का दिन कार्य व्यवसाय के लिए उत्तम रहेगा फिर भी उधारी के व्यवहार यथा संभव ना ही करे अन्यथा धन निश्चित रूप से फंसेगा।

तुलाः आज परिस्थितियां बदलने से दिनचर्या में भाग-दौड़ लगी रहेगी। पूर्वनियोजित कार्यक्रमो में भी बदलाव करना पड़ सकता है। अधिक क्रोध एवं व्यवहार का तीखापन बनते कार्य बिगाड़ सकता है सतर्क रहें।

वृश्चिकः आज के दिन आपके मस्तिष्क में विचारो की भरमार रहेगी स्वभाव में भी पल पल में परिवर्तन आएगा जिस कारण अन्य व्यक्ति आपके बारे में गलत धारणा रख सकते है। प्रतिस्पर्धी भी आपको हानि पहुचाने का प्रयास करेंगे।

धनुः आज के दिन भी आपकी इच्छाओ के विपरीत कार्य होने से निराश रहेंगे। घर एवं कार्य क्षेत्र के अंदरूनी मामलो को लेकर दुविधा में फंस सकते है। भागीदारी अथवा कमीशन के कार्यो में अचानक रूकावट आने से धन फंसेगा।

मकरः आपका आज का दिन सामान्य रहेगा। प्रातः काल के समय किसी प्रियजन से विवाद होने के कारण दिन भर की क्रियाएं अस्त-व्यस्त रहेंगी। मानसिक रूप से भी अशान्त रहेंगे।

कुंभः आज के दिन आप धैर्य धारण करेंगे। संतोषी वृति रहने के कारण भाग-दौड़ से दूर रहेंगे। आपके विचार उच्च कोटि के रहेंगे परन्तु स्वयं के ऊपर इन्हें लागू करने में असमर्थ होंगे।

मीनः *आपका आज का दिन भी शुभफलदायक रहेगा। सेहत उत्तम बनी रहेगी। कार्यो को पूर्ण निष्ठा से करेंगे थोडी बहुत लापरवाही भी कर सकते है फिर भी लाभ के अवसर हाथ से नहीं निकलने देंगे।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) भारत का सबसे छोटा हवाई अड्डा का नाम क्या है?

2) 1858 में किस शहर को 1 दिन के लिए भारत की राजधानी बनाया गया था?

3) प्राचीन भारतीय ग्रंथ पंचसिद्धांतिका किसके 5 सिद्धांतों से संबंधित है?

4) 2025 में पुरुष और महिला दोनों श्रेणियों में खो खो विश्व कप किस देश ने जीता?

5) पोस्टोजन्या गुफा, जो हाल ही में खबरों में थी, किस देश में स्थित है?



उत्तरमाला- (1) अगत्ती हवाई अड्डा, लक्षद्वीप (2) इलाहाबाद (3) वराहमिहिर (4) भारत (5) स्लोवेनिया

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -271

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 270 का हल

न्यूज गैलरी

पं.धीरेंद्र शास्त्री की कथा में 9 संदिग्ध महिलाएं पकड़ाई

भिलाई। जयंती स्टेडियम में पं. धीरेंद्र शास्त्री महाराज की कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में देश के अलग-अलग राज्यों से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। ऐसे में पुलिस सुरक्षा इंतजाम में काफी कड़ी व्यवस्था रखी हुई है। चोरी, लूट और चैन स्नेचिंग की घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस पूरे पंडाल में जांच अभियान चला रही है। इस चेकिंग में अन्य राज्यों के 9 संदिग्ध महिलाओं को हिरासत में लिया गया है। भिलाई के जयंती स्टेडियम में 25 से 29 दिसंबर तक श्री हनुमंत कथा का आयोजन किया गया है। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति को ध्यान में रखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना भिलाई नगर पुलिस ने पंडाल के अंदर, आसपास लगातार पेट्रोलिंग और चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। चेकिंग के दौरान कुछ बाहरी राज्यों के संदिग्ध व्यक्ति बिना किसी पास और पहचान पत्र के पाए गए।

यौन उत्पीड़न के आरोप में आरक्षक बर्खास्त

भिलाई। पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने आरक्षक अरविंद कुमार मेंढे (35 साल) को बर्खास्त कर दिया है। पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र में पिछले दिनों पीड़ित महिला ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि आरक्षक ने उसके साथ गंदी हरकत की थी। आरक्षक अरविंद ने जेल में बंद बेटे को बाहर निकालने में मदद करने के लिये शारीरिक संबंध बनाने का दबाव डाला है। महिला ने पुलिस को बताया कि उसका बेटा पॉक्सो मामले में जेल में बंद है। 18 नवंबर को आरक्षक ने बेटे को बाहर निकालने में मदद करने के नाम पर शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाया। महिला ने बयान में बताया कि आरक्षक से जब उसने कहा कि यह सब नहीं कर सकती तो आरक्षक ने प्राइवेट पार्ट चेक किया। इस मामले की जांच के बाद पुलिस अधीक्षक ने आरक्षक को बर्खास्त कर दिया।

उरला दो दिवसीय मानस प्रतियोगिता शुरू

कुम्हारी। दो दिवसीय सस्वर मानस गान प्रतियोगिता का आयोजन 27 दिसंबर से किया जा रहा है। संस्कृति मंच स्कूल प्रांगण उरला में आयोजित किया जा रहा है। प्रतियोगिता में अंचल के ख्याति प्राप्त मानस मंडलियां प्रस्तुति दे रही हैं। प्रथम दिवस शनिवार को 6 मंडली शामिल हुई। रविवार को 6 मानस गान मंडली अपनी प्रस्तुति देंगी। प्रतियोगिता में प्रतिभागी मंडली प्रभु श्री राम के चरित्र का गुणगान करेंगे। यह जानकारी सरस्वती मानस मंडली अध्यक्ष चंद्रशेखर साहू और शारदा महिला मानस मंडली के अध्यक्ष चित्ररेखा मानिकपुरी ने दी।

हमारी कार को मत घूरो, कहते हुए छात्र की कर दी पिटाई

भिलाई। पं. धीरेंद्र शास्त्री की कथा सुनकर लौट रहे 11 वीं के छात्र और उसके भाई के साथ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। 26 दिसंबर की शाम अग्रसेन चौक के पास दोनों के साथ मारपीट की घटना हुई। छात्र ने बताया कि ऑडी कार में सवार लोगों ने ये कहते हुए पीटा कि 'हमारी कार को मत घूरो'। पीड़ित छात्र शंकर नगर दुर्ग निवासी है। उसने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 26 दिसंबर की शाम को अपने भाई रुद्र प्रताप सिंह चौहान, बुआ भारती सिंह चौहान और दादी कमला सिंह परिहार के साथ जयंती स्टेडियम में बागेश्वर सरकार की कथा सुनने गया था। कथा समाप्त होने के बाद सभी लोग अपने-अपने स्कूटी से लौट रहे थे।

राष्ट्र व समाज के नवनिर्माण में आदिवासी नायकों और महापुरूषों का योगदान अनुपम व अद्वितीय: मुख्यमंत्री

गोकुल नगर में हल्बा-हल्बी समाज द्वारा आयोजित सामाजिक मिलन एवं शक्ति दिवस समारोह में सीएम शामिल हुए

- **शहीद गैंद सिंह नायक को बताया स्वाधीनता आंदोलन का प्रथम शहीद**
- **नवनिर्मित कार्यालय भवन का किया लोकार्पण, कार्यक्रम स्थल में समाज के युवा-युवतियों को आवासीय कोचिंग सुविधा प्रदान करने 50 लाख रुपए**

दुर्ग/नवप्रदेश। गोकुल नगर पुलगांव में हल्बा-हल्बी समाज द्वारा आयोजित सामाजिक मिलन एवं शक्ति दिवस समारोह में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि स्वाधीनता आंदोलन के साथ-साथ राष्ट्र व समाज के नवनिर्माण में आदिवासी नायकों एवं महापुरूषों का अनुपम और अद्वितीय योगदान है। उन्होंने कहा कि हल्बा, हल्बी एवं आदिवासी समाज सहित संपूर्ण भारतवर्ष के गौरव शहीद गैंद सिंह नायक ने हमारे देश में आजादी के आंदोलन का सर्वप्रथम शंखनाद किया था। साय ने कहा कि देश में स्वाधीनता आंदोलन की शुरूआत 1857 से मानी जाती है। लेकिन उससे पूर्व आदिवासी जननायकों को और वीर सपूतों ने देश में स्वाधीनता के आंदोलन का बिगुल फूंक दिया था। मुख्यमंत्री साय आज जिला मुख्यालय दुर्ग के गोकुल नगर स्थित हल्बा शक्ति स्थल में अखिल भारतीय हल्बा-हल्बी समाज द्वारा आयोजित 35 वें मिलन समारोह और शक्ति दिवस पर्व के अवसर पर अपने उद्गार व्यक्त कर रहे थे।

समारोह में सांसद विजय बघेल, छत्तीसगढ़ प्रदेश राज्य अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग उपाध्यक्ष ललित चन्द्राकर, महापौर अलका बाघमार, पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, अखिल भारतीय हल्बा-हल्बी समाज के प्रदेश अध्यक्ष मंथीर राम खलेन्द्र, महासभा अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र महला, केन्द्रीय अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष आरएस नायक, जिला

अध्यक्ष आईआर देहारी सहित अन्य अतिथि व समाज प्रमुखगण उपस्थित थे।

कार्यक्रम स्थल में मुख्यमंत्री ने समाज की अधिष्ठात्री देवी माता दन्तेश्वरी की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कार्यक्रम स्थल में हल्बा-हल्बी समाज के नवनिर्मित कार्यालय का फीता काट कर लोकार्पण भी किया। साय ने शक्ति स्थल में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हल्बा समाज के युवा-युवतियों को आवासीय कोचिंग सुविधा प्रदान करने हेतु 50 लाख रुपए और पुलगांव दुर्ग स्थित कंवर समाज के सामाजिक भवन में बाउण्ड्रीवॉल निर्माण हेतु 25 लाख की राशि प्रदान करने की घोषणा भी की। इस अवसर पर उन्होंने हल्बा-हल्बी समाज के सामाजिक पत्रिका समाज का भी विमोचन किया।

समारोह में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने माता दन्तेश्वरी, शीतला माता और अमर शहीर गैंद सिंह नायक को नमन करते हुए सभी स्वजातीय जनों को शक्ति दिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी। माता दन्तेश्वरी से हल्बा-हल्बी समाज चहुमुँखी विकास और प्रगति की मंगल कामना की। उन्होंने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह, शहीद गैंद सिंह नायक सहित जनजाति नायकों व देशभक्तों ने अंग्रेजों के खिलाफ कुल 14 क्रांतियों का शंखनाद किया।

साय ने कहा कि राज्य के आदिवासियों तथा नक्सल प्रभावित क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 31 मार्च तक नक्सलवाद को समाप्त करने का संकल्प लिया है। राज्य के साथ साथ पूरे देश में नक्सलवाद अपने अंतिम सांस गिन रहा है। अब तक राज्य के कुल 400 गांव नक्सलवाद से मुक्त हो चुके है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नक्सल प्रभावित बस्तर संभाग के सभी सात जिलों में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पानी आदि बुनियादी सुविधाओं को सुनिश्चित करने सवा लाख करोड़ रुपए की राशि प्रदान करने की घोषणा की है।

दुर्ग लोकसभा क्षेत्र सांसद विजय बघेल और पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। गागड़ा ने गोकुल नगर स्थित हल्बा शक्ति स्थल को व्यापारिक व शैक्षणिक संस्थान के रूप में विकसित करने हेतु मुख्यमंत्री साय व अतिथियों से सहयोग की भी मांग की। हल्बा-हल्बी समाज के प्रदेश अध्यक्ष मंथीर राम खलेन्द्र व बालोद महासभा के अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र महला ने समाज की प्रमुख मांगों की ओर समाज का ध्यान आकृष्ट कराया। मुख्यमंत्री एवं अतिथियों द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वालों समाज सेवकों और परिजनों का सम्मान भी किया गया। समारोह में संभागायुक्त एसएन राठौर, आईजी आरजी गर्ग, कलेक्टर अभिजीत सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल सहित समाज प्रमुखों के अलावा बड़ी संख्या में हल्बा-हल्बी समाज के लोग उपस्थित थे।

कार में बैठकर सिंथेटिक हेरोइन का सेवन, कार समेत 9 लाख की संपत्ति जब्त

नशा करने वाले 2 नाबालिग समेत 6 आरोपी गिरफ्तार

भिलाई/नवप्रदेश। जिले के पुरानी भिलाई पुलिस ने सिरसा भाठा मेहंदी बाड़ी के पास खाली मैदान में कार में बैठकर सिंथेटिक हेरोइन (चिट्टा) का सेवन कर रहे 6 आरोपियों को पकड़ा है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से हेरोइन, कैश, मोबाइल और एक हुंडई वर्ना कार सहित करीब 9.45 लाख रुपए की संपत्ति जब्त की है। पुरानी भिलाई थाने के सउनि लखन लाल साहू ने बताया कि सिरसा भाठा मेहंदी बाड़ी के बाजू खाली मैदान में एक सफेद रंग की हुंडई वर्ना कार (क्रमांक सीजी 04 एल डब्ल्यू 6629) में कुछ संदिग्ध व्यक्ति सिंथेटिक हेरोइन का सेवन कर रहे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए रोजनामचा में दर्ज किया गया और गवाहों व स्टाफ के साथ तत्काल कार्रवाई की गई। पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर घेराबंदी

कर कार को रोका। कार के भीतर धुआं भरा हुआ था। पूछताछ में कार में बैठे व्यक्तियों ने अपने नाम दिशांत अग्रवाल (20), रवेल सिंह (35), रोहित गुप्ता (21), ओमकार सिंह (23) और दो नाबालिग को हिरासत में लिया गया। सभी आरोपी दुर्ग जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों के निवासी हैं। गवाहों की मौजूदगी में विधिवत तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से अलग-अलग मात्रा में हेरोइन चिट्टा बरामद किया गया। दिशांत अग्रवाल से 2.10 मिलीग्राम, रवेल सिंह से 6.50 मिलीग्राम, रोहित गुप्ता से 0.58 मिलीग्राम, ओमकार सिंह से 0.51 मिलीग्राम, एक नाबालिग से 0.53 मिलीग्राम और दूसरे नाबालिग से 0.48 मिलीग्राम हेरोइन जब्त की गई। इसके अलावा गैस लाइटर, एल्यूमीनियम फॉइल के टुकड़े, कई मोबाइल, 27,500 रुपए कैश और हुंडई वर्ना कार को भी जब्त किया गया। पुलिस ने नशे का सेवन करने वालों के पास मिले सभी चीजों को जब्त कर लिया है। इसमें जब्त मादक पदार्थ की कुल कीमत लगभग 64,400 रुपए, मोबाइल की कीमत करीब 54,000 रुपए, नगद राशि 27,500 रुपए और कार की कीमत लगभग 8 लाख रुपए आंकी गई है। कुल जुमला जब्ती करीब 9,45,900 रुपए बताई जा रही है। पूछताछ में आरोपियों रवेल सिंह और दिशांत अग्रवाल ने मेमोरंडम कथन में बताया कि उन्होंने यह मादक पदार्थ 'शेरू' नामक व्यक्ति से तेलहा नाला के पास रुपए देकर खरीदा था और स्वयं सेवन के साथ बिक्री भी करते थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 21(क)(ख) एवं 27(क) के तहत कार्रवाई की है।

राज्य अंतर-जिला वॉलीबॉल चैंपियनशिप में शामिल हुए विस अध्यक्ष डॉ. सिंह

- **खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया**

भिलाई/नवप्रदेश। वॉलीबॉल एसोसिएशन, एस.सी. एवं सी.ए., भिलाई इस्पात संयंत्र के संयुक्त तत्वावधान में स्वर्गीय बीरा सिंह की स्मृति में 20वीं सीनियर छत्तीसगढ़ राज्य अंतर-जिला वॉलीबॉल चौंपियनशिप का आयोजन वॉलीबॉल कॉम्पलेक्स पंत स्टेडियम, सेक्टर-1 भिलाई में किया गया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जिसमें प्रदेशभर से पुरुष एवं महिला वर्ग की कुल 48 टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता में महिला वर्ग की 17 तथा पुरुष वर्ग की 31 टीमें शामिल हैं। डॉ. सिंह ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि भिलाई की पावन धरा पर आयोजित यह प्रतियोगिता खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी मेहनत और प्रतिभा के बल पर प्रदेश और देश का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 8 खिलाड़ियों को सम्मानित किया। जिनमें महेन्द्र ध्रुव, अब्दुल्ला, पीहू यादव, दीपेश सिन्हा, कोमल मौर्या, संतोष कुमार, रेखा पदम और विनोद नायर शामिल हैं। वहीं वॉलीबॉल खेल में विशेष योगदान देने वाले 6 वरिष्ठजनों कौशल प्रसाद नायक, एसएन नेमा, टीकम दास अंडानी, शंकर लाल यादव, नईमुद्दीप हन्फी एवं राजेश्वर सिंह को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ स्टेट वॉलीबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष महेश गागड़ा, उपाध्यक्ष अकरम खान, सचिव हेमप्रकाश नायक, एसोसिएट सचिव विनोद नायर सहित अनेक पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

नेहरू आर्ट गैलरी में 29 से 31 तक समकालीन कला प्रदर्शनी

भिलाई/नवप्रदेश। इस्पात संयंत्र के जनसंपर्क विभाग द्वारा संचालित इंदिरा प्लेस सिविक सेंटर स्थित नेहरू आर्ट गैलरी में छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक परंपराओं से प्रेरित आधुनिक सृजन को समर्पित समकालीन कला प्रदर्शनी हन्था का आयोजन किया जा रहा है। तीन दिवसीय प्रदर्शनी समकालीन कलाकारों की सृजनात्मक अभिव्यक्ति, लोक संस्कृति और आधुनिक कला के समन्वय को सशक्त रूप से दर्शाएगी। प्रदर्शनी का उद्घाटन 29 दिसंबर को संध्याकाल 5:30 बजे किया जाएगा। प्रदर्शनी में चित्रकला, स्केच मिश्रित माध्यम, मिक्स्ड मीडिया सहित विभिन्न विधाओं में रचित कलाकृतियों का प्रदर्शन किया जाएगा, जिनमें छत्तीसगढ़ की लोक कला, प्रकृति, जनजीवन और समकालीन विषयों की कलात्मक अभिव्यक्ति देखने मिलेगी।

तीन दिवसीय प्रदर्शनी 29 से 31 दिसंबर तक प्रतिदिन सांय 5.30 बजे से रात्रि 8.30 बजे तक खुली रहेगी। कला प्रदर्शनी में अनिल खोबरागड़े, अंकिता जेना, योगेश नेताम, शांति तिर्की, अभिजीत बागानी, दियांशु देवांगन, डॉ तरूणा माथुर, जीके निर्मलकर, जयश्री भगवानानी, निकिता साहू, राधिका चौहान, राजिंदर सिंह, रवि यादव और वंदना परगनिहा द्वारा निर्मित कृतियों को प्रदर्शित किया जाएगा।

अटल स्मृति उद्यान में मनाई जयंती, किया पौधों का वितरण

भिलाई/नवप्रदेश। अटल स्मृति उद्यान समिति के तत्वाधान में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101 वीं जनशताब्दी हर्षोल्लास, श्रद्धा और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजय बघेल सांसद रहे। कार्यक्रम में राम खिलावन साहू, संजय बघेल, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, बंटी गुप्ता, शारदा गुप्ता, राजा ठाकुर, भानु प्रताप सिंह, सुधीर बंसल, शुभम शर्मा, एन धनराज, जालंधर सिंह, भोजराज सिन्हा, पार्षद अशोक गुप्ता सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अटल स्मृति उद्यान समिति के संयोजक प्रदीप सेनगुप्ता, संरक्षक डॉ. अर्चना सेनगुप्ता, अध्यक्ष सुभाष सिंह उपाध्याय, विनोद बावनकसे, राजेश सिंह व समिति सदस्य शामिल हुए। सांसद विजय बघेल सहित सभी अतिथियों ने अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। पर्यावरण संरक्षण की भावना को साकार करते हुए सैकड़ों पौधों का वितरण किया गया। सांसद बघेल ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी देश के महान, दूरदर्शी और बहुआयामी व्यक्तित्व थे। उनके जन्मदिवस के पावन अवसर पर सभी ने मिलकर अटल स्मृति उद्यान को संवारने का कार्य किया है। जिन बेटियों ने छोटी उम्र में इस उद्यान से जुड़कर सेवा कार्य किया था, आज वे बड़ी होकर भी उसी भावनात्मक आस्था के साथ इस स्थल से जुड़ी हुई हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में अटल स्मृति उद्यान का स्वरूप और अधिक भव्य, सुव्यवस्थित व आकर्षक होगा।

भाजपा मंडल ने मनाई अटल जयंती

कुम्हारी। भाजपा कुम्हारी मंडल द्वारा अटल परिसर में पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म दिवस मनाया गया। वाजपेयी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए मीना वर्मा अध्यक्ष नगरपालिका परिषद कुम्हारी, भाजपा नेता राकेश पाण्डेय, रामाधार शर्मा, वार्ड 10 के पार्षद हरीदास वैष्णव, पीएन दुबे, सांसद प्रतिनिधि राजू निषाद और कार्यक्रम संयोजक गोल्डी गोस्वामी ने सारगर्भित तरीके से वाजपेयी की जीवनी पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री दीपक चतुर्वेदी ने किया। आभार प्रदर्शन मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिन्हा ने किया।

हेमचंद विवि अंतर महाविद्यालयीन क्रिकेट प्रतियोगिता में गर्ल्स कॉलेज विजेता

दुर्ग/नवप्रदेश। हेमचंद यादव विवि अंतर महाविद्यालयीन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन कॉन्फ्लुएन्स महाविद्यालय, राजनादगांव द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में 8 टीमों ने हिस्सा लिया। कन्या महाविद्यालय का पहला मैच शासकीय महाविद्यालय कवर्धा के साथ हुआ, जिसमें कवर्धा महाविद्यालय मात्र 39 रन बना कर ऑलआउट हो गई। गर्ल्स कॉलेज की रागीता लाकरा ने मात्र 5 रन 6 विकेट लिये। मानस्वी निर्मलकर ने 10 रन देकर 3 विकेट, चंचल यादव ने 1 विकेट लिया। महाविद्यालय की टीम ने बिना कोई विकेट खोए 3 ओवर में 39 रन बनाए। मानसी मौर्या ने

शानदार बल्लेबाजी करते हुए 2 छक्के और 4 चौके जड़े। मैन ऑफ द मैच रंगीता लाकरा रहीं। गर्ल्स कॉलेज की टीम ने सेमीफाइनल में कमला देवी महाविद्यालय राजनांदगाव को हरा कर फाइनल में जगह बनाई। कमला देवी महाविद्यालय की टीम ने 11 ओवर में मात्र 31 रन बनाए। मानश्री मौर्या और मानसी सिंह ठाकुर ने 2 ओवर में रनों का लक्ष्य पूरा कर लिया। मैन आफ द मैच मनस्वी निर्मलकर रही। उन्होंने 2 रन देकर 4 विकेट लिये। फाइनल मैच में शासकीय विज्ञान महाविद्यालय, दुर्ग को परास्त कर गर्ल्स कॉलेज की टीम ने पिछले 15 साल के जीत का रिकार्ड बनाये रखा। 15 ओवर में गर्ल्स कॉलेज की टीम ने 2 विकेट खोकर 162 रन बनाए। विज्ञान महाविद्यालय की टीम मात्र 50 रन पर ऑलआऊट हो गई। कन्या महाविद्यालय की टीम 100 रनों से विजयी हुई। महाविद्यालय की कप्तान मानसी मौर्या की शानदार बल्लेबाजी करते हुए 3 छक्के और 6 चौके जड़े। उन्हें मैन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया। गर्ल्स कॉलेज की टीम में मानश्री मौर्या (कप्तान), मानसी सिंह ठाकुर विकेट कीपर, प्रिया साव, मनस्वी निर्मलकर, रंजीता लाकरा, चंचल यादव, रिया सिंह, शिल्पा मिंज, धारिणी गौतम, गितेश्वरी, पूर्वा देवांगन, अंकिता और अंजनी। टीम मैनेजर डॉ ऋतु दुबे और कोच विमल यादव रहे। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ रंजना श्रीवास्तव ने टीम को बधाई दी।

बेहतर अनुकूलन और प्रतिदिन 37 घंटे से अधिक के दीर्घकालिक टैपिंग संचालन के माध्यम से हुआ संभव

बीएसपी के ब्लास्ट फर्नेस-8 ने सेल के बड़े ब्लास्ट फर्नेसों में रचा नया कीर्तिमान

- **बीएसपी निदेशक प्रभारी चित्तरंजन महापात्र ने केक काटकर टीम को बधाई दी**

भिलाई/नवप्रदेश। सेल-बीएसपी के ब्लास्ट फर्नेस 8 ने 26 दिसंबर को एक दिन में 10.620 टन हॉट मेटल का रिकॉर्ड उत्पादन कर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। ब्लास्ट फर्नेस 8 ने राउरकेला इस्पात संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेस 5 द्वारा स्थापित 10.517 टन के पूर्व रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। ब्लास्ट फर्नेस 8 का इससे पूर्व का सर्वश्रेष्ठ एक दिवसीय उत्पादन 25 दिसंबर को 10.020 टन दर्ज किया गया था।

इस उल्लेखनीय प्रदर्शन के साथ 3000 मीटर क्यूब से

अधिक वर्किंग वॉल्यूम श्रेणी के बड़े ब्लास्ट फर्नेसों में बीएफ8 देश का एकमात्र ऐसा ब्लास्ट फर्नेस बन गया है जिसने 3.08 टन प्रति मीटर क्यूब प्रति दिन की बेंचमार्क उत्पादकता हासिल की है। यह उपलब्धि उस स्थिति में प्राप्त की गई है जब फर्नेस अत्यंत उच्च स्लैग दर 500 किलोग्राम प्रति टन हॉट मेटल से अधिक पर परिचालित किया जा रहा था। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के उपलक्ष्य में बीएसपी के निदेशक प्रभारी चित्तरंजन महापात्र ने ब्लास्ट फर्नेस 8 का दौरा कर वहां कार्यरत टीम को प्रत्यक्ष रूप से बधाई दी। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक सामग्री प्रबंधन अजय कुमार चक्रवर्ती, कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन पवन कुमार कार्यपालक निदेशक परियोजनाएं पीके सरकार, कार्यपालक निदेशक सीएमएलओ माइन्स कमल भास्कर कार्यपालक निदेशक सीएमएलओ रावघाट अरुण कुमार और कार्यकारी कार्यपालक निदेशक संकार्य तापस दासगुप्ता सहित संयंत्र के अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

निदेशक प्रभारी चित्तरंजन महापात्र ने कहा कि यह उत्कृष्ट उपलब्धि विभिन्न विभागों और अनुभागों के सामूहिक और समन्वित प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कोक ओवन, सिंटर प्लांट, ओएचपी, आरएमडी, ऑक्सीजन प्लांट, इंस्ट्रूमेंटेशन, पीबीएस, आरसीएल, एसएमएस, टी एंड डी, आरईडी सहित सभी सहयोगी विभागों की भूमिका की सराहना करते हुए समस्त कर्मियों को इस ऐतिहासिक सफलता के लिए बधाई दी। यह सफलता ब्लास्ट फर्नेस 7 के शटडाउन के दौरान 7 प्रतिशत तक बढ़ाई गई ऑक्सीजन एनरिचमेंट लगभग 26 प्रतिशत पैलेट्स के साथ बर्डन डिस्ट्रीब्यूशन के बेहतर अनुकूलन और प्रतिदिन 37 घंटे से अधिक के दीर्घकालिक टैपिंग संचालन के माध्यम से संभव हो सकी। यह उपलब्धि ब्लास्ट फर्नेस 8 कलेक्टिव के साथ-साथ भिलाई इस्पात संयंत्र के सभी संबद्ध विभागों के उत्कृष्ट समन्वय, तकनीकी दक्षता, प्रतिबद्धता और सामूहिक प्रयासों का सशक्त प्रमाण है।

महापौर ने शहर के विकास कार्यों की समीक्षा की

दुर्ग/नवप्रदेश। महापौर अलका बाघमार की अध्यक्षता में विकास कार्यों की समीक्षा के लिए महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर क्षेत्र में चल रहे 15 वें वित्त, सड़क डामरीकरण, सड़क सीमेंटीकरण, नाली निर्माण, स्ट्रीट लाइट और पेवर ब्लाक के साथ-साथ पेयजल व्यवस्था और सौंदर्यीकरण कार्य पर चर्चा की गई। महापौर ने अधिकारियों को समयसीमा और गुणवत्ता के साथ कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। महापौर अलका बाघमार ने सौंदर्यीकरण और नागरिक सुविधाओं से जुड़े कार्यों की समीक्षा की। अधिकारियों से प्रगति रिपोर्ट लेते हुए उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी विकास कार्य तय समयसीमा में और मानक गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं। महापौर ने कहा कि विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और नियमित निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए। बैठक में लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चंद्राकर, पार्षद सुरूचि उमरे, सहायक अभियंता गिरीश दीवान, सहायक अभियंता संजय ठाकुर, राजेन्द्र धबाले, समेत अन्य अधिकारी थे।

निधन: केसी मैथ्यू

भिलाई। प्लाट नंबर 147 सड़क नंबर 22 शांति नगर भिलाई निवासी केसी मैथ्यू (66 वर्ष) का निधन 25 दिसंबर को हो गया।



वे एमजीएम स्कूल में कोरेस्पॉडेंट रह चुके है। उनका अंतिम संस्कार 28 दिसंबर रविवार को दोपहर 2 बजे क्रिश्चियन कब्रिस्तान नेहरू नगर भिलाई में किया जाएगा। वे सुजा मैथ्यू के पति, जेस्लीन मेरी मैथ्यू के पिता, शाजू वर्गीस के ससुर और जेसिका वर्गीस के नाना थे।

हिंदू सनातन मंच ने पूर्व सीएम बघेल का पुतला जलाया

कवर्धा/नवप्रदेश। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा कथावाचक व संत धीरेंद्र शास्त्री को लेकर दिए गए बयान को लेकर राजनीतिक व सामाजिक हलकों में तीखी प्रतिक्रिया रही। भूपेश बघेल ने धीरेंद्र शास्त्री की कार्यप्रणाली, उनके आयोजनों और गतिविधियों पर प्रश्न उठाते हुए उन्हें राजनीतिक एजेंडे से जोड़ने की टिप्पणी की थी। इसे लेकर हिंदू संगठनों ने रोष जताते हुए भूपेश बघेल का पुतला दहन किया। हिंदू सनातन मंच के सदस्यों पोखराज सिंह परिहार, आदित्य झा, रवि सिंह राजपूत, तुलेश्वर शर्मा, नितिन पाठक सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने न्यायालय परिसर के सामने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया। मंच के सदस्यों ने कहा कि एक संवैधानिक पद पर रह चुके व्यक्ति द्वारा इस प्रकार की भाषा और आरोप न केवल अनुचित हैं, बल्कि इससे समाज में अनावश्यक वैमनस्य फैलने की आशंका भी बनती है। हिंदू सनातन मंच का कहना है कि जो लोग हिंदू एकता और सनातन संस्कृति की बात करते हैं, वही आज कुछ नेताओं की आंखों में खटक रहे हैं। मंच के सदस्यों ने आरोप लगाया कि धार्मिक विषयों को राजनीतिक दृष्टिकोण से देखने और सार्वजनिक मंचों से संतों पर टिप्पणी करने से समाज की भावनाएं आहत होती हैं। छत्तीसगढ़ की धरती संत-महात्माओं की परंपरा से समृद्ध रही है और ऐसे में किसी भी धार्मिक व्यक्तित्व पर बिना तथ्यात्मक आधार के टिप्पणी करना निंदनीय है। मंच के पदाधिकारियों ने पूर्व मुख्यमंत्री से अपने बयान पर संयम बरतने और सार्वजनिक जीवन में मर्यादित भाषा का प्रयोग करने की अपील की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि हिंदू समाज अपने धार्मिक विश्वासों और संत परंपरा के सम्मान की रक्षा के लिए संगठित और सजग है।

दुधली में 9 जनवरी से प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी, विदेशी भी होंगे शामिल

बालोद/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय बालोद के समीपस्थ ग्राम दुधली में 9 से 13 जनवरी तक आयोजित प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी 2026 के सफल व गरिमामय आयोजन के संबंध में संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, भारत स्काउट व गाईड्स के राज्य मुख्य आयुक्त इन्द्रजीत सिंह खालसा, जिला पंचायत के सीईओ सुनील चंद्रवंशी, राज्य सचिव जितेन्द्र साहू, राज्य रोवर आयुक्त अशोक देशमुख, राज्य प्रशिक्षण आयुक्त पूनम सिंह साहू, एसडीएम डौण्डीलोहारा शिवनाथ बघेल, जिला शिक्षा अधिकारी मधुलिका तिवारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में जिले में प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी 2026 के आयोजन के लिये विभागवार तैयारियों की समीक्षा की गई। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने आयोजन से जुड़े सभी विभाग के अधिकारियों को राज्य व जिले में पहली बार आयोजित होने वाली प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी के आयोजन के लिये सभी तैयारियां सुनिश्चित करने कहा। कलेक्टर ने कहा कि आयोजन से जुड़े सभी तैयारियों के अलावा सभी व्यवस्थाएं राष्ट्रीय आयोजन के गरिमा के अनुरूप बेहतर व उत्कृष्ट होना चाहिए। बैठक में कार्यक्रम स्थल में अधोसंरचना से जुड़े सभी चीजों को पूरा करने के अलावा यातायात व्यवस्था, हेलीपेड निर्माण व सुरक्षा से जुड़े सभी व्यवस्थाओं का पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कार्यक्रम स्थल में विभिन्न विभागों को प्रदर्शनी एवं अन्य आयोजन भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में विभागवार संपूर्ण तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की।

न्यूज गैलरी

सांसद पांडेय ने निर्माणाधीन गौरवपथ निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

कवर्धा। क्षेत्रीय सांसद संतोष पांडेय ने शनिवार को कवर्धा नगर अंतर्गत राजनांदगांव बाईपास रोड से पिलारी नहर होते हुए नवीन बाजार तक 10 करोड़ 78 लाख रुपए की लागत से निर्माणाधीन गौरवपथ निर्माण कार्य की गुणवत्ता का निरीक्षण किया। सांसद पांडेय ने ठेकेदार को गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कमी न होने देने और गुणवत्तापूर्ण और तय समय में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। सांसद पांडेय ने कहा कि जनता को बेहतर आवागमन और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिये। क्षेत्र का आर्थिक विकास सुनिश्चित होना चाहिये। इस दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष पवन जायसवाल भी मौजूद थे।

तीन कृषि केंद्रों में 2300 किलो अवैध जैव उर्वरक जब्त

खैरागढ़। कृषि विभाग की टीम ने छुईखदान विकासखंड अंतर्गत गायत्री कृषि केंद्र, अन्नदाता कृषि केंद्र और कमल कृषि केंद्र का औचक निरीक्षण किया। तीनों प्रतिष्ठानों में बिना वैध पंजीयन व अनुज्ञा प्रमाण पत्र के जैविक उर्वरक का भंडारण व विक्रय के लिये संधारण किया जा रहा था। जांच में कुल 2300 किलो जैव उर्वरक बरामद किया गया। जैव उर्वरक को जप्त कर कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। कृषि विभाग ने स्पष्ट किया है कि किसानों को गुणवत्ता युक्त, प्रमाणित व मानक के अनुरूप कृषि आदान सामग्री उपलब्ध कराना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार की अनियमितता, अवैध भंडारण या नियमों के उल्लंघन की स्थिति में संबंधित विक्रय केंद्रों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई में उप संचालक कृषि राजकुमार सोलंकी, सहायक संचालक लुकमान साहू, शाखा प्रभारी लखेश्वर तिवारी और वीरेंद्र वर्मा उपस्थित रहे।

आज दुर्गा चौक लखोली में गूंजेगा हिन्दू एकता और सनातन चेतना का उद्घोष

■ **सनातन संस्कृति, सामाजिक समरसता और हिन्दू जागरण को नई दिशा देने जुटेगा सर्व हिन्दू समाज**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। सनातन संस्कृति, हिन्दू एकता और सामाजिक समरसता को सशक्त करने के उद्देश्य से लखोली बस्ती में विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन रविवार 28 दिसंबर को दुर्गा चौक लखोली में आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में नगर व आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में सनातनी भाई-बहन शामिल होंगे। सम्मेलन का मूल संदेश यह है कि सभी हिन्दू आपस में भाई हैं, कोई भी हिन्दू पतित नहीं है। हिन्दुओं की रक्षा ही संकल्प है और समानता ही हमारा मंत्र है। आयोजन समिति के अनुसार सम्मेलन हिन्दू समाज को संगठित कर सनातन संस्कृति के संरक्षण, सामाजिक एकता और सामुदायिक विकास की दिशा में सशक्त कदम सिद्ध होगा। कार्यक्रम के माध्यम से समाज में व्याप्त विभाजन को दूर कर एकता, समानता और भाईचारे का संदेश दिया जाएगा। सम्मेलन के दौरान संत-महात्माओं का आशीर्वाद मिलेगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत सेवा प्रमुख तुलसीदास मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे और हिन्दू जागरण, राष्ट्र निर्माण और सामाजिक समरसता पर अपने विचार रखेंगे। कार्यक्रम के अंतर्गत हिन्दू जागरण से जुड़े सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का समय दोपहर 12 बजे से सायं 4 बजे तक निर्धारित है। विशाल आयोजन के संयोजक के रूप में नगर की सक्रिय जनप्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। चन्द्रिका बाई साहू पार्षद वार्ड 36, रीना सिन्हा पार्षद वार्ड 31, डिलेश्वर साहू पार्षद वार्ड 35, गिरजा संतोष निर्मलकर पार्षद वार्ड 32, संतोष साहू पार्षद वार्ड 33। हिन्दू सम्मेलन आयोजन समिति लखोली बस्ती द्वारा समस्त हिन्दू समाज से सपरिवार उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने अपील की है।

खेल मैदान में हाईमास्क लाईट और जिम की मांग शीघ्र होगी पूरी : महापौर

राजनांदगांव/नवप्रदेश। वार्ड विजिट और वार्डवासियो से मुलाकात की कड़ी में महापौर मधुसूदन यादव ने आज सुबह लखोली क्षेत्र का भ्रमण किया। लखोली स्कूल मैदान में खिलाडियों से मुलाकात के दौरान महापौर को मैदान की समस्याओं की जानकारी दी गई। महापौर ने मैदान की समस्या का अतिशीघ्र निराकरण करने का आश्वासन दिया। लखोली के अलावा आसपास क्षेत्र के बच्चों को मैदान में उन्होंने खिलाडियो से कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। स्वस्थ रहने के लिए खेल भी जरूरी है। खिलाडियो ने महापौर से खेल में आ रही परेशानी से निजात दिलाने मैदान की समस्याओं से अवगत कराया। खिलाडियों ने कहा कि मैदान का समतलीकरण करने और रात में खेलने के लिए हॉईमास्क लाईट की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि मैदान में एक भवन बंद पड़ा है। भवन की मरम्मत कराकर जिम सामग्री लगाने और बाउण्ड्रीवाल की ऊंचाई बढ़ाने की मांग की गई। ताकि बस्ती के लोग कचरा न फेंक सके। महापौर यादव ने कहा कि मैदान की समस्या से क्षेत्र के पार्षद डीलेश्वर प्रसाद साहू, गिरजा संतोष निर्मलकर, संतोष साहू, रीना सिन्हा, चंद्रशेखर लश्करे ने भी ध्यान आकर्षित कराया है। इन मांगो को पूरा करने विधायक व विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से हाईमास्क लाईट व जिम सामग्री सहित अन्य कार्य कराने प्रस्ताव तैयार किया जाएगा और डॉ रमन सिंह से समस्या का निराकरण करने निवेदन किया जाएगा। शीघ्र ही सभी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। इस अवसर पर आशीष सोरी, विनोद साहू, प्रकाश यादव, कादिर खान, उमेश साहू, गौरव सोरी व मोनू साहू मौजूद थे।

पुलिस केवल सोशल मीडिया तक सीमित, काबिंग गश्त फेल : द्विवेदी

राजनांदगांव/नवप्रदेश। मुख्य मार्ग महाकाल चौक स्थित गणेश मेडिकल में लगातार दूसरी बार चोरी होना इस बात का प्रमाण है कि शहर में कानून-व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव निखिल द्विवेदी ने आरोप लगाते हुए कहा कि यह घटना सीधे तौर पर भाजपा सरकार की विफलता और पुलिस प्रशासन की नाकामी को उजागर करती है। कुछ दिनों पूर्व यहीं पर खुलेआम चाकूबाजी की घटना भी हुई थी। द्विवेदी ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार केवल सुशासन के खोखले दावे कर रही है। जमीनी हकीकत यह है कि अपराधी बेखौफ हैं और पुलिस केवल काबिंग गश्त के नाम पर दिखावा कर रही है। राजनांदगांव पुलिस की भूमिका अब सुरक्षा एजेंसी से ज्यादा सोशल मीडिया सेल जैसी हो गई है। विधायक डॉ. रमन सिंह शहर की नाकाम कानून व्यवस्था पर चुपी साधे है। महापौर मधुसूदन यादव नगर की सड़कों, स्वच्छता और फोटो सेशन तक सीमित हैं। इससे पहले भी पुलिस की लापरवाही के विरोध में चूडियां भेंट कर प्रशासन को जगाने का प्रयास किया था।

द्विवेदी ने चेतावनी देते हुए कहा कि चोरी की घटनाओं पर तत्काल कार्रवाई न होने और अपराधियों की गिरफ्तारी न होने पर उग्र आंदोलन किया जाएगा। शहर में स्थायी पुलिस गश्त व्यवस्था लागू होनी चाहिये।

सत्संग से मानसिक ऊर्जा मिलती है - संत प्रभाकर साहेब

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राजाभानपुरी स्थित कबीर आश्रम में चल रहे त्रिदिवसीय सत्संग समारोह के दूसरे दिन सत्संग कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कबीर वाणी के राष्ट्रीय प्रचारक संत प्रभाकर साहेब ने ओजस्वी प्रवचन में सत्संग की महिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज मानव जीवन की सबसे बड़ी समस्या मानसिक तनाव है। यह तनाव ही अनेक शारीरिक और सामाजिक विकृतियों का मूल कारण बन रहा है। सत्संग मन को शांति, स्थिरता और सकारात्मक दिशा प्रदान करता है, जिससे मानसिक तनाव से मुक्ति संभव होती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में युवा पीढ़ी में बढ़ते व्यसन, नशाखोरी और भटकाव समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय हैं। सत्संग और सद्विचारों के अभाव में युवा अपनी ऊर्जा गलत दिशा में लगा रहे हैं। ऐसे में भक्ति का सही स्वरूप समझना आवश्यक है। भक्ति का अर्थ केवल पूजा-पाठ नहीं, बल्कि संयमित जीवन, सदाचार और मानव सेवा है। संत प्रभाकर साहेब ने सद्गुरू की भक्ति के महत्व पर बल देते हुए कहा कि सद्गुरू के मार्गदर्शन से ही मनुष्य को सही मार्ग की प्राप्ति होती है। सद्गुरू की शरण में जाकर ही मानस दुखो की निवृति संभव है। राम शब्द का अर्थ समझाते हुए कहा कि घट घट में रम रही सत्ता का नाम राम है। जिंदा प्राणियों की सेवा ही ईश्वर पूजा है। संत गुरुबोध ने कहा कि पारिवारिक, सामाजिक व व्यक्तिगत जीवन में क्षमादान से ही व्यवहारिक समस्याओं का समाधान मिलता है। संत सुबोध साहेब ने कहा कि शुद्ध आहार के बिना जीवन में सुधार संभव नहीं है। शुद्ध आहार से तात्पर्य है खाना-पीना, देखना। सब कुछ युक्ति युक्त ग्रहण करना। त्रिदिवसीय कार्यक्रम का समापन रविवार को होगा। रविवार को सुबह 10 से 1 बजे और दोपहर 2 से 5 बजे तक सत्संग चलेगा। गुरु पूजा आरती सत्संग प्रवचन के कार्यक्रम होंगे।

प्रथम पेज का शेष

12 लाख तक की आय ...

का सृजन हो रहा है, जो ग्रामीण आजीविका को मजबूत करेगा। सरकार का कहना है कि अब श्रमिकों को दर्जनों कानूनों से जूझना नहीं पड़ेगा, क्योंकि 29 श्रम कानूनों को चार स्पष्ट संहिताओं में सरल बनाया गया है। जिनमें मजदूरी, सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा शामिल हैं।

हाड़ कंपा देने वाली ...

और रास्ते बंद होने के कारण आतंकी गतिविधियों में कमी देखी जाती है. लेकिन इस बार सेना ने अपनी रणनीति में बदलाव करते हुए सर्दियों में भी आक्रामक रुख अपनाया है. सूत्रों का कहना है कि सेना ने अस्थायी बेस और निगरानी चौकियां स्थापित कर बर्फीले इलाकों में भी लगातार दबाव बनाए रखा है.

सेना के जवान सीमित दृश्यता और बेहद कठिन परिस्थितियों में ऊंची पहाडियों, घाटियों और जंगलों में नियमित गश्त कर रहे हैं, ताकि आतंकियों को किसी भी तरह का सुरक्षित ठिकाना न मिल सके. रक्षा विशेषज्ञों के अनुसार, यह बदलाव सेना की बदलती रणनीति और हर मौसम में ऑपरेशनल बढ़त बनाए रखने के संकल्प को दर्शाता है.

जम्मू-कश्मीर ही...

धुंध रह सकता है. इन इलाकों में धुंध का असर यह होता है कि विजिबिलिटी न के बराबर हो जाती है, जिसका फायदा उठाने की फिराक में आतंकी सीमा पार बैठे हुए हैं. अधिकारियों के मुताबिक, जम्मू, सांबा और कठुआ जिलों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होने के बाद आतंकवादी अब पंजाब के रास्ते घुसपैठ करने की योजना बना सकते हैं.

आतंकियों की मूवमेंट हो रही

सुरक्षा बलों को ऐसे इनपुट भी मिले है कि जम्मू, कठुआ और गुरुदासपुर के सीमा पार आतंकियों की मूवमेंट हो रही है. घुसपैठ का मौका मिलते ही वह नापाक कोशिश कर सकते हैं. घुसपैठ के लिये इन जगहों का चयन करने के बड़ी वजह ठ शेष पृष्ठ 6 पर

यह भी है कि अब जम्मू कश्मीर के ऊपरी पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी होने के कारण घुसपैठ करना काफी मुश्किल हो गया है. कई जगहों पर फॉरवर्ड पोस्ट पर तो बर्फ की मोटी परत जम गई हैं. इसी वजह से जम्मू के कठुआ जिले से सटे पंजाब के गुरदासपुर और पठानकोट क्षेत्रों में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं. यही वजह है कि इंटरनेशनल बॉर्डर पर बीएसएफ के साथ-साथ पंजाब पुलिस भी पूरी तरह हाई अलर्ट पर है.

नितिन नबीन बन सकते हैं ...

बाद में उन्हें ही स्थायी अध्यक्ष बनाया था। नितिन नबीन ने 15 दिसंबर को भाजपा के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष का पदभार संभाला था। गृहमंत्री अमित शाह और निवर्तमान अध्यक्ष जेपी नड्डा ने उनका स्वागत किया था।

संगठनात्मक चुनाव की प्रक्रिया आधे से ज्यादा राज्यों में पूरीः भाजपा संगठनात्मक चुनाव की प्रक्रिया पार्टी शासित आधे से ज्यादा राज्यों में पूरी हो चुकी है। 37 में से 29 राज्यों में आंतरिक चुनावों को अंतिम रूप दे दिया गया है। इन राज्यों के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ही राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए नितिन नबीन के समर्थन में नामांकन पत्रों का एक सेट जमा करेंगे। इसके अलावा भाजपा की राष्ट्रीय परिषद के सदस्य भी नितिन नबीन के पक्ष में एक अलग सेट में नामांकन दाखिल करेंगे। सूत्रों ने बताया कि नितिन नबीन के समर्थन में दाखिल नामांकन पत्रों पर क्करू नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दस्तखत भी होंगे। सूत्रों का दावा है कि नितिन नबीन ही एकमात्र उम्मीदवार के रूप में नामांकन दाखिल करने वाले हैं, इसलिए भाजपा के मुख्य चुनाव अधिकारी के. लक्ष्मण नामांकन पत्रों की जांच के बाद उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने की औपचारिक घोषणा कर सकते हैं। इस मौके पर भाजपा शासित सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों और प्रदेश अध्यक्षों को दिल्ली में मौजूद रहने के निर्देश दिए गए हैं।

छग-एमपी में स्वास्थ्य ...

सतत निगरानी की आवश्यकता

बैठक के दौरान नड्डा ने सशक्त औषधि नियमन के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि दवाओं की गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निर्माण से लेकर वितरण तक पूरी आपूर्ति श्रृंखला की सतत निगरानी आवश्यक है। उन्होंने नियामक व्यवस्था में सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने पर बल देते हुए कहा कि रोगी संतुष्टि में सुधार, नियामक निगरानी और अनुपालन को एक निरंतर मिशन के रूप में आगे बढ़ाया जाना चाहिए।

आईआईएम अहमदाबाद के साथ मिलकर कर रहा काम

निःशुल्क दवाइयों और निःशुल्क जांच योजनाओं की समीक्षा करते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने दोनों राज्यों को आपूर्ति-श्रृंखला को और मजबूत करने तथा निगरानी में मौजूद कमियों को दूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि दवाओं और जांच सेवाओं की खरीद प्रक्रिया में लॉजिस्टिक्स, पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के लिए स्वास्थ्य मंत्रालय आईआईएम अहमदाबाद के साथ मिलकर कार्य कर रहा है।

पं. धीरेंद्र शास्त्री पर भूपेश के ...

कि शुक्रवार को भूपेश बघेल ने पं. धीरेंद्र शास्त्री पर आरोप लगाया था कि वे पैसे बटोरने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ आते हैं और उन्हें बीजेपी का एजेंट बताया था। इसी बयान पर मुख्यमंत्री ने प्रतिक्रिया दी। मामले में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भी भूपेश बघेल के आरोपों को खारिज किया। विजय शर्मा ने कहा कि बाबा बागेश्वर समाज को जोडने का काम कर रहे हैं, इसमें किसी को आपत्ति क्यों होनी चाहिए। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि भूपेश बघेल के कार्यक्रमों में भीड़ नहीं जुटती, जबकि महाराज को सुनने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं।

भूपेश बोले-धीरेंद्र शास्त्री पैसा बटोरने आते हैं छत्तीसगढ़

दुर्ग-भिलाई। छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री धार्मिक आयोजनों की आड़ में पैसा बटोरने आते हैं। बीजेपी के एजेंट की तरह काम कर रहे हैं।

जांच में सभी को पुलिस ...

रूप से पाए जाएंगे, उन्हें कानून के अनुसार वापस भेजा जाएगा। उप मुख्यमंत्री ने दो टूक कहा कि कानून व्यवस्था और राष्ट्रीय सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

निधन

सुश्री मृदला चंद्राकर

रायपुर। सुश्री मृदला चंद्राकर पिता स्व. श्री बालाराम चंद्राकर सहयक संचालक, लोक शिक्षा संचानालय नवा रायपुर का निधन दिनांक 27/12/2023 दिन शनिवार को हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार दिनाुक 27-12-2025 को मारवाड़ी मुक्ति धाम में किया गया। सु श्री मृदुला चन्द्राकर अधिवक्तागण श्री जेपी चन्द्राकर, जी एस चन्द्रकार एवं नरेन्द्र सिंह चन्द्राकर की बड़ी बहन है।

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कृष्ण कुमार सपहा पिता स्व. परानुराम सपहा निवासी खोपली दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा पुनईबाई ढीमर पिता/पति झाडूराम की जन्म/मृत्यु दिनांक 12.09.1997 को हो जाने पर जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र, पार्षद प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेज संलग्न कर इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 10.01.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति विदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 24.12.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
जिला दुर्ग (छ.ग.)

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I JEETINDER PAL SINGH s/o GURCHARAN SINGH Address H No 65, Malviya Nagar Durg District Durg (C.G.) 491001 my old name have changed JEETINDER PAL SINGH s/o GURCHARAN SINGH . so in future I should be recognized by my new name JEETINDER PAL SINGH KHURANA s/o GURCHARAN SINGH KHURANA . that is in all Government and other documents.

JEETINDER PAL SINGH KHURANA s/o GURCHARAN SINGH KHURANA Address H No 65, Malviya Nagar Durg District Durg (C.G.) 491001

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I JAISMINE KAUR w/o JEETINDER PAL SINGH KHURANA Address H No 65, Malviya Nagar Durg District Durg (C.G.) 491001 my old name have changed JAISMINE KAUR w/o JEETINDER PAL SINGH KHURANA. so in future I should be recognized by my new name JAISMEEN KAUR KHURANA w/o JEETINDER PAL SINGH KHURANA . that is in all Government and other documents.

JAISMEEN KAUR KHURANA w/o JEETINDER PAL SINGH KHURANA Address H No 65, Malviya Nagar Durg District Durg (C.G.) 491001

सुनहरा मौका

ग्राम अंडा दुर्ग में फार्म हाउस के लिए अच्छे लोकेशन में कटिंग काटा गया है। ऑफर सीमित समय के लिए मात्र 151/- रुपए जल्दी कीजिए। **(विजिट अब नहीं तो-कब)** अन्य जानकारी के लिए संपर्क करें।

संपर्क
7828997233
9202535511
9755792420

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ती चक्रवर्तुला ज्ञाना प्रसुनम्बा पति चक्रवर्तुला वेंकट श्रीनिवास निवासी एल.आई.जी. 218, आमदी नगर हुसको भिलाई जिला दुर्ग छ.ग. निम्न लिखित शपथ पूर्वक कथन करती हूँ। यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। यह कि मेरे आधार कार्ड, ड्राईविंग लायसेंस, पेन कार्ड एवं राशन कार्ड में मेरा नाम सी ज्ञाना प्रसुनम्बा (C. GYANA PRASUNAMBA) पति सी.वी श्रीनिवास (C.V. SHRINIVAS) दर्ज है, जबकि मेरा पूर्ण नाम चक्रवर्तला ज्ञाना प्रसुनम्बा (CHAKRAVARTULA GYANA PRASUNAMBA) पति चकवर्तुला वेंकट श्रीनिवास (CHAKRAVARTULA VENKAT SHRINIVAS) है। यह कि मैं अपने समस्त दस्तावेजों में अपना पूर्ण नाम चक्रवर्तुला ज्ञाना प्रसुनम्बा (CHAKRAVARTULA GYANA PRASUNAMBA) पति चक्रवर्दूला बैंकट श्रीनिवास (CHAKRAVARTULA VENKAT SHRINIVAS) दर्ज करवाना चाहती हूँ। यह कि उक्त शपथ पत्र छत्तीसगढ़ राजपत्र में मेरे परिवर्तित पूर्ण नाम को प्रकाशित किये जाने हेतु साक्ष्य स्वरुप सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ती
चक्रवर्तुला ज्ञाना प्रसुनम्बा
पति चक्रवर्तुला वेंकट श्रीनिवास
निवासी एल.आई.जी. 218, आमदी नगर
हुसको भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

में शपथकर्ती चक्रवर्दूला नागा श्रुति पिता चक्रवर्तुला वेकट श्रीनिवास निवासी एल.आई.जी. 218, आमदी नगर हुडको भिलाई जिला दुर्ग छ.ग. निम्न लिखित शपथ पूर्वक कथन करती हूँ। यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। यह कि मेरे आधार कार्ड शैक्षणिक दस्तावेज, ड्राईविग लायसेंस में मेरा नाम सी.एन. श्रुती (CN SHRUTHI) पिता सी.वी श्रीनिवास (C.V. SHRINIVAS) एवं माता सी ज्ञाना प्रसुनम्बा (C. GYANA PRASUNAMBA) दर्ज है, जबकि मेरा पूर्ण नाम चक्रवर्दूला नागा श्रुति (CHAKRAVARTULA NAGA SHRUTHI) पिता चक्रवर्तुला वेंकट श्रीनिवास (CHAKRAVARTULA VENKAT SHRINIVAS) एवं माता चक्रवर्दूला ज्ञाना प्रसुगम्बा (CHAKRAVARTULA GYANA PRASUNAMBA) है। यह कि मैं अपने समस्त दस्तावेजी में अपना पूर्ण नाम चक्रवर्तुला नागा श्रुति (CHAKRAVARTULA NAGA SHRUTHI) पिता चक्रवर्तुला पैकट श्रीनिवास (CHAKRAVARTULA VENKAT SHRINIVA) एवं माता चक्रवर्तुला ज्ञाना प्रसुनम्बा (CHAKRAVARTULA GYANA PRASUNAMBA) दर्ज करवाना चाहती हूँ। यह कि उका शपथ पत्र छत्तीसगढ़ राजपत्र ने मेरे परिवर्तित पूर्ण नाम को प्रकाशित किये जाने हेतु साक्ष्य स्वरूप सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ती
चक्रवर्दूला नागा श्रुति
पिता चक्रवर्तुला वेकट श्रीनिवास
निवासी एल.आई.जी. 218, आमदी नगर
हुडको भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कृष्ण कुमार सपहा पिता स्व. परानुराम सपहा निवासी खोपली दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा हेमीन बाई सपहा पिता/पति परानुराम सपहा की जन्म/मृत्यु दिनांक 14.01.1995 को हो जाने पर जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र, पार्षद प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेज संलग्न कर इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 10.01.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 24.12.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
जिला दुर्ग (छ.ग.)

बेखौफ खेतों में जलाएं जा रहें पराली, रोकने में जिला प्रशासन नाकाम

■ नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के नियमों की उड़ाई जा रहीं धज्जियां

■ पर्यावरण और खेतों के आसपास की बस्तियां के लिए खतरा

महासमुंद/नवप्रदेश। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के नियमों को तार तार कर जिले भर में किसान दिनदहाड़े पराली जला रहे हैं। जिससे पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि जिम्मेदार अधिकारी भी इस पूरे मामले में चुप्पी साधते हुए अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते नजर आ रहे हैं।

बता दें कि खरीफ फसल की कटाई व समर्थन मूल्य पर धान बेच चुके किसान इन दिनों रबी फसल की तैयारी में जुट गए हैं और वे खेतों में पड़े पैरा व पराली जला रहे हैं। जो पर्यावरण के लिए तो खतरा है ही। खेतों के आसपास की बस्तियों के लिए खतरा बन सकता है। विगत दिनों जिला मुख्यालय से लगे गांव भुरका, लाफिन कला, लाफिन खुर्द, परसकोल, बम्हनी, चिंगरौद, साराडीह सहित एक दर्जन से अधिक गांवों में किसानों द्वारा पराली जलाए जाने की सूचना है। प्रतिबंध के बावजूद किसानों द्वारा खेतों में दिन के उजाले में पराली और पैरा जलाया जा रहा है। जबकि पराली जलाना पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986, राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) और राज्य शासन के स्पष्ट निर्देशों के तहत दंडनीय अपराध है। लेकिन अब तक जिले में एनजीटी के नियमों का उल्लंघन करने वालों पर एक भी कार्रवाई नहीं की गई है। प्रशासन द्वारा पराली जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है, लेकिन कार्रवाई के अभाव में किसान नियमों की अनदेखी कर रहे हैं। पर्यावरण प्रदूषण को रोकने के लिए अब सख्त निगरानी और ठोस कार्रवाई की आवश्यकता है।

'पराली जलाना पर्यावरण और मिट्टी के लिए बना खतरा'

खरीफफसल की कटाई के तुरंत बाद किसान रबी फसल की बुआई के लिए खेत तैयार करने जल्दबाजी में पराली को आग लगा देते हैं। जानकारों का कहना है कि यह तरीका आसान जरूर है, लेकिन पर्यावरण और मिट्टी दोनों के लिए बेहद घातक है। खेतों में पराली जलाने से जहां वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर तक बढ़ रहा है, वहीं मिट्टी की उपजाऊ क्षमता तेजी से घट रही है। हर साल पराली जलने से मिट्टी में जैविक कार्बन की मात्रा कम हो रही है। आग की तेज गर्मी से मिट्टी के सूक्ष्मजीव और लाभकारी तत्व नष्ट हो जाते हैं, जिससे मिट्टी की उर्वरता घटती है,जल धारण क्षमता कम होता है, भूमि बंजर होने लगती है। इसके साथ ही नाइट्रोजन, सल्फर जैसे जरूरी पोषक तत्व भी नष्ट हो जाते हैं, जिससे किसानों को अधिक मात्रा में रासायनिक खाद का उपयोग करना पड़ता है।

जागरूक करने कोई पहल नहीं

समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर विनय लंगेह ने साफतौर पर पराली जलाने वाले किसानों के खिलाफ कार्रवाई और अर्थदंड लगाने के निर्देश अधिकारियों को दिए थे। बावजूद न तो पराली जलाने पर अर्थदंड को लेकर मुनादी कराई गई, और न ही इसके दुष्परिणामों को लेकर किसानों को जागरूक करने कोई ठोस पहल की गई। कलेक्टर ने किसानों से अपील करते हुए कहा है कि वे पराली न जलाएं। ऐसा करते पाए जाने पर एनजीटी के प्रावधानों के तहत कार्रवाई और अर्थदंड लगाया जाएगा। उन्होंने किसानों से पैरा दान करने या पशुधन के लिए चारा उपलब्ध कराने की भी अपील की है।

सिहावा प्रीमियर लीग-56 का भव्य 2वर्ष आयोजन, खिलाड़ियों में जबरदस्त उत्साह

नगरी/नवप्रदेश। नगरी क्षेत्र में क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक बड़ी सौगात के रूप में सिहावा प्रीमियर लीग-56 का 2 वर्ष भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता मॉर्निंग क्लब नगरी के तत्वाधान में आयोजित होगी, जिसमें क्षेत्र के प्रतिभाशाली क्रिकेट खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का सुनहरा अवसर मिलेगा। जिसमे आयोजकों ने बताया कि यह टूर्नामेंट में प्रवेश की तिथि 26 से 30 दिसंबर 2025 तक चलेगा। प्रतियोगिता में कुल 10 टीमें भाग लेंगी, जिनमें प्रत्येक टीम में 13 खिलाड़ी शामिल होंगे। इस प्रकार कुल 130 खिलाड़ी इस रोमांचक क्रिकेट महाकुंभ का हिस्सा बनेंगे। पुरस्कार राशि प्रथम पुरस्कार :31,000 रु द्वितीय पुरस्कारः 21,000 रु प्रवेश व नियम प्रत्येक खिलाड़ी का प्रवेश शुल्क ?500 निर्धारित किया गया है। स्पॉन्सर शुल्क 5000 रखा गया है।खिलाड़ियों का चयन ऑक्शन प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा। खिलाड़ी का पंजीकरण शुल्क जमा होने के बाद ही एंट्री मान्य होगी।प्रतियोगिता में केवल सिहावा विधानसभा क्षेत्र-56 के खिलाड़ी ही भाग ले सकेंगे।चयनित खिलाड़ियों को समिति की ओर से टी-शर्ट प्रदान की जाएगी।

युवा कलाकारों ने विभिन्न विधाओं में किया उल्लेखनीय प्रदर्शन

महासमुंद/नवप्रदेश। खेल एवं युवा कल्याण विभाग, छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय युवा महोत्सव 2025-26 का आयोजन 23 से 25 दिसंबर 2025 तक बिलासपुर में किया गया। महोत्सव में महासमुंद जिले के युवा कलाकारों ने विभिन्न विधाओं में भाग लेकर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। राज्य युवा महोत्सव में महासमुंद जिले के प्रतिभागियों ने लोकनृत्य, पंथी नृत्य, सुआ नृत्य, लोकगीत, वाद-विवाद, कहानी लेखन, चित्रकला, कविता लेखन, नवाचार (साइंस मेला), एकांकी नाटक, पारंपरिक वेशभूषा एवं रॉक बैंड सहित कुल 12 विधाओं में अपनी कला का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में नवाचार (साइंस मेला) विधा में गरिमा कन्नौजे (पिथौरा) ने द्वितीय स्थान, कविता लेखन में गुलशन साव (बसना) ने तृतीय स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया। अन्य प्रतिभागियों में चित्रकला में ऋतिक पहारिया, कविता लेखन में गुलशन साव, साइंस मेला में परिणिता चंद्राकर (महासमुंद), पारंपरिक वेशभूषा में चांदनी साहू, कहानी लेखन में रेशम लाल पटेल (पिथौरा) एवं वाद-विवाद में डिंपल डड़सेना शामिल रहीं। जिले से दल प्रभारी के रूप में अंजुलि जैन, भूपेंद्र कुमार साहू, योगराज चौहान, शिवम् आर्य, कमलेश्वरी ध्रुव, प्रीति साहू, हेमलता साहू, उर्वशी साहू, रूप लाल साहू तथा नोडल अधिकारी दिलीप कुमार लहरे (खेल अधिकारी, पीजी कॉलेज महासमुंद) उपस्थित रहे। खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे ने बताया कि महासमुंद जिले के प्रतिभागियों ने राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले को गौरवान्वित किया है। इस उपलब्धि पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर रवि साहू, सचिन भूतड़ा, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे सहित जिले के वरिष्ठ अधिकारियों, शिक्षकों एवं जनप्रतिनिधियों ने सभी विजेताओं व प्रतिभागियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

तीन राइस मिलों से 6,694 बोरा धान और 15,470 बोरा चावल जब्त

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में धान के अवैध भंडारण, परिवहन एवं स्टॉक सत्यापन के खिलाफ प्रशासन द्वारा सघन जांच कार्रवाई जारी है। इसी कड़ी में आज तीन अलग-अलग प्रकरणों में बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में धान एवं चावल जब्त किया गया है।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार सरायपाली एसडीएम अनुपमा आनंद के मार्गदर्शन एवं तहसीलदार श्रीधर पंडा के नेतृत्व में टीम द्वारा साई राइस मिल, सरायपाली में भौतिक सत्यापन किया गया। सत्यापन के दौरान स्टॉक में गंभीर कमी पाए जाने पर जब्ती की कार्रवाई की गई।

इस कार्रवाई में कुल 6,000 बोरा धान एवं 15,470 बोरा चावल जब्त किया गया।

इसी प्रकार बसना में एसडीएम हरिशंकर पैंकरा एवं तहसीलदार कृष्ण कुमार साहू के मार्गदर्शन में गठित टीम द्वारा दो राइस मिलों में कार्रवाई की गई।

श्री शिव शंकर राइस मिल, बसना से 287 पैकेट अवैध धान जब्त किया गया। कामद राइस मिल, बसना से 407 पैकेट अवैध धान जब्त किया गया।

जिला प्रशासन ने कहा है कि जिले में धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शिता बनाए रखने एवं अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए आगे भी ऐसी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

मोदी की गारंटी लागू करने कर्मचारी - अधिकारी फेडरेशन करेंगे 29 से आंदोलन

महासमुंद/नवप्रदेश। कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने प्रांतीय आह्वान पर ''मोदी की गारंटी लागू करो'' के नारे के साथ 29, 30 एवं 31 दिसंबर को तीन दिवसीय आंदोलन की घोषणा की है। यह आंदोलन महंगाई भत्ता (डीए) सहित कुल 11 सूत्रीय मांगों को लेकर किया जाएगा। फेडरेशन के जिला संयोजक टेकराम सेन ने बताया कि मोदी की गारंटी के अंतर्गत कर्मचारियों-अधिकारियों के लिए अनेक घोषणाएँ की गई थीं, लेकिन आज स्थिति यह है कि मूलभूत अधिकारों के लिए कर्मचारियों को सड़क पर उतरना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि जुलाई में आंदोलन के प्रथम चरण में जिला मुख्यालयों में ज्ञापन सौंपेंगे। 22 अगस्त को दूसरे चरण में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन हुआ। अब तीसरे चरण में व्यापक आंदोलन किया जाएगा। फेडरेशन के महामंत्री दिलीप तिवारी ने कहा कि शासन द्वारा लगातार की जा रही वादाखिलाफी के विरुद्ध यह निर्णायक संघर्ष है। उन्होंने सभी कर्मचारी-अधिकारियों से अपील की कि वे अवकाश आवेदन प्रस्तुत कर आंदोलन में सक्रिय भागीदारी निभाएं। इस आंदोलन में प्रमुख रूप से प्रमोद तिवारी, उमेश भारती गोस्वामी, अशोक गिरि गोस्वामी, डॉ. रामकुमार चंद्राकर, कमलेश ध्रुव, एस.पी. ध्रुव, शिवकुमार साहू, अरुण कुमार प्रधान, मनीष ठाकुर, सिराज बक्श, राकेश थवाईत सहित अनेक कर्मचारी नेता शामिल रहेंगे।

मेले में खड़खड़िया जुआ खेलता 3 गिरफ्तार

महासमुंद/नवप्रदेश। पिथौरा के ग्राम बरतुंगा मेला में खड़खड़िया संचालन करने वाले तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पूछताछ में इन लोगों ने अपना नाम भोकलूडीह निवासी भूषण साहू (40), बिंधनखोल निवासी चूड़ामणि साहू (38), रामपुर निवासी महेश प्रधान (42) शामिल। उक्त आरोपियों से चिड़ी, पान, हुक्म, ईंटा, झंडा, मुंडा बना हुआ, 06 नग गोटा, 13830 रुपए नकद जब्त किया गया। आरोपियों के खिलाफ धारा 6(क) छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

सेलून संचालक के साथ मारपीट

महासमुंद/नवप्रदेश। सरायपाली पुलिस ने सेलून संचालक के साथ मारपीट के मामले में अपराध दर्ज किया है। ग्राम केंदुवा निवासी तोष कुमार श्रीवास ने थाने में शिकायत की है कि 25 दिसंबर को वह अपनी सेलून दुकान में था, तभी दोपहर करीब 02 बजे उसके बड़े पिता का लड़का बसण्ण श्रीवास आया और दुकान में लगे बॉक्स का आवाज फुल कर दिया। जिस पर उसने बॉक्स का स्वीच निकाल दिया। जिस पर बरूण गाली -गलौज करने लगा। बाद शाम करीब 7 बजे वह दुकान में एक धारदार वस्तु लेकर आया और गाली- गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए धारदार वस्तु से मारपीट की , जिससे दाहिने हाथ के अंगूठे, उंगली के पास चोटें आई है। रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 118(1), 296, 351(2) के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया गया है।

शराब भट्ठी के पास मिली युवक की लाश

■ ज्यादा शराब पीने से मौत की आशंका

महासमुंद/नवप्रदेश। खल्लारी थाना अंतर्गत आंवराडबरी स्थित शराब भट्ठी परिसर में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार युवक की मौत अत्यधिक शराब सेवन से मौत होने की आशंका जताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार युवक रात में शराब भट्ठी परिसर में ही मौजूद था। सुबह जब शराब दुकान के कर्मचारी ड्यूटी पर पहुंचा, तब उन्होंने परिसर में युवक को पड़े देखा। कर्मचारियों ने तत्काल इसकी सूचना खल्लारी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को अस्पताल ले जाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मर्ग कायम करते हुए जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार शुरुआती जांच में मामला अत्यधिक शराब सेवन से मौत का प्रतीत हो रहा है, लेकिन मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगी। फिलहाल पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और यह भी जांच की जा रही है कि युवक रात में किसके साथ था और कितनी मात्रा में शराब का सेवन किया था।

नई शराब भट्ठी को लेकर पहले से था विरोध

गौरतलब है कि आंवराडबरी क्षेत्र में हाल ही में शासन द्वारा नई शराब भट्ठी खोली गई थी, जिसे लेकर स्थानीय लोगों ने विरोध करते हुए नाराजगी जताई थी। ग्रामीणों का कहना था कि भट्ठी खुलने से क्षेत्र में असामाजिक गतिविधियां बढ़ेंगी। अब शराब भट्ठी परिसर में युवक की मौत के बाद शराब नीति और भट्ठी संचालन पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर रोष व्याप्त है और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की जा रही है।

कर्मचारी प्रकोष्ठ साहू समाज ने किया नव नियुक्त अधिकारियों का सम्मान

नगरी/नवप्रदेश। अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ तहसील साहू समाज नगरी के द्वारा छत्तीसगढ़ लोक आयोग चयनित प्रथम रैंक देवेंद्र कुमार साहू डिप्टी कलेक्टर, गौरव साहू सहायक संचालक, वैभवी साहू महिला बाल विकास, चंद्रभान साहू आपकारी उपनिरीक्षक एवं सेवा निवृत्त तथा नव नियुक्त अधिकारी कर्मचारी का सम्मान किया गया। इस अवसर पर आराधना साहू के द्वारा स्वागत गीत एवं बच्चों के द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। चयनित अधिकारियों द्वारा बच्चों को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कैसे करें, तैयारी में हमें किस पाठ वस्तु पर एवं परीक्षा में सफलता कैसे प्राप्त करें इस पर बच्चों के द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर विस्तृत रूप से दिया गया। समाज के लिए हमारी भूमिका कैसे हो पर विचार

रखते हुए गौरव साहू ने मां कर्मा एवं तेलीन भक्तिन से संदर्भित पूछे गए प्रश्नों की जानकारी देते हुए समाज के बारे में हम सभी को जानने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर दीनानाथ साहू संरक्षक राजिम तेलीन मंदिर समिति ने सामाजिक एकता एवं बच्चों की समाज के साथ जुड़ाव पर बल देते हुए अपनी ज्योतिष ज्ञान को विज्ञान के साथ जोड़ते हुए हम अपने स्वास्थ्य को कैसे ठीक रखें अपनी दिनचर्या, खानपान पर ध्यान कैसे दें। इसविषय पर उनके द्वारा किए गए विशेष शोध की जानकारी दिया गया। इस पर 54 देशों एवं जर्मनी से विशेष फेलोशिप प्राप्त होने के बारे में जानकारी दिए। अतिथि ए एल बनपेला ने प्रतियोगी परीक्षाओं में समाज के बच्चों की सफलता पर बधाई दिया एवं कार्यक्रम को बच्चों के लिए प्रेरणा दायक बताया कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कवल साहू ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए बच्चों को अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने पर जोर दिया।

बाबा के जयंती में शामिल हुए तुषार

महासमुंद/नवप्रदेश। भाजपा व किसान नेता अशवंत तुषार साहू अमावस में आयोजित गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए। समाज के प्रतिनिधियों ने उनका भव्य स्वागत किया। उन्होंने कहा बाबा ने अपने समय की सामाजिक, आर्थिक विषमता, शोषण तथा जातिवाद को समाप्त करके मानव-मानव एक समान का संदेश दिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक संजय ढीढी, अध्यक्ष बलराम साहू, थानू साहू, रमेश पटेल, ईश्वर निषाद, लकी पटेल व ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

राज्य युवा महोत्सव में कलाकारों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

महासमुंद/नवप्रदेश। खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य स्तरीय युवा महोत्सव वर्ष 2025-26 का आयोजन बिलासपुर में 23 से 25 दिसंबर 2025 तक किया गया। जिसमें महासमुंद जिले के कलाकार शामिल हुए। राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में महासमुंद जिले के युवा कलाकार लोकनृत्य, पंथी नृत्य, सुआ नृत्य, लोकगीत, वाद-विवाद, कहानी लेखन, चित्रकला, कविता लेखन, नवाचार, एकांकी नाटक, पारंपरिक वेशभूषा एवं रॉक बैंड सहित कुल 12 विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। चित्रकला में ऋतिक पहारिया, कविता लेखन में गुलशन साव बसना, साइंस मेला में गरिमा कन्नौजे पिथौरा, परिणिता चंद्राकर महासमुंद, पारंपरिक वेशभूषा में चांदनी साहू महासमुंद, कहानी लेखन में रेशम लाल पटेल पिथौरा, वाद विवाद में डिंपल डड़सेना ने अपनी प्रतिभा दिखाया। जिले से दल प्रभारी अंजुलि जैन, भूपेंद्र कुमार साहू, योगराज चौहान, शिवम् आर्य, कमलेश्वरी ध्रुव, प्रीति साहू, हेमलता साहू, उर्वशी साहू, रूप लाल साहू एवं नोडल अधिकारी दिलीप कुमार लहरे खेल अधिकारी पी जी कॉलेज महासमुंद शामिल रहे। खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे ने बताया कि राज्य युवा महोत्सव बिलासपुर में महासमुंद जिले ने नवाचार (साइंस मेला) में गरिमा कन्नौजे पिथौरा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। कविता लेखन में गुलशन साव बसना ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

चार साहिबजादों की स्मृति में निकली सफर-ए-शहादत शोभायात्रा

महासमुंद/नवप्रदेश। सिक्ख धर्म के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी के साहिबजादों के सर्वोच्च बलिदान को याद करते हुए नगर में सिख समाज द्वारा भव्य सफर-ए-शहादत शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा स्थानीय गुरुद्वारे से शुरू होकर नगर के मुख्य मार्गों से गुजरी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य साहिबजादों की शहादत और उनके साहसपूर्ण इतिहास से जनमानस को रू-ब-रू कराना रहा।

नगरी में गुरु घासीदास जयंती को लेकर 28 को भव्य आयोजन

नगरी/नवप्रदेश। नगर पंचायत नगरी के डीहीपारा में पेट्रोल पंप के समीप स्थित संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा मंदिर प्रांगण में 28 दिसंबर, रविवार को गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष आयोजन में गिरौदपुरी धाम निवासी धर्मगुरु युवराज गुरु सौरभ साहेब, प्रदेश अध्यक्ष सतनाम सेना का नगर आगमन होगा। धर्मगुरु सौरभ साहेब के स्वागत में नगरी शहर के मुख्य चौक से भव्य रैली, कलश यात्रा एवं पंथी नृत्य का आयोजन किया जाएगा। श्रद्धालु पूरे उत्साह और पारंपरिक वेशभूषा में गुरुजी का स्वागत करते हुए डीहीपारा पेट्रोल पंप स्थित गुरु घासीदास मंदिर प्रांगण तक पहुंचेंगे।

अबूझमाड़ का प्रवेश द्वार खस्ताहाल, पुनर्निर्माण को लेकर कांग्रेस ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

नारायणपुर/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय एवं अबूझमाड़ का प्रवेश द्वार बखरूपारा चौक से गढ़बेंगाल चौक तक की सड़क अत्यधिक खस्ताहाल गड्ढे धूल से जिले की जनता राहगीरों को इस मार्ग से चलना मजबूरी हो गयी है, सालो से खराब पड़ी सड़क दो विभागों की झगड़े मे फसा है इससे इस मार्ग मे चलने वाले राहगीर या तो एक्सीडेंट के शिकार हो रहे है या धुल गुब्बारो से परेशान हो रहे है। नेशनल हाइवे और पीडब्लूडी विभाग के आपसी मत भेद का खामियाजा जनता भोग रही है, प्रशासन खराब खस्ताहाल सड़क को जल्द से जल्द बनाने या रिपेरिंग कर चलने योग्य बनाने जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश दीवान के नेतृत्व मे कलेक्टर नम्रता जैन को ज्ञापन

सौंपा गया है कलेक्टर नम्रता जैन ने आश्वासन दिया है की जल्द इस मार्ग को बनाया जायेगा! राजेश दीवान ने बताया की जल्द से जल्द एक सप्ताह मे इस मार्ग को नहीं बनाया गया तो शासन प्रशासन के खिलाफधरना प्रदर्शन कर आंदोलन किया जायेगा! 4 माह पहले भी इस मार्ग को लेकर शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने गढबेंगाल चौक मे चक्काजाम कर आंदोलन किया गया था इस चक्काजाम मे जिले भर के सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित हुए थे एवं नगरवासी अपना दुकान बंद कर चक्काजाम आंदोलन का समर्थन किया था। पूर्व आंदोलन चक्काजाम मे जिले के अपर कलेक्टर पंचभाई बहादुर ने अस्वासन दिया था जल्द इस मार्ग का रिपेरिंग कराया जायेगा।

भाजयुमो जिलाध्यक्ष पद हेतु सुकमन कचलाम की प्रबल दावेदारी

नारायणपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ता एवं वर्तमान में भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा, जिला नारायणपुर के जिला महामंत्री सुकमन कचलाम ने भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष पद हेतु अपनी प्रबल दावेदारी प्रस्तुत की है। उन्होंने इस संबंध में भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती संध्या पवार को औपचारिक आवेदन सौंपा। श्री कचलाम का राजनीतिक जीवन विद्यार्थी परिषद व युवा मोर्चा से प्रारंभ हुआ है। संगठन में साधारण कार्यकर्ता से लेकर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष, जिला महामंत्री एवं विपक्ष के दौर में जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का सफल निर्वहन कर चुके हैं।

भाजयुमो अध्यक्ष के लिए 35 वर्ष की निर्धारित आयु सीमा: 34 वर्ष की आयु में निर्धारित मापदंडों के अनुरूप श्री कचलाम हाल ही में गढ़बेंगाल जिला पंचायत क्षेत्र से भाजपा समर्थित प्रत्याशी के रूप में जिला पंचायत सदस्य निर्वाचित होकर उन्होंने संगठन की जमीनी पकड़ और जनसमर्थन को सिद्ध किया है। युवाओं के बीच स्वीकार्यता, संगठनात्मक अनुभव एवं चुनावी दक्षता के आधार पर स्वयं को इस दायित्व के लिए सक्षम मानते हैं। उन्होंने संगठन के प्रति पूर्ण निष्ठा व समर्पण के साथ कार्य कर भाजपा युवा मोर्चा को नई ऊँचाइयों तक ले जाने का संकल्प व्यक्त किया है।

कलेक्टर ने सौंदर्यीकरण कार्य को गुणवत्तापूर्ण के साथ पूरा करने दिए निर्देश

■ कलेक्टर ने किया बंधुआ तालाब और सामुदायिक शौचालय का औचक निरीक्षण

नारायणपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर नम्रता जैन ने शहर के बीच में स्थित बंधुआ तालाब एवं नया बस स्टैंड स्थित सामुदायिक शौचालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बंधुआ तालाब में चल रहे वॉकवे निर्माण कार्य का जायजा लिया और कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष कोर्राम ने कलेक्टर को जानकारी दी कि 52 एकड़ क्षेत्र में फैले बंधुआ तालाब के चारों ओर लगभग 1600 मीटर लंबा वॉकवे निर्माणाधीन है। इस पर कलेक्टर ने निर्माण कार्य को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण

करने के निर्देश दिए। कलेक्टर जैन ने ठेकेदार से निर्माण की प्रगति की जानकारी लेते हुए आगामी सोमवार से पेवर ब्लॉक का कार्य प्रारंभ करने, दोनों ओर से एक साथ कार्य बढ़ाने तथा मजदूरों की संख्या में वृद्धि कर एक सप्ताह के भीतर स्पष्ट प्रगति दिखाने के सख्त निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने सीएमओ को तालाब की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने और सौंदर्यीकरण कार्य को प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराने के निर्देश भी दिए। इसके पश्चात कलेक्टर नम्रता जैन ने नया बस स्टैंड स्थित सामुदायिक शौचालय का निरीक्षण कर साफ-सफाई, पानी की उपलब्धता सहित अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने दो नवनिर्मित शौचालय भवनों को शीघ्र हैंडओवर कर संचालन में लाने तथा एक भवन को महिलाओं के लिए आरक्षित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम नारायणपुर अभयजीत मण्डावी, नगर पालिका के अभियंता सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

नगर भ्रमण कर बिजली पानी एवं सफाई व्यवस्था का लिया जायजा: रमन डोंगरे

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने शहर वार्डो निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था का जायज़ा लिया।

शहर के मेन चौक चौराहे पर गंदगी मिलने पर पालिका अध्यक्ष ने सफाई निरीक्षक को तुरंत सफाई कराने और कचरा निस्तारण के निर्देश दिए।

पालिका अध्यक्ष ने बताया कि पालिका में कर्मचारियों की संख्या कम एवं नालियों की संख्या बढ़ गई है इसलिए कई बार सफाई में देरी जरूर हो रही है मगर पालिका जिम्मेदारी से अपने कर्तव्य का निर्वहन कर रही है रूटीन एवं कर्म अनुसार प्रत्येक वार्डो नियमित नाली की सफाई हो रही है व चौक चौराहे पर फैली गंदगी नियमित रूप से सफाई के लिए निर्देशित किया जा रहा है। नियमित रूप से बिजली पानी सफाई की व्यवस्था में किसी प्रकार की कोई भी कमी न रहे इस दिशा में कार्य करने का प्रयास किया जा रहा है।

नगरी में भूमाफियाओं का बोलबाला, प्रशासन मौन

■ **कृषि भूमि पर अवैध प्लॉटिंग का काला खेल जोरों से चलता दिखाई दे रहा**

नगरी/नवप्रदेश। नगरी नगर पंचायत क्षेत्र में इन दिनों भूमाफियाओं के हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं। नियमों और कानून को ताक पर रखकर उपजाऊ कृषि भूमि पर अवैध रूप से प्लॉटिंग का खेल खुलेआम चल रहा है। बिना किसी वैधानिक अनुमति और टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के नियमों को दरकिनार करते हुए सैकड़ों एकड़ कृषि भूमि को छोटे-छोटे भूखंडों में तब्दील कर ऊंचे दामों पर बेचा जा रहा है।

मुख्य सड़कों के किनारे फल-फूल रहा अवैध कारोबार जानकारी के अनुसार छिपली - फरसिया ,सिहावाङ्कसांकरा, घटुला और बेलर गांव को जोड़ने वाली प्रमुख सड़कों के किनारे यह अवैध गतिविधि तेजी से फैल रही है। भूमाफिया बिना डायवर्सन (एनए) कराए कृषि भूमि को प्लॉट में बदलकर 15 से 20 लाख रुपये प्रति डिसमिल तक बेच रहे हैं। इससे न केवल शासन को राजस्व की भारी हानि हो रही है, बल्कि भविष्य में क्षेत्र में जलभराव और अव्यवस्थित बसाहट का गंभीर खतरा भी मंडरा रहा है।

नियमों की खुलेआम उड़ रही धज्जियां

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा स्पष्ट निर्देश हैं कि बिना अनुमति प्लॉटिंग करने पर एफआईआर, जमीन जब्ती और नक्शा निरस्तीकरण जैसी कठोर कार्रवाई की जाए। इसके बावजूद नगरी क्षेत्र में नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। मुख्य सड़कों से 60 मीटर तक निर्माण पर प्रतिबंध के बावजूद अवैध निर्माण धड़ल्ले से जारी है।

रसूखदारों का संरक्षण होने के आरोप

स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस पूरे अवैध कारोबार के पीछे कुछ रसूखदार व्यापारी और राजनीतिक प्रभाव वाले लोग शामिल हैं। ग्रामीणों का कहना है कि रातों-रात खेतों की शक्ल बदल दी जाती है और प्रशासनिक अमला आंख मूंदे बैठा रहता है। यही कारण है कि अब तक किसी भी बड़े मामले में ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है।

अटल चौक में मनाई गई अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती

नगरी/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी मंडल कुकरेल अंतर्गत ग्राम छुही स्थित अटल चौक में देश के पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने अटल जी के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया तथा उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति अजय ध्रुव, जनपद पंचायत नगरी के सभापति शुभम यदु, महामंत्री टिकेश्वर साहू, उपसरपंच यामिनी सिन्हा, महामंत्री रितु साहू, बूथ अध्यक्ष लक्ष्मीकांत साहू सहित डागेश्वर चंद्राकर, शत्रुघ्न साहू, राजकपूर सेन, यशपाल साहू, राजेश सिन्हा, वसुधा चंद्राकर, बेबी साहू, रमेश साहू, भूपेन्द्र साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। जिसमे में वक्ताओं ने अटल बिहारी वाजपेयी जी के राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान,उनके सुशासन, दूरदर्शिता और जनसेवा के कार्यों को याद करते हुए कहा कि उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रहित के संकल्प के साथ किया गया।

भाजपा मंडल कसडोल का आवश्यक बैठक संपन्न...

कसडोल/नवप्रदेश। बीते दिवस भाजपा मण्डल कसडोल में मण्डल अध्यक्ष सुदीप दास मानिकपुरी के निर्देशानुसार भाजपा मण्डल के सभी पदाधिकारी की बैठक सम्पन्न हुआ जिसमें हमारे मण्डल अध्यक्ष जी द्वारा स्ढ्क्रके सम्बन्ध में तथा बूथ अध्यक्ष के कामों की समीक्षा के साथ सभी शक्ति केंद्र प्रभारी को पार्टी हित काम करने और संगठन को मजबूत बनाने हेतु दिशा निर्देश दिया गया । साथ ही आने वाले 17 फरवरी तक स्ढ्क्रसे संबंधित बूथ स्तर पर बैठक सम्पन्न कर आवश्यक विषयों पर काम करने हेतु प्रेरित किया गया इस बैठक में मण्डल अध्यक्ष सुदीप मानिकपुरी जिला प्रतिनिधि दिलहरण जायसवाल, मण्डल महामंत्री रामचंद्र, अनिल श्रीवास मण्डल उपाध्यक्ष चंद्रिका पटेल, तीज राम विश्वकर्मा, नर्मदा यादव, शराजकुमार बरिहा, मण्डल मंत्री मानसिंह, कुंती निषाद, अनुराधा कर्ष, संध्या वर्मा, मण्डल कोषाध्यक्ष गुनीराम साहू, प्रचार प्रसार मंत्री पुनीत राम जायसवाल कार्यालय प्रभारी गोपाल साहू, मीडिया प्रभारी पुरुषोत्तम कैवर्य, सोशल मीडिया प्रभारी सुंदर साहू उपस्थित रहे।

शक्ति दिवस धूमधाम से मनाया

नगरी/नवप्रदेश। अखिल भारतीय हल्बा आदिवासी समाज द्वारा 26 दिसंबर को शक्ति दिवस बड़े धुमधाम हर्षोल्लास से मनाया।शक्ति दिवस पर ग्राम सांकरा के हाईस्कूल मैदान में मंचीय कार्यक्रम के पूर्व आदिवासी हल्बा समाज की ईष्ट देवी माई दन्तेश्वरी की छाया चित्र की विधिवत अतिथियों द्वारा पूजा अर्चना किया गया इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष धमतरी अरूण सार्वा, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, पिंकी शिवराज शाह, अनुसूचित जनजाति युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष मोहन पुजारी, सरपंच नागेन्द्र बोरझा सांकरा, सरपंच नवागांव श्रीमती नगिना सोम, सरपंच रिसगांव चन्द्र कुमार अग्रवानी, सरपंच बोड़रा शत्रुघन नाग, सरपंच मल्हारी दिलीप सोम , मगिया राम चनाप, हल्बा समाज अध्यक्ष टेमन सिंह कश्यप, सचिव नथ्थे राम बिसेन, कोषाध्यक्ष दिलीप सोम,कृपा राम नाग,गिरवर भंडारी, खुबचंद भंडारी,देवी शरण मरकाम,युवा अध्यक्ष राजेंद्र नाग,हरि भंडारी, नरेंद्र नाग, संजू श्रीमाली, मनोज कश्यप,रुप सिंह बोरझा, सहित हल्बा समाज के वरिष्ठ,व समाजिक पदाधिकारी, समाजिकजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

64 करोड़ की लागत से बुझेगी नगरी वासियों की प्यास

■ **अमृत मिशन 2.0 का शुभारंभ, 40-50 वर्षों तक मिलेगा शुद्ध पेयजल निर्माण कार्य भूमि पूजन**

नगरी/नवप्रदेश। नगरी नगर पंचायत में अमृत मिशन 2.0 के अंतर्गत 64 करोड़ रुपये की लागत वाली महत्वाकांक्षी पेयजल योजना का भूमि पूजन कर शुभारंभ किया गया। यह योजना नगरी नगर को आगामी 40 से 50 वर्षों तक पेयजल संकट से मुक्त करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा अमृत मिशन के तहत नगरी नगर पंचायत को यह राशि प्रदान की गई है। योजना का शुभारंभ सिहावा विधानसभा क्षेत्र की विधायक अंबिका मरकाम के करकमलों से संपन्न हुआ। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, पूर्व विधायक पिंकी, शिवराज शाह, श्रवण मरकाम, नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, उपाध्यक्ष विकास बोहरा सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

अमृत मिशन 2.0 के अंतर्गत लगभग 25 किलोमीटर दूर सोंढूर डैम से पानी लाकर नगरी के डमकाड़ीही वार्ड क्रमांक 1 क्षेत्र तक पहुंचाया जाएगा। यहां से क्लियर वॉटर हेतु लगभग 7 किलोमीटर पाइपलाइन बिछाई जाएगी तथा 500 केएल क्षमता का वॉटर टैंक एवं फिल्टर प्लांट की स्थापना की जाएगी।

इसके अतिरिक्त नगर के वार्ड क्रमांक 8 स्थित सिंचाई कॉलोनी ऑफिस के पास 550 केएल तथा कोर्ट पारा परिसर में 330 केएल क्षमता के वॉटर टैंकों का निर्माण किया जाएगा।

पूरे नगरी नगर में लगभग 53 किलोमीटर पाइपलाइन विस्तार कर 4259 घरों तक शुद्ध फिल्टर पानी सीधे नल के माध्यम से पहुंचाया जाएगा।नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने योजना के शुभारंभ पर समस्त नगरवासियों को बधाई देते हुए कहा कि यह योजना नगरी नगर के लिए मील का पत्थर साबित होगी। लगातार गिरते भूजल स्तर को देखते हुए यह परियोजना आने वाले दशकों तक जल संकट से राहत दिलाएगी।

कार्यक्रम में नगर पंचायत के सभापति अलका साव,पार्षद राजा पवार, देवचरण ध्रुव, शकर देव,नरेश पटेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष मोहन नाहटा कमल डागा, विधायक प्रतिनिधि सचिन भंसाली, मंडल प्रभारी रवि दुबे, नगर पंचायत सीएमओ यशवंत वर्मा, उप अभियंता परमेश ध्रुव, दुर्गेश साहू, राजेंद्र साहू, परियोजना से जुड़े इंजीनियर एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

डिप्टी सीएम से नपाध्यक्ष ने नये बस स्टैंड के लिए मांगा सहयोग

सड़कों के डामरीकरण, वाटर फिल्टर प्लांट व मूलभूत सुविधाओं के लिए की राशि की मांग

महासमुंद/नवप्रदेश। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने उपमुख्यमंत्री (नगरीय प्रशासन विभाग) अरूण साव से उनके निवास पर सौजन्य मुलाकात कर शहर विकास के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। नगर पालिका अध्यक्ष श्री साहू ने महासमुंद के विकास से संबंधित मुद्दों को प्रमुखता से उठाया और शहर की अधोसंरचना में सुधार के लिए उपमुख्यमंत्री से सहयोग की अपील कर राशि जारी करने की मांग की। श्री साहू ने नगर वासियों के मांग अनुरूप नया बस स्टैंड की मांग की। साथ ही जर्जर सड़कों के डामरीकरण अधोसंरचना मद से कराए जाने, नया वाटर फिल्टर प्लांट स्थापित कर शहर के लिए जल सुविधा में विस्तार करने की मांग रखी। उन्होंने मंत्री को शहर में कराए जाने वाले विकास कार्यों से अवगत कराकर सहयोग मांगा। जिस पर उपमुख्यमंत्री श्री साव ने विकास कार्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए जल्द से जल्द आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया। उल्लेखनीय है कि नगर के विकास व नगर वासियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू सतत प्रयासरत हैं। उन्होंने पीआईसी व परिषद की बैठकों में शहर के भावी विकास को लेकर सर्वसम्मत प्रस्ताव भी पारित कराए हैं। श्री साहू के सतत प्रयास से शहर विकास को नई दिशा मिल रही है। इस मुलाकात को शहर के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

बालाघाट के किसानों ने छत्तीसगढ़ में देखा 'काले हीरे' का भविष्य

■ **मखाना की खेती से बदल रही किस्मत**

नगरी/नवप्रदेश। धान के कटोरे के रूप में पहचान रखने वाला छत्तीसगढ़ अब एक और पोषक व लाभकारी फसल मखाना (काला हीरा) के कारण देशभर में चर्चा का केंद्र बनता जा रहा है। स्वास्थ्यवर्धक गुणों से भरपूर मखाना न सिर्फ पोषण का स्रोत है, बल्कि किसानों के लिए आय का एक मजबूत और सुरक्षित विकल्प भी बनकर उभर रहा है।

इसी संभावना को समझने और प्रत्यक्ष अनुभव लेने के उद्देश्य से 25 दिसम्बर को मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले से आए किसानों के एक दल ने उद्यानिकी विभाग के मार्गदर्शन में रायपुर जिले के आरंग ब्लॉक स्थित ओजस फॉर्म का अध्ययन भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान किसानों ने मखाना की खेती की तकनीक, तालाब प्रबंधन, उत्पादन प्रक्रिया, प्रसंस्करण और बाजार व्यवस्था को नजदीक से देखा।

छत्तीसगढ़ में मखाना का प्रथम व्यवसायिक उत्पादन आरंग ब्लॉक के ग्राम लिंगाडीह में स्वर्गीय श्री कृष्ण कुमार चंद्राकर द्वारा प्रारंभ किया गया था। 5 दिसंबर 2021 को यहीं राज्य के पहले मखाना प्रसंस्करण केंद्र की शुरुआत हुई, जिसके बाद आरंग क्षेत्र मखाना उत्पादन के एक सफल मॉडल के रूप में पहचाना जाने लगा है। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. गजेंद्र चंद्राकर ने किसानों को संबोधित करते हुए बताया कि मखाना की खेती में प्रति एकड़ लगभग 20 किलो बीज की आवश्यकता होती है और इससे औसतन 10 क्विंटल तक उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि यह छह माह की विशेष फसल है, जिसमें कीट-व्याधि का प्रकोप नहीं होता तथा चोरी जैसी समस्याएं भी नहीं रहतीं, जिससे किसानों का जोखिम काफी कम हो जाता है।

मखाना प्रसंस्करण विशेषज्ञ रोहित साहनी (दरभंगा, बिहार) ने बताया कि एक किलो मखाना बीज से लगभग 200 से 250 ग्राम पॉप प्राप्त होता है, जिसकी बाजार कीमत 700 से 1000 रुपये प्रति किलो तक होती है। यदि किसान स्वयं प्रसंस्करण और पैकेजिंग कर उत्पाद को बाजार तक पहुंचाते हैं, तो उन्हें प्रति एकड़ कहीं अधिक लाभ प्राप्त हो सकता है।

ओजस फॉर्म के प्रबंधक श्री संजय नामदेव ने किसानों को मखाना की खेती के लिए उपयुक्त जलवायु, मिट्टी, तालाब निर्माण, बीज चयन और प्रशिक्षण सुविधाओं की जानकारी दी तथा हर स्तर पर तकनीकी सहयोग देने की बात कही।

इस अध्ययन भ्रमण में बालाघाट जिले से योगेंद्र लोधी, कौशल उईके, रघुवंश लोधी, मोहनलाल उईके, सुकेश नागवंशी, राम नागपुरे, सुमित सिंह उईके, देवराज सिंह मरकाम, धीरज पाटले और यशवंत अहिरवार शामिल रहे। किसानों ने एक स्वर में कहा कि मखाना की खेती पारंपरिक फसलों की तुलना में अधिक सुरक्षित और लाभकारी है तथा इसे अपनाकर वे अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सकते हैं।

नवापारा में प्रतिबंधित अर्जुन कहुआ लकड़ी जप्त

राजस्व विभाग ने की कार्रवाई

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। गोबरा नवापारा में राजस्व भूमि पर अर्जुन (कहुआ) लकड़ी के दर्जनों गोले मिलने का मामला सामने आया है। सूचना पर नायब तहसीलदार की टीम मौके पर पहुँची। इस दौरान 32 नग अर्जुन लकड़ी के गोले को जप्त कर पंचनामा कार्यवाही की गई। जानकारी के अनुसार, नवापारा नगर के बढ़ई पारा रेलवे स्टेशन मार्ग के पास प्रतिबंधित अर्जुन (कहुआ) लकड़ी राजस्व की जमीन पर मिली है। सुबह वन विभाग द्वारा क्षेत्र में निरीक्षण कर आरा मिलों के लाइसेंस और पंजीयन दस्तावेज़ों की जांच की गई, उसी दौरान लकड़ियों के गोले भी पाए गए। लेकिन लकड़ी लावारिस होने का हवाला देते हुए वन विभाग ने तत्काल कोई कार्रवाई नहीं की। इस मामले में वन विभाग के डिप्टी रेंजर झूमुक लाल देवांगन ने बताया कि लकड़ी राजस्व की जमीन पर लावारिस स्थिति में मिली है, अत: यह मामला राजस्व विभाग के अधिकार क्षेत्र में आता है।

32 नग अर्जुन लकड़ी जप्त

इस मामले की सूचना अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) अभनपुर रवि सिंह को दी गई, जिन्होंने नायब तहसीलदार गोबरा नवापारा को मौके पर जांच के निर्देश दिए। जिसके बाद नायब तहसीलदार की टीम वार्ड में पहुँची और आसपास पूछताछ के साथ लकड़ियों की पुष्टि की। मौके पर तैयार पंचनामा के अनुसार 20 नग अर्जुन कहुआ लकड़ी सुजीत शर्मा पिता परसू राम शर्मा द्वारा डंप किया गया पाया गया वहीं पास ही 12 नग लकड़ी के गोले अज्ञात रूप में बरामद किए गए। इस तरह कुल 32 नग अर्जुन लकड़ी के गोले को को पंचनामा तैयार कर सुजीत शर्मा को सुपुर्दनामे में दिया गया। आगे की वैधानिक प्रक्रिया और पूछताछ आवश्यकतानुसार की जाएगी।

पटेल समाज सिहावा राज युवा प्रकोष्ठ की बैठक सांकरा में 28 को

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम सांकरा के पटेल समाजिक भवन में 28 दिसंबर को कोसरिया मरार पटेल समाज युवा प्रकोष्ट सिहावा राज की बैठक रखा गया है बैठक में समस्त युवा प्रकोष्ठ के राजपदाधिकारी, सभी क्षेत्र के युवा प्रकोष्ट अध्यक्षगण, कार्यकारिणी सदस्य एवं समस्त युवा साथियो की उपस्थिति कि अपील सांकरा क्षेत्र के युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष खिलावन पटेल ने किया है। बैठक में विशेष रूप से युवा प्रकोष्ठ सिहावा राज अध्यक्ष सियाशरण पटेल, छत्तीसगढ़ प्रदेश कोसरिया मरार पटेल समाज मिडिया प्रभारी व उपाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ सिहावाराज राजू पटेल, उपस्थित रहेंगे।

रासेयो शिविर में शामिल हुए बीज निगम अध्यक्ष

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम कोना (खट्टी)में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में बतौर मुख्यातिथि के रूप में छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर शामिल हुए। श्री चंद्राकर ने विवेकानंद स्वामी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना की। शिविर में मौजूद छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर ने कहा बच्चे देश के भविष्य है, शिविर में हमे घर जैसी सुविधा नही मिलती अभाव में रहकर परिस्थितियों को समझते हुए हम अपने आप को निखारे और सभी प्रकार के नशे से दूर रहे। उन्होंने कहा कि अपने आसपास में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखे, अपने माता पिता, गुरुजन एवं बुजुर्गों का सम्मान व सेवा करें। बीज निगम अध्यक्ष ने सभ्य समाज का निर्माण, भेदभाव मिटे ऐसे कार्य करने के लिए छात्रों को प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता किये रमेश शर्मा शउमा विद्यालय खट्टी ने की। इस अवसर पर पूर्व सरपंच दुजराम साहू, जनपद पंचायत सदस्य पुष्पा ध्रुव, केसरी चंद्रपाल चंद्राकर, उपसरपंच प्रभा ध्रुववंशी, उपसरपंच ग्राम खट्टी मनहरण साहू, पवन साहू, सहकारी सेवा समिति अध्यक्ष अनुराग चंद्राकर उपस्थित रहे।

भागवत कथा | **विभिन्न वार्डों में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में सम्मिलित हुए पालिका अध्यक्ष**

भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का संगम कराती है भागवत: निखिलकांत

महासमुंद/नवप्रदेश। धर्म नगरी महासमुंद के विभिन्न वार्डों में भक्तिमय धार्मिक कार्यक्रम श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन चल रहा है। जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू सम्मिलित हुए। उन्होंने नयापारा क्षेत्र के वार्ड 06, 07 एवं 08 तथा शंकर नगर वार्ड क्र. 1 में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा स्थल पहुँचकर भागवत भगवान की पूजा-अर्चना कर नगर की खुशहाली, सुख समृद्धि के लिए आशीर्वाद मांगा। तथा व्यास पीठ पर विराजित भगवताचार्य का पुष्पमाला, श्रीफल भेंटकर सम्मान किया।

श्री साहू ने सभी स्थानों पर कथा सुनने पहुँचे श्रद्धालुओं को संबोधित कर भागवत कथा का महात्म्य बताते हुए कहा कि भागवत कथा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि जीवन को अर्थपूर्ण बनाने, आध्यात्मिक उत्थान करने और परम सत्य को प्राप्त करने का एक दिव्य और महान मार्गदर्शक है। भागवत मोक्ष का मार्ग है, जो भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का संगम कराती है। मन को शुद्ध कर भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं के माध्यम से जीवन जीने की सही दिशा व उद्देश्य बताती है। इसीलिए इसे 'ज्ञान यज्ञ' भी कहा जाता है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में महासमुंद के विभिन्न वार्डों में श्रीमद् भागवत कथा का भक्तिमय आयोजन हो रहे हैं। जिससे धर्म नगरी महासमुंद का वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हो रहा है। ऐसे आयोजनों से बच्चों, युवाओं को अपने धर्म को समझने, जानने का अच्छा अवसर मिलता है तथा आपसी एकता भी प्रगाढ़ होती है। उन्होंने सभी वार्डों में आयोजन कर्ताओं को भक्तिमय आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सभापति ज्योति रिन्कू चंद्राकर, पार्षद नीरज चंद्राकर, रत्नेश साहू, बिट्टू साहू आदि मौजूद थे।

शहीद गैंद सिंह का बलिदान सर्व समाज के लिए सदैव स्मरणीय

नगरी/नवप्रदेश। ग्रामीण हल्बा समाज छिपली एवं सामतरा द्वारा देश के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर शहीद गैंद सिंह नायक की बलिदान दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर समाज के पुरुषों, महिलाओं एवं युवाओं ने गांव की गलियों में शहीद गैंद सिंह नायक अमर रहें के जयघोष के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली और एक-दूसरे को बधाई दी।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत नगरी के अध्यक्ष महेश गोटा रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि सन 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम से भी पहले शहीद गैंद सिंह नायक ने अंग्रेजी गुलामी और शोषण के विरुद्ध आवाज उठाई थी। बस्तर के आदिवासी भाई-बहनों के अधिकारों के लिए संघर्ष करने वाले अमर शहीद गैंद सिंह नायक का बलिदान हम सभी को देश सेवा और समाज हित के लिए सदैव प्रेरणा देता रहेगा। उनका त्याग सर्व समाज के लिए हमेशा अविस्मरणीय रहेगा।

कार्यक्रम में जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष हृदय साहू, भाजपा नेता कमल डागा, अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष लोकनाथ देव, सरपंच लिकेश्वरी पोटाई, उपसरपंच घेवर साहू, ग्राम पटेल मनहरण साहू, शेष नारायण देव, ओम प्रकाश देव, त्रिभुवन बिसेन, नकुल सोम, विजय बिसेन सहित ग्राम छिपली के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

सिख समाज द्वारा गुरुद्वारा साहिब से एक शहीदी स्मरण यात्रा निकाली गई

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। गुरु गोविंद सिंह जी के चार साहबजादे एवं माता गुजर कौर जी की अद्वितीय शहादत को याद करते हुए, नमन करते हुए नगर के सिख समाज द्वारा गुरुद्वारा साहिब से एक शहीदी स्मरण यात्रा निकाली गई । जो कि गुरुद्वारा साहिब से रेलवे चौक खंडूपारा ,जय स्तंभ चौक, गोल बाजार होते हुए गुरुद्वारा साहिब में संपूर्ण हुई। उक्त कार्यक्रम में समाज के अध्यक्ष गुरविंदर सिंह भाटिया सचिव रणदीप सिंह शम्मी भाटिया अध्यक्ष भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रामजी भारती, वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेंद्र सिंह बननोआना, शशिकांत द्विवेदी, सुनील जैन, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, कुलवंत कक्कड़ ,सांसद प्रतिनिधि तरुण हत्थेल, शहर मंडल अध्यक्ष जसमीत सिंह बन्नोंआना नपा उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा अमित जैन, सविता दरगढ, लक्ष्मी यादव, अनीता इंदुरकर, विनय बंसल, जनरेल सिंह अरोरा प्रकाश यादव मनजीत सिंह बग्गा, परमजीत सिंह, बबलू भाटिया, गुरविंदर सिंह भाटिया, इंदरपाल सिंह राजा, शिशुपाल भारती, प्रिंस कक्कड़, शुभंम परिहार सहित अन्य उपस्थित थे।

भाटापारा स्टेशन से पलायन का दौर जारी

ग्रामीणो का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्र में कोई रोजगार मुलक काम नही

भाटापारा/नवप्रदेश। रेल्वे स्टेशन में इन दिनो विभिन यात्री ट्रेनों में पलायन पर दुसरे राज्य की ओर जाने वालों ग्रामीणों व मजदुरी के कारण सीट प्राप्ति के लिए भारी मारामारी मची हुई है खासकर जनरल बोगियो में सीट पाने के लिए धक्का-मुकी का माहौल रोज देखा जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में खेती किसानी का कार्य समेटने के बाद गांव के अधिकतर कृषि मजदुर छोटे व मझोले दर्जे के किसान गांव में कोई भी रोजगार मुलक कार्य न होने के कारण बड़ी तादाद में अपने कदम अब महानगरों की ओर जाने के लिए उठा लिये है। परिणाम स्वरूप बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्र से लोग दुसरे राज्यों की और पलायन करने भाटापारा रेल्वे स्टेशन सुबह में रात तक हजारों की संख्या में पहुंच रहे है जिसके चलते दूर दराज की और जाने वाली सभी ट्रेनों में यात्रियों की संख्या में भारी

इजाफ देखने को मिल रहा है।

पलायनकर्ता ज्यादातर ग्रामीण व मजदुर अब विभिन्न ट्रेनो में बकायदा स्लीपर क्लास रिजर्वेशन कराकर बड़े शहरी की ओर जा रहे है वही अभी भी ज्यादातर लोग जनरल बोगियों में सफर करने मजबूर है। जनरल बोगियो की संख्या ट्रेनों में कम होने से पलायन कर्ता ग्रामीणों को ट्रेन में चढ़ने में काफी दिक्कतों से जुझना पड़ रहा है। खासकर महिला व बच्चे लेकर जाने वाली को अपने सामान की बड़ी बड़ी गठरी मोटरी लेकर भी ट्रेन में चढ़ना होता है इस बीच सीट हथियाने के लिए भी काफी मशक्कत का सामना करना पड़ रहा है। अधिकांश ट्रेनों में तो हालत यह है कि महिला बोगियों पर भी पुरुष व युवकों का कब्जा होने लगा है यात्रियों की भारी भीड़ के चलते अनेक रेल यात्रियो को मजबूरी में खड़े होकर यात्रा करना पड़ रहा है इस बीच पलायनकर्ता ग्रामीणो का कहना है कि उनके पास गांव में पर्याप्त काम व रोजगार नही होने से वे विभिन्न राज्यों के महानगर अहमदाबाद भुज कच्छ, जम्मु दिल्ली, पुणे, नाशिक, जोधपुर, नागपुर, कानपुर, गोरखपुर, इलाहाबाद, सोनीपत, पानीपत, रोहतक, हिसार, गाजियाबाद, लखनऊ, जयपुर कन्हान भोपाल, टाटानगर, जमशेदपुर, विशाखपटनम, भुनेश्वर, पटना यशवंतपुर, हैदराबाद, सिकंदराबाद, केरल सहित अन्य स्थानो की और जाने मजबुर है। ज्यादातर पलायनपकर्ता मजदुरो का कथन है कि महानगरो की ओर उन्हे भवन निर्माण एवं ईट भट्ठ काम मिल जा रहा है वहीं पर्याप्त मिलने के कारण वे राज्य छोड़कर बाहर रहे है।

तीसरे दिन आध्यात्मिक चेतना और सामाजिक दायित्व का संदेश

कोपरा में शौर्य समृद्धि राष्ट्र जागरण 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ

कोपरा नवापारा/नवप्रदेश। शांतिकुंज, हरिद्वार के तत्वावधान में भगवान कोपेश्वरनाथ की पावन धरा पर स्थित हाई स्कूल परिसर में आयोजित शौर्य, समृद्धि, राष्ट्र जागरण 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के तीसरे दिन आध्यात्मिक चेतना के साथ सामाजिक उत्तरदायित्व का सशक्त संदेश दिया गया। महायज्ञ के क्रमबद्ध आयोजनों में पहले दिन भव्य कलश यात्रा, दूसरे दिन यज्ञ-हवन एवं संगीत प्रवचन संपन्न हुए, वहीं तीसरे दिन देव मंच से जीवन में आध्यात्मिकता को उतारकर समाज और राष्ट्र के लिए उपयोगी बनने का आह्वान किया गया।देव मंच पर शांतिकुंज हरिद्वार से पधारे प्रज्ञा ऋषि पुत्र प्रमोद बारचे ने युग दृष्टा पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के विचारों को जनमानस तक पहुंचाते हुए कहा कि गायत्री महायज्ञ का मूल उद्देश्य केवल कर्मकांड नहीं, बल्कि संस्कार, संयम, सेवा, नशामुक्ति, चरित्र निर्माण और राष्ट्र शक्ति के संवर्धन को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति की आंतरिक उन्नति से ही परिवार, समाज और राष्ट्र का समग्र उत्थान संभव है।वैदिक मंत्रोच्चार और यज्ञीय आहुतियों से हाई

स्कूल प्रांगण सहित संपूर्ण यज्ञ मंडप आध्यात्मिक ऊर्जा और भक्ति भाव से ओतप्रोत हो गया। यज्ञ परिसर को विशेष रूप से सजाया गया था। जिससे वातावरण अत्यंत भक्तिमय और श्रद्धा से परिपूर्ण दिखाई दिया।महायज्ञ के दौरान विभिन्न संस्कार सम्पन्न हुआ। इसमें प्रमुख रूप से 20 गर्भवती बहनों का पुंसवन संस्कार, 21 भाई-बहनों का जन्मदिवस संस्कार, 44 बच्चों का विद्या आरंभ संस्कार,18 बच्चों का मुंडन संस्कार तथा 4 बच्चों का नामकरण संस्कार संपन्न कराया गया। वहीं शाम 3:30 बजे संगीतमय प्रवचन हुआ जिसमें मनुष्य को मनुष्य बनने की कला बताया गया। शाम 06 बजे 5001 दीप से यज्ञ स्थल में प्रज्वलित किया गया। दीप प्रज्वलित कर गायत्री महामंत्र से आहुतियां प्रदान की गई। इस आयोजन से नगर में आलौकिक प्रकाश कुंज जगमगाते रहे। आयोजक जिला गायत्री परिवार समन्वयक टीकम राम साहू ने बताया कि 26 दिसंबर को दीक्षा संस्कार, यज्ञोपवीत एवं उपनयन संस्कार का आयोजन होगा। इस पावन अवसर पर राज्य भंडार गृह अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, छत्तीसगढ़ गायत्री परिवार प्रमुख आदर्श वर्मा रायपुर, उप जोन प्रमुख मनहरण लाल साहू, राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक मुन्ना लाल देवदास, योगेश साहू, भागीरथी सिन्हा, उमा ठाकुर, पूर्व जनपद सदस्य नारायण साहू, डॉ. डी.आर. चक्रधारी, डॉ. योगानंद चक्रधारी, फिरंगी लाल पटेल, रिकेश साहू, पूर्व सरपंच सूरज दाऊ, नगर पंचायत उपाध्यक्ष तारणि कृष्णा सेन, कामलेश साहू, विद्या साहू, इशू तारक, अश्वनी साहू, झामन साहू, मुन्नालाल सेन, दिलीप वर्मा, गिरधर साहू, मंगलू साहू, विक्की साहू, धनंजय साहू, दिनेश सिन्हा, दिनेश साहू, महेश साहू, सष्टम साहू सहित नगर एवं आसपास क्षेत्र के हजारों धर्मप्रेमी माताएं बहनें और श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजन की भूमि पूजन से लेकर अब तक 24 देव कन्याओं द्वारा गायत्री मंत्र के सामूहिक जप से वातावरण में निरंतर सकारात्मक ऊर्जा का संचार हो रहा है।

मेडिकल कॉलेज की मांग को लेकर मंगल बाजार में हुई सभा

भाटापारा/नवप्रदेश। भाटापारा मे मेडिकल कॉलेज की मांग को लेकर सरयू साहित्य द्वारा हस्ताक्षर अभियान एवं सभा का आयोजन कर इस मांग को पूरा करने का अनुरोध सरकार से किया गया। संयुक्त जिला का सबसे बड़ा शहर होने के कारण यहां धार्मिक आयामों का आयोजन होता रहता है। इस शहर मे जहां उन्नत व्यापारिक परिवेश है बड़ी कृषि उपज मंडी है , मुंबई हावड़ा मुख्य रेलमार्ग पर बसा होने के बावजूद सुविधाओं के मामले मे शिक्षा एवं स्वास्थ्य जैसी महत्वपूर्ण सुविधाओं से अत्यंत पिछड़ा हुआ नजर आता है,जिसकी पीड़ा समय समय पर उभरती रहती है,चूंकि जिले मे मेडिकल कॉलेज प्रारंभ होने की संभावना है लिहाजा असुविधाओं से घिरे शहर मे स्वास्थ्य के बिंदु को लेकर एक आस की किरण जग रही है और

मेडिकल कॉलेज की मांग अब तेज हो गई है। क्षेत्र में शिक्षा एवं स्वास्थ्य के उन्नयन की संभावना को देखते हुए नगर की रचनात्मक संस्था सरयू साहित्य परिषद द्वारा वृहद हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत नगर के समाज संगठन प्रमुखों प्रबुद्धजनों विशिष्टजनों एवं समस्त जनों से हस्ताक्षर स्वरुप मे मेडिकल कॉलेज की मांग के प्रति सहमति एवं अभिव्यक्ति प्राप्त की जा रही है,परिषद के अध्यक्ष गौरीशंकर शर्मा द्वारा बताया गया कि मुख्यमंत्री के नाम तैयार ज्ञापन को क्षेत्र के प्रमुख जनप्रतिनिधिगणों को सौंपा जाएगा एवं प्रदेश के मुखिया के समक्ष जनभावना को रखने का आग्रह किया जाएगा। शर्मा ने बताया कि इसी सिलसिले में मंगलबाजार मे सभा का आयोजन किया गया जिसमे बड़ी संख्या मे नागरिकगणों के बीच प्रबुद्धजनों एवं समाज प्रमुखों द्वारा अपने विचार रखे गये तथा क्षेत्र मे मेडिकल कॉलेज की आवश्यकता एवं महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए सभी वक्ताओं द्वारा एक स्वर मे भाटापारा मे मेडिकल कॉलेज के स्थापना की मांग की गयी।

सीईओ जिला पंचायत ने किया पीएम आवासों का औचक निरीक्षण

भाटापारा/नवप्रदेश। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री दिव्या अग्रवाल ने शनिवार को जनपद पंचायत सिमगा के विभिन्न ग्राम पंचायतों का आकस्मिक निरीक्षण किया। संबंधित अधिकारियों व हितग्राहियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी निर्माणाधीन आवासों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। सीईओ ने जनपद पंचायत सिमगा के ग्राम पंचायत दामाखेड़ा, किरवई, धोबनी एवं बछेरा का सघन दौरा किया जिसमें वर्ष 2024-25 और 2025-26 के निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवासों की जमीनी हकीकत से रूबरू हुईं। इस दौरान विशेष रूप से हितग्राही निर्मला,मदन, विजय,दसरू एवं रमेश के आवासों का भौतिक सत्यापन किया गया। निरीक्षण के दौरान

आवासों के निर्माण की धीमी गति पर नराजगी जाहिर की और संबंधित अधिकारियों व हितग्राहियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी निर्माणाधीन आवासों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए एवं वर्ष 2025 26 के सभी आवासो को एक सप्ताह में प्रारम्भ कराने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान जनपद सीईओ, जिला समन्वयक सहित अन्य अधिकारी - कर्मचारी मौजूद थे।

भ्रष्टाचार की बहती गंगा में बह गई विकास की नाली !

गरियाबंद/नवप्रदेश। कहते हैं कि विकास की राह काँटों भरी होती हैए लेकिन गरियाबंद के

ग्राम पंचायत हरदी में तो विकास की राह श्कीचड़श् भरी हो गई है। यहाँ सरकारी खजाने से लाखों रुपये की लागत से एक ऐसी श्अमरश् नाली का निर्माण कराया गयाए जिसकी उम्र किसी बुलबुले से भी कम निकली। निर्माण के महज 30 दिन बीतते.बीतते नाली ने दम तोड़ दियाए मानो वह खुद शर्मिंदा थी कि उसे बिना पानी ;क्योरिंगद्ध और घटिया सामग्री के सहारे खड़ा किया गया है।

शीतला पारा के ग्रामीण चित्रसेन साहू और चेतन लाल साहू की मानेंए तो यह निर्माण कार्य किसी चमत्कार से कम नहीं था। यहाँ सीमेंट को पानी पिलाने की रस्म ;क्योरिंगद्ध शायद इसलिए नहीं निभाई गई क्योंकि जिम्मेदारों को लगा होगा कि नाली तो खुद पानी बहाने के लिए हैए इसे अलग से पानी की क्या जरूरतघ् परिणाम स्वरूपए नाली अब टुकड़ों में बंटकर अपनी बदहाली की कहानी खुद बयां कर रही है।

गौरव पथ या ष्कीचड़ पथ : लाखों की नाली टूटने का सबसे ज्यादा नुकसान मोहल्ले के गौरव पथ को हुआ है। नाली जाम होने से सारा गंदा पानी अब सड़क पर है। जिस सड़क को श्गौरवश् का प्रतीक होना थाए वह अब ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बन गई है।

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 5)

- ईदगाहभाठा नवीन पानी टंकी परिसर,रायपुर -

Email ID - rmczone5@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 26902 दिनांक 27.12.2025

वार्ड का नाम- 40- पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 40 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR569B00684** जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती **S.V.V. SOMASHAKHER** पिता / पति श्री/श्रीमती **S/O S.V. SWAMY** के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती **S. YASODA** पिता /पति श्री/श्रीमती **W/O S.V. SWAMY** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **पंजीकृत हक त्याग विलेख** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "

(जोन कमिश्नर)

जोन (5)

नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

भंडार प्रबंधन विभाग

ई-टेंडर नोटिस नं. एन.आई.टी/14/25/56, तिथि :- 23-दिसम्बर-2025

क्र. सं.	निविदा सं.	विवरण	निविदा बंद/ खुलने की तिथि	मात्रा
1	04255052B	16.5 एमव्हीए ओएनएएन 55 केव्ही/ 27.5 केव्ही 50एचजेड ऑटो ट्रांसफारमर विथ बुशिंग सीटी, ऑयल एंड अदर ईक्वीपमेंट	14-01-2026	16 नग
2	03252673B	योक फॉर अपग्रेडेड हाई टेंसिल सेंटर बफर कपलर फॉर बीक्सएनएचएल/ बीसीएनएचएल वैगन	14-01-2026	1606 नग
3	05255385	केबल पीव्हीसी इंसुलेटेड हेवी ड्यूटी आरमाउर्ड अनस्क्रिन्ड पावर केबल 2 कोर x 70 एसक्यू. एमएम.	12-01-2026	65 किलोमीटर
4	05255403	24/48 फाइबर आरमाउर्ड ऑप्टिकल फाइबर केबल (ओएफसी केबल)	15-01-2026	126.5 किलोमीटर
5	06250094B	रनिंग कॉंट्रेक्ट फॉर "सप्लाए ऑफ इम्प्रूव्ड स्विच एक्सपेंशन जॉईंट-60 केजी टू आरडीएसओ डीआरजी.नं. टी-6902 (एल्ट-5)"	16-01-2026	740 सेट
6	06250082B	रनिंग कॉंट्रेक्ट फॉर द सप्लाए ऑफ "10125 एमएम थिक वेब स्विचेस-60 केजी 1 इन 12 एज पर आरडीएसओ डीआरजी. नं. टी-6155, एल्ट-13"	15-01-2026	770 सेट
7	06250095A	रनिंग कॉंट्रेक्ट फॉर "सीएमएस क्रॉसिंग 60 केजी 1 इन 12 कनफर्मिंग टू आरडीएसओ डीआरजी. नं. टी-4220 एल्ट-8"	15-01-2026	1175 सेट
8	04255094	रनिंग कॉंट्रेक्ट फॉर अन-इंसुलेटेड कैडमियम कॉपर कैटेनरी वायर 65 एसक्यू एमएम (19/2.10 एमएम)	14-01-2026	590 एमटी
9	08256973	फाकोएमुल्सीफिकेशन विथ विट्रेक्टोमी मशीन हैविंग स्टेट कटर	02-01-2026	1 नग

निविदा खुलने/बंद होने का समय : At 10:30 बजे।

रेलवे को किसी निविदा के लिए शुद्धिपत्र जारी करने का अधिकार है। शुद्धिपत्र और ई-खरीद की जरूरी सूचना वेंडर www.ireps.gov.in पर देख सकते हैं।

सीपीआर/10/566 सहायक सामग्री प्रबंधक-III, कृते प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक

South East Central Railway | X @secrail

कार्यालय नगरपालिका परिषद् सूरजपुर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

Phone:- 07775-266355/Fax:- 07775-266956 /
Email Id:- nagarpalikasurajpur@gmail.com

क्रमांक /1217/ न.पा.प./2025-26 **सूरजपुर, दिनांक 26/12/2025**

- मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना -

एतद् द्वारा नगर पालिका परिषद् सूरजपुर अंतर्गत विभिन्न निर्माण कार्य पी.डब्ल्यू.डी. (भवन एस.ओ.आर. 01.01.2015/ रोड एस.ओ.आर. दिनांक 01.01.2025) से प्रभावशील की दरों से अधिक/बराबर/कम प्रतिशत दर से सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से चार लिफाफा पद्धति से मुहरबंद लिफाफा में स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड पोस्ट के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त लिफाफे में कार्य का नाम, टी.डी. आर./एफ.डी.आर. क का विवरण एवं दिनांक लिफाफे के उपर अंकित होने पर ही लिफाफा स्वीकार किया जाएगा।

1. निविदा पंजीकृत डाक से प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय - 16/01/2026 सायं 5.00 बजे तक
2. निविदा खुलने की अंतिम तिथि - 19/01/2026 सायं 3.00 बजे तक

क्र.	कार्य का विवरण	अनु. लागत (वार्षिक)	अमानत राशि (रूपये)	निविदा प्रपत्र मूल्य (रूपये)
1	वार्ड क्र. -01 नितेश सोनी घर से के पास नरेश पटेल घर तक सी.सी. रोड ।	6.57	5000.00	750.00
2	वार्ड क्र.-01 राकेश जिंदल घर से राजेन्द्र तिवारी घर तक सी.सी. रोड।	5.33	5000.00	750.00
3	वार्ड क्र.-01 होलसाय घर से ठाकुर प्रसाद घर तक सी.सी. रोड।	9.60	7500.00	750.00
4	वार्ड क्र.-02 कांजी हाउस से सज्जन सिंह घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य	9.19	7000.00	750.00
5	वार्ड क्र.-02 नमदगिरी रोड से लेकर परमेश्वर सिंह के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य	5.98	5000.00	750.00
6	वार्ड क्र.-02 महादेव धाम में चारो ओर तटबंध निर्माण कार्य।	3.04	3100.00	750.00
7	वार्ड क्र.-03 ग्लोबल स्कुल के पास रिटेनिंग वॉल निर्माण कार्य।	5.94	5000.00	750.00
8	वार्ड क्र.-04 नमदगिरी रोड दुर्गा पंडाल के पास बाउण्ड्रीवॉल निर्माण कार्य।	7.56	5800.00	750.00
9	वार्ड क्र.-4 अनीता ठाकुर घर से रवि खांदानी घर तक नाली निर्माण कार्य।	4.66	4700.00	750.00
10	वार्ड क्र.-04 सुरेश ठाकुर से रामानुज घर तक नाली निर्माण कार्य।	3.73	3800.00	750.00
11	वार्ड क्र.-05 सतीश यादव घर से रमेश साहू घर सी.सी. रोड निर्माण कार्य।	5.22	4000.00	750.00
12	वार्ड क्र.-05 सकील घर से समशेर घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य।	4.35	4500.00	750.00
13	वार्ड क्र.-05 गुलाब घर से शंकर घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य।	2.82	3000.00	750.00
14	वार्ड क्र.-05 मंशुर घर से अंसारी घर से होते हुए मुस्ताक घर तक आर.सी.सी. ड्रेन निर्माण कार्य।	6.17	5000.00	750.00
15	वार्ड क्र.- 07 दिपक सोनी के घर से जमुना विशवकर्मा के घर तक 150 मीटर नाली / स्लेब निर्माण कार्य ।	6.33	5000.00	750.00
16	वार्ड क्र.-08 रिन्कु यादव घर से रिंग रोड तक आर.सी.सी. ड्रेन निर्माण कार्य।	4.16	4500.00	750.00
17	वार्ड क्र.-08 शिवलाल घर से मन्नु गुरुजी घर तक आर.सी.सी. ड्रेन निर्माण कार्य।	4.16	4500.00	750.00
18	वार्ड क्र.-08 अशोक साहू घर से हरिओम साहू घर तक आर.सी.सी. ड्रेन निर्माण कार्य।	8.31	6500.00	750.00
19	वार्ड क्र.-09 देवपाल घर से प्रसन्न एक्का घर तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य।	4.48	4500.00	750.00
20	वार्ड क्र.-10 रजंन कश्यप घर से गोबिन्द्र राजवाड़े घर सी.सी. रोड निर्माण कार्य।	2.08	2200.00	750.00
21	वार्ड क्र.-10 कोंडिया के घर के जाकिर के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य	9.56	7500.00	750.00
23	वार्ड क्र.-10 कलीम के घर से अहमद के घर तक नाली निर्माण कार्य	1.98	2000.00	300.00
24	वार्ड क्र.-11 अनील गुप्ता घर से प्रकाश बैग घर तक एवं तेज बहादुर से कुआ तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य।	6.67	5200.00	750.00
25	वार्ड क्र.-11 रिटेनिंग वॉल निर्माण कार्य।	6.72	5200.00	750.00
26	वार्ड क्र.-11 दुर्गा पंडाल के पास शेड निर्माण कार्य	7.12	5500.00	750.00
27	वार्ड क्र.-12 नरेश घर से हाई स्कुल होते हुए फुलसाय घर तक आर.सी.सी. नाली व स्लैब कव्हर निर्माण कार्य।	8.51	6500.00	750.00
28	वार्ड क्र.-12 सिविल कॉलोनी कर्मचारी क्वॉटर के पास तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य।	3.19	3300.00	750.00
29	वार्ड क्र.-12 अखिलेश रजक घर से सलीम घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य।	8.30	6500.00	750.00
30	वार्ड क्र.-12 रंगमंच के पास पुलिया निर्माण कार्य।	8.88	7000.00	750.00
31	वार्ड क्र.-13 ट्रांसफर्मार से गुरूजी घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य।	9.55	7500.00	750.00
32	वार्ड क्र.-13 छोला घर से सुरेन्द्र देवांगन घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य।	9.84	7500.00	750.00
33	वार्ड क्र.-14 में सी.सी. सोल्डर कार्य।	6.10	4700.00	750.00
34	वार्ड क्र.-15 बृजमोहन साहू के घर के सामने RCC नाली एवं स्लैब निर्माण	2.37	2500.00	750.00
35	वार्ड क्र.-15 समलाई मंदिर में शेड निर्माण कार्य।	2.62	3000.00	750.00
36	वार्ड क्र.-16 रतनलाल घर से माधव स्वीपर घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य	2.80	3000.00	750.00
37	वार्ड क्र. 16 शम्भू घर से गंगा घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य।	8.10	6200.00	750.00
38	वार्ड क्र. 16 गगन घर से पुनीत घर तक फुटपाथ निर्माण कार्य	3.34	3500.00	750.00
39	वार्ड क्र.-17 शिवा साहू से दीपक पुरी घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य।	7.96	6500.00	750.00
40	वार्ड क्र.-17 राधे राजवाड़े घर से सुभाष देवांगन घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य।	3.35	3500.00	750.00
41	वार्ड क्र.-17 दलगर राजवाड़े घर से सुकुल राजवाड़े घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य।	3.11	3500.00	750.00
42	वार्ड क्र.-17 बगीचापारा में शेड निर्माण कार्य।	5.42	4200.00	750.00
43	वार्ड क्र.-17 राजा ढोढी में टाईल्स, चबुतरा एवं रैलिंग कार्य।	0.85	2000.00	300.00
44	वार्ड क्र.-17 प्राथमिक बालक शाला बड़कापारा के पास शेड के निचे टाईल्स एवं स्टील रैलिंग कार्य	1.06	2000.00	300.00
45	वार्ड क्र.-17 बेचन घर से समुद्री घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य।	1.67	2000.00	300.00
46	वार्ड क्र.-18 राजेश देवांगन ड्राईवर घर के पास सी.सी. रोड निर्माण कार्य।	1.79	2000.00	300.00
47	वार्ड क्र.-18 रामलाल चेरवा घर के पास सी.सी. रोड निर्माण कार्य।	1.91	2000.00	300.00

निविदा फार्म विभागीय वेबसाईट से डाउनलोड कर निविदा में भाग ले सकेगें। विस्तृत जानकारी हेतु न.पा. कार्यालय एवं विभागीय वेबसाईट https:/uad.cg.gov.in से प्राप्त की जा सकती हैं।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद् सूरजपुर
जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

सर्वमंगला जोन के 5 वार्डों को मिली 1 करोड़ 55 लाख के विकास कार्यों की सौगात

उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन एवं महापौर संजूदेवी राजपूत ने किया विकास कार्यो का भूमिपूजन

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम कोरबा के सर्वमंगला नगर जोनांतर्गत 05 वार्डो को 01 करोड़ 55 लाख रूपये के विकास कार्यो की सौगात प्राप्त हुई। प्रदेश के उद्योग, श्रम, आबकारी व सार्वजनिक उपक्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य एवं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत की अध्यक्षता में आयोजित इन विकास कार्यो का भूमिपूजन व लोकार्पण किया गया। इनमें से 01 करोड़ 10 लाख रूपये के विकास कार्यो का भूमिपूजन व 44 लाख 29 हजार रूपये के विकास कार्यो का लोकार्पण सम्पन्न हुआ। इस मौके पर सभापति श्री नूतन सिंह ठाकुर सहित निगम के पार्षदगण, जनप्रतिनिधिगण विशेष रूप से उपस्थित थे।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वार्ड क्र. 64 सर्वमंगलानगर जोन अंतर्गत स्थित प्राथमिकता शाला इमलीछापर में 31 लाख 30 हजार रूपये की लागत से नवीन भवन का निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 65 आनंद नगर भैरोताल में लोहारघाट खोलर नदी के किनारे सार्वजनिक उपयोग हेतु 15 लाख रूपये की लागत से मंगल भवन निर्माण, वार्ड क्र. 66 अंतर्गत सेन्द्री दफाई से रेलवे दफाई तक 15 लाख रूपये की लागत से सी.सी. रोड निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 61 बरमपुर शिव मंदिर से ठाकुरदिया देव स्थल चैक तक 20 लाख रूपये की लागत से सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 61 कुसमुण्डा मिनी स्टेडियम वैशाली नगर में 10 लाख रूपये की लागत से सांस्कृतिक मंच निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 62 अंतर्गत सर्वमंगला नगर दुरपा मंझवार मोहल्ला में 10 लाख रूपये की लागत से मंगल भवन एवं नाली निर्माण कार्य, नगर पालिक निगम क्षेत्रांतर्गत सर्वमंगला नगर जोन अंतर्गत 03 शासकीय स्कूलों में 09 लाख रूपये की लागत से किचन शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन एवं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत के द्वारा किया गया।

इन विकास कार्यो का लोकार्पण

इसी प्रकार वार्ड क्र. 65 अंतर्गत कपाटमुड़ा में स्थित शासकीय प्राथमिक शाला भवन में 16 लाख 58 हजार रूपये की लागत से नवीन भवन का निर्माण कराया गया है, सर्वमंगला मंदिर के पास स्वच्छ भारत मिशन 2.0 अंतर्गत 17 लाख 71 हजार रूपये की लागत से आकांक्षीय शौचालय का निर्माण कार्य भी किया गया है तथा वार्ड क्र. 62 अंतर्गत बजरंग चैक छोटे दशहरा मैदान के पास 10 लाख रूपये की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण हुआ है, इन तीनों कार्यो का लोकार्पण भी उद्योग मंत्री श्री देवांगन व महापौर श्रीमती राजपूत के करकमलों से सम्पन्न हुआ।

वर्षो की समस्याएं हो रही दूर

इस मौके पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने अपने उद्बोधन में कहा कि नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में व्याप्त बर्षो की समस्याएं दूर की जा रही हैं तथा उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन के मार्गदर्शन में व्यापक पैमाने पर विकास कार्य प्रारंभ हो रहे हैं। उन्होने उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि आपने देश में, प्रदेश में एवं निगम में हमारी सरकार बनाई है, आपके आशीर्वाद से ट्रिपल इंजन की सरकार काम कर रही है और इसी का परिणाम है कि वार्ड, बस्ती, गली, मोहल्ले आदि का तेजी से विकास हो रहा है।

भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान सभापति श्री नूतन सिंह ठाकुर के साथ ही पार्षद आरती लखन सिंह, प्रेम साहू, भानुमति जायसवाल, रामाधर पटेल, लक्ष्मण श्रीवास, मण्डल अध्यक्ष मनीष मिश्रा, माधव जायसवाल, लखन सिंह, नरेन्द्र पाटनवार, आकाश श्रीवास्तव, अनिल यादव, देवकी साहू, दर्शन सिंह चांवला, हरीसिंह पटेल, जितेन्द्र सिंह राजपूत, मीना तिवारी, भूपेन्द्र बरेठ, प्राचार्य दुकालूराम देवांगन, बाबी गभेल, रामेश्वर वैष्णव, नंदनी साहू, प्रशांत मिश्रा, अजय कश्यप, सुनीता पटेल, माखन यादव, रामधन पाण्डेय, श्यामसुंदर राठौर, निगम के जोन कमिश्नर सुनील टांडे, सहायक अभियंता रमेश सूर्यवंशी, उप जोन प्रभारी पुखराज यादव, बालकृष्ण साहू, राधे कौशिक आदि के साथ काफी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।

विकास, सुशासन व भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन देने का कार्य कर रही राज्य सरकार

इस अवसर पर दिए गए अपने उद्बोधन में उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की अगुवाई में प्रदेश सरकार राज्य में विकास के साथ-साथ सुशासन व भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन देने का कार्य कर रही हैं, सम्पूर्ण प्रदेश विगत दो वर्षो के दौरान प्रदेश में जहॉ एक ओर विकास को तेज गति प्राप्त हुई है, वहीं दूसरी ओर आमजनता के हितों के मद्देनजर दर्जनों जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने जिला खनिज न्यास मद की एक बड़ी सौगात हम सबको दी है, आज जिला खनिज न्यास मद से शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक पैमाने पर विकास कार्य हो रहे हैं। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की अगुवाई में हमारा देश सभी क्षेत्रों में तेजी से प्रगति कर रहा है तथा विकसित भारत का सपना साकार होने की ओर है। उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने आगे कहा कि जहॉ तक कोरबा के विकास का प्रश्न है तो कोरबा नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्डो में बिना किसी भेदभाव के वार्ड की जनता की मांग व आवश्यकता को देखते हुए व्यापक पैमाने पर विकास कार्य कराए जा रहे हैं तथा प्रतिदिन करोड़ों रूपये के विका कार्य प्रारंभ हो रहे हैं।

ट्रैफिक जाम से राहत, एनएच-53 पर सर्विस रोड का होगा चौड़ीकरण, 382 अतिक्रमण हटेंगे

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी में राष्ट्रीय राजमार्ग-53 पर रोजाना लगने वाले ट्रैफिक जाम से राहत दिलाने के लिए बड़ा कदम उठाया जा रहा है। लाभांडी से सरोना चौक तक सर्विस रोड को दोनों ओर 10-10 मीटर चौड़ी की जाएगी। इस कार्य के लिए सर्विस रोड पर किए गए 382 अतिक्रमण हटाए जाएंगे। एनएचएआइ अधिकारियों के अनुसार इस मार्ग की जमीन का अधिग्रहण करीब 20 वर्ष पहले ही किया जा चुका था, लेकिन कई स्थानों पर भू-स्वामियों द्वारा दोबारा कब्जा कर लिया गया है, जिसे अब हटाया जाएगा। वर्तमान में एनएच-53 पर दोनों ओर सर्विस रोड की चौड़ाई 5-5 मीटर है। करीब 15 किलोमीटर लंबे इस हिस्से में सर्विस रोड के किनारे नई नालियों का निर्माण भी किया जाएगा, जो पूरी तरह कवर्ड रहेंगी। इससे बरसात के दौरान जलभराव की समस्या से भी राहत मिलेगी।

भू-अर्जन की जरूरत नहीं

एनएचएआइ के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि सर्विस रोड चौड़ीकरण के लिए प्राधिकरण के पास पर्याप्त भूमि उपलब्ध है, इसलिए किसी प्रकार के नए भू-अर्जन की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। अतिक्रमण हटने के बाद चौड़ी और सुव्यवस्थित सर्विस रोड तैयार की जाएगी। चौड़ीकरण के बाद सर्विस रोड पर वाहनों की पार्किंग पर भी प्रतिबंध रहेगा, जिससे यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे।

फ्लाईओवर निर्माण की तैयारी अंतिम चरण में

अधिकारियों के अनुसार एक माह के भीतर डीपीआर तैयार होने के बाद टेंडर प्रक्रिया पूरी की जाएगी और फरवरी से निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। फिलहाल प्रस्तावित फ्लाईओवर स्थलों पर मिट्टी परीक्षण (जियो-टेक सर्वे) का कार्य तेजी से जारी है। इससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता और तकनीकी मजबूती की जाएगी।

व्यस्त इलाकों को मिलेगी राहत

एनएचएआइ रायपुर के क्षेत्रीय अधिकारी प्रदीप कुमार लाल ने बताया कि सर्विस रोड चौड़ीकरण और फ्लाईओवर निर्माण के बाद इस पूरे कारिडोर में ट्रैफिक व्यवस्था में बड़ा सुधार आएगा। उद्योग भवन, तेलीबांधा और सरोना चौक जैसे व्यस्त इलाकों में रोजाना लगने वाले जाम से लोगों को राहत मिलेगी।

मंत्री व महापौर ने बुधवारी फुट ओव्हरब्रिज में किया प्रकाश व्यवस्था का लोकार्पण

रायपुर/नवप्रदेश। उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन एवं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने बुधवारी फुट ओव्हरब्रिज में निगम द्वारा की गई प्रकाश व्यवस्था कार्य का लोकार्पण किया, तो वहीं निहारिका सुभाष चैक एवं सर्वमंगला मंदिर के समीप स्थित वृद्धाश्रम में ऊर्जादक्ष इलेक्ट्रिक हीटर का शुभारंभ भी किया। इस मौके पर मेयर इन काउंसिल सदस्य अजय गोंड़, पार्षद पंकज देवांगन, राकेश वर्मा, नरेन्द्र पाटनवार, आकाश श्रीवास्तव, वैभव शर्मा, कार्यपालन अभियंता राकेश मसीह, सहायक अभियंता विपिन मिश्रा आदि के साथ अन्य नागरिकगण उपस्थित थे। यहॉ उल्लेखनीय है कि नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा बुधवारी बाजार से सड़क के दूसरी ओर स्थित पार्किंग तक पहुंचने के लिए मुख्य मार्ग पर पूर्व में फुटओव्हर ब्रिज का निर्माण कराया गया था, किन्तु फुट ओव्हरब्रिज के ऊपर प्रकाश व्यवस्था का अभाव था, ब्रिज में रात्रि के समय अंधेरा रहने से ब्रिज का उपयोग न होने एवं ब्रिज के ऊपर असामाजिक तत्वों द्वारा गलत गतिविधियां करने की संभावना बनी रहती थी। निगम द्वारा उक्त ओव्हरब्रिज में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था का कार्य करते हुए कलर लाईटें स्थापित की गई हैं, गुरूवार की रात्रि को उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन एवं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने उक्त प्रकाश व्यवस्था का लोकार्पण किया, उन्होने जैसे ही स्वीच आन किया, वैसे ही सम्पूर्ण फुट ओव्हरब्रिज विभिन्न रंगों के प्रकाश से जगमगा उठा। उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन एवं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने निहारिका स्थित सुभाष चैक एवं सर्वमंगला मंदिर के समीप स्थित वृद्धाश्रम में ऊर्जादक्ष इलेक्ट्रिक हीटर का शुभारंभ किया। यहॉ उल्लेखनीय है कि नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा एक सराहनीय पहल करते हुए इस ठिठुरन भरी ठंड से लोगों को राहत दिलाने हेतु बिजली से चलने वाले एवं ऊर्जा दक्ष इलेक्ट्रिक ताप हीटर शहर के प्रमुख चैक-चैराहों, सार्वजनिक स्थानों, वृद्धाश्रम, आश्रय स्थलों, रैनबसेरा आदि में स्थापित किए जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से बदली महिलाओं की रसोई, धुएं से मिली मुक्ति

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत आज चार पात्र हितग्राहियों को निःशुल्क एलपीजी गैस सिलेंडर वितरित किए गए। सिलेंडर मिलते ही महिलाओं के चेहरों पर सुकून और खुशी साफ झलक उठी। यह खुशी केवल सुविधा मिलने की नहीं, बल्कि वर्षों से झेली जा रही कठिनाइयों से मुक्ति की थी। कच्चे मकानों में जीवन यापन कर रहीं राजेश्वरी साहू, मीना यादव, परमेश्वरी वर्मा और पावर्ती के लिए यह दिन सपने के साकार होने जैसा रहा।

अब तक चूल्हे पर खाना बनाते समय धुएं से आंखों में जलन, सांस की दिक्कत और बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले

दुष्प्रभाव उनकी रोजमर्रा की मजबूरी थे। उज्ज्वला योजना के अंतर्गत स्वच्छ रसोई ईंधन उपलब्ध होने से न केवल रसोई का वातावरण बदला है, बल्कि घर-परिवार के स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक असर पड़ा है।

मेड़ेसरा निवासी श्रीमती राजेश्वरी साहू ने बताया कि निःशुल्क एलपीजी कनेक्शन मिलने से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की महिलाओं को सुरक्षित, स्वच्छ और किफायती ईंधन सुलभ हुआ है। आवेदन प्रक्रिया सरल रही केवल पासपोर्ट आकार का फोटो, निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, आधार कार्ड और बैंक खाते का विवरण जमा कर बिना किसी जमा राशि के कनेक्शन प्राप्त हुआ। इससे महिलाओं पर किसी तरह का आर्थिक बोझ नहीं पड़ा और घरेलू श्रम के साथ समय की भी बचत हो रही है। रवेली निवासी श्रीमती परमेश्वरी वर्मा ने कहा कि पहले चूल्हे के धुएं से छोटे बच्चों को भी परेशानी होती थी। अब गैस सिलेंडर मिलने से बच्चों को धुएं से राहत मिलेगी और भोजन जल्दी व सुरक्षित तरीके से बन सकेगा।

जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर रायपुर में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

रायपुर/नवप्रदेश। आगामी जनगणना-2027 के सफल आयोजन एवं प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर रायपुर में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य जनगणना प्रक्रिया से जुड़े विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी देना तथा फील्ड स्तर पर कार्यरत अमले को कार्यकुशल बनाना रहा। कार्यक्रम में बताया गया कि जनगणना देश की महत्वपूर्ण प्रशासनिक प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से जनसंख्या, सामाजिक एवं आर्थिक आंकड़े एकत्रित किए जाते हैं। यह आंकड़े शासन की विभिन्न योजनाओं, विकास कार्यों एवं नीतिगत निर्णयों के लिए आधार प्रदान करते हैं। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को जनगणना के चरणों, डिजिटल माध्यम से डेटा संग्रह, घर-घर सर्वेक्षण की प्रक्रिया, गोपनीयता बनाए रखने तथा समयबद्ध कार्य निष्पादन के संबंध में विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही संभावित चुनौतियों एवं उनके समाधान पर भी चर्चा की गई।

छत्तीसगढ़ में वीर बाल दिवस का राज्यव्यापी आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। भारत सरकार के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ में आज 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस राज्यभर में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। यह दिवस दसवें सिख गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी के वीर पुत्रों साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह एवं बाबा फतेह सिंह के बलिदान की स्मृति में आयोजित किया गया।

राजधानी रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग की संचालक श्रीमती रेणुका श्रीवास्तव, संयुक्त संचालक श्री नंदलाल चौधरी, यूनिसेफ राज्य प्रमुख सुश्री चेतना देसाई, श्री विपिन ठाकुर, उप संचालक श्रीमती नीलम देवांगन सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी एवं रायपुर, महासमुंद व धमतरी की बाल देखरेख संस्थाओं के उत्कृष्ट बच्चे शामिल हुए।

राज्य एवं जिला स्तर पर आंगनबाड़ी केंद्रों, विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं बाल देखरेख संस्थाओं में बच्चों के लिए चित्रकला, निबंध, भाषण, नाटक, प्रश्नोत्तरी, रैलियों एवं खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। साथ ही सभी स्थानों पर बच्चों को नई दिल्ली से आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के उद्बोधन का लाइव टेलिकास्ट भी दिखाया गया। इस अवसर पर साहिबजादों की शहादत से प्रेरणा लेते हुए बच्चों में साहस, देशभक्ति, आत्मविश्वास और नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का संदेश दिया गया।

बस्तर के उद्योगों में ग्रीन पैकेजिंग की नई पहल

रैम्प योजना के तहत व्यवसायियों और स्व-सहायता समूहों के लिए आयोजित हुई जागरूकता कार्यशाला

रायपुर/नवप्रदेश। बस्तर जिले में औद्योगिक विकास को पर्यावरण-अनुकूल दिशा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और दूरदर्शी पहल की गई है। शुक्रवार को जगदलपुर स्थित कलेक्टोरेट के प्रेरणा कक्ष में राइजिंग एंड एक्सीलरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस योजना (रैम्प) के अंतर्गत एक विशेष जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य जिले के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) तथा स्व-सहायता समूहों को ग्रीन पैकेजिंग के महत्व से अवगत कराना और इस नवाचार को अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा।

कार्यशाला में बड़ी संख्या में स्थानीय उद्यमी, नवोदित व्यवसायी और स्व-सहायता समूहों के प्रतिनिधि शामिल हुए, जो पैकेजिंग सामग्री निर्माण के क्षेत्र में भविष्य की संभावनाएं तलाश रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान भारतीय गुणवत्ता परिषद एवं सिपेट रायपुर के विषय विशेषज्ञों ने ग्रीन पैकेजिंग से जुड़ी तकनीकी जानकारियां साझा कीं। उन्होंने स्थानीय स्तर पर उपलब्ध प्राकृतिक एवं पुनर्चक्रण योग्य सामग्रियों से पर्यावरण-अनुकूल पैकेजिंग तैयार करने की विधियों, लागत लाभ और बाजार में इसकी बढ़ती मांग पर विस्तार से प्रकाश डाला।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रतीक जैन ने कहा कि ग्रीन पैकेजिंग केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम नहीं है, बल्कि यह आर्थिक विकास और रोजगार सृजन का एक सशक्त जरिया भी बन सकती है। उन्होंने कहा कि इस पहल के माध्यम से बस्तर के उत्पादों को वैश्विक बाजार में एक विशिष्ट पहचान मिलेगी और स्थानीय उद्यमों की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता में वृद्धि होगी।

इस अवसर पर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय के रैम्प कार्यक्रम की संचालक सुश्री अंकिता पांडे ने योजना की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह कार्यक्रम एमएसएमई सेक्टर को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत उद्यमियों को तकनीकी सहयोग के साथ-साथ विलंबित भुगतान जैसी व्यावहारिक समस्याओं के समाधान में भी सहायता प्रदान की जाती है। वहीं, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग विभाग के श्री अरविंद तिवारी ने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा की, ताकि उद्यमी इनका अधिकतम लाभ उठा सकें।

धान की कमाई से बदली तकदीर, कभी करते थे मजदूरी, अब पिकअप के मालिक हैं दिनेश

धान की कमाई से बदली तकदीर, कभी करते थे मजदूरी

रायपुर/नवप्रदेश। पहाड़ों के बीचो-बीच और इंद्रावती नदी के किनारे बसे बस्तर जिले के सुदूर वनांचल ग्राम 'बिनता' से एक प्रेरणादायक तस्वीर सामने आई है। यहाँ के किसान दिनेश पाण्डे ने साबित कर दिया है कि यदि शासन की मंशा साफ हो और किसान की मेहनत सच्ची हो, तो जीवन में अंधेरा ज्यादा दिन नहीं टिकता। लोहंडीगुड़ा तहसील के ग्राम बिनता निवासी दिनेश पाण्डे का अतीत संघर्षों से भरा था, वे कभी अपना पेट पालने के लिए दूसरों के घरों में मजदूरी करने को विवश थे। उनके पास 10 एकड़

पुश्तैनी जमीन तो थी, लेकिन संसाधनों के अभाव में वे उसका सही उपयोग नहीं कर पा रहे थे। दिनेश के जीवन में बड़ा मोड़ तब आया जब राज्य शासन ने किसानों को धान का आकर्षक मूल्य देना शुरू किया। फसल की सही कीमत मिलने की उम्मीद ने दिनेश के भीतर नई ऊर्जा का संचार किया। उन्होंने मजदूरी छोड़ पूरी लगन से अपनी जमीन पर खेती-किसानी शुरू की। उनकी मेहनत रंग लाई और उन्होंने धान की फसल से अच्छा मुनाफा कमाया। दिनेश ने गत वर्ष 4 लाख रुपए का धान विक्रय किया था।

खेती में नवाचार और संसाधन

धान बेचने से मिली राशि का दिनेश ने बेहतरीन प्रबंधन किया। दिनेश बताते हैं कि धान विक्रय की राशि से सबसे पहले उन्होंने सिंचाई की समस्या दूर करने के लिए खेत में नलकूप खनन करवाया। पानी मिला तो उन्होंने पारंपरिक खेती से आगे बढ़कर अब 2 एकड़ भूमि में सब्जियों की खेती भी शुरू कर दी है। इतना ही नहीं, अपनी सब्जियों को सुगमता से बाजार तक पहुँचाने के लिए दिनेश ने एक पिकअप वाहन भी खरीद लिया है। दिनेश की आर्थिक तरक्की का सीधा असर उनके परिवार के भविष्य पर भी पड़ा है।

सात महीने बर्फ से ढका रहता है हेलोंगाजियांग स्नो टाउन

चीन में सबसे लंबी सर्दियों वाले स्थानों में से एक के रूप में प्रसिद्ध ‘स्नो टाउन’ अपने बर्फ से ढके परिदृश्यों, स्थानीय शैली के लकड़ी के घरों और विशिष्ट उत्सवपूर्ण वातावरण के साथ पर्यटकों को आकर्षित करता है। दर्शनीय स्थल प्रबंधन के अनुसार, इस वर्ष की पहली बर्फबारी 17 अक्टूबर को हुई, जो कई वर्षों के औसत से पहले है, जिससे पर्यटकों की सेवा के लिए गतिविधियों की तैयारी के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनी हैं। प्रबंधन प्रतिनिधि के अनुसार, इस क्षेत्र में बर्फबारी का मौसम आमतौर पर 7 महीने तक चलता है, जिसमें बर्फ की गहराई 2 मीटर तक पहुंच जाती है।

पांच जनवरी से देशव्यापी ‘मनरेगा बचाओ अभियान’ शुरू करेगी कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) को खत्म करने के खिलाफ देशभर में अभियान चलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पांच जनवरी से पूरे देश में ‘मनरेगा बचाओ अभियान’ शुरू करेगी। वहीं, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी खरगे की तरह ही अपील की है।

कांग्रेस कार्य समिति की बैठक के बाद खरगे ने बताया कि इस बैठक में कांग्रेस नेताओं ने मनरेगा को बचाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि पार्टी इस मुद्दे पर जनता के बीच जाएगी और सरकार के फैसले का विरोध करेगी। खरगे ने कहा कि मनरेगा केवल एक योजना नहीं है, बल्कि यह संविधान की ओर से दिया गया काम करने का अधिकार है। इसे कमजोर या खत्म करना गरीबों और मजदूरों के अधिकारों पर सीधा हमला है। उन्होंने यह भी कहा कि मनरेगा को खत्म करने के फैसले से लोग नाराज हैं और सरकार को इसके नतीजे भुगतने पड़ेंगे। खरगे के अनुसार, कांग्रेस इस मुद्दे पर चुप नहीं बैठेगी और लोकतांत्रिक तरीके से विरोध जारी रखेगी। खरगे ने कहा, मनरेगा यूपीए सरकार का एक दूरदर्शी कानून था, जिसकी सराहना पूरी दुनिया में हुई। उन्होंने कहा कि इस योजना का असर इतना बड़ा था कि इसका नाम महात्मा गांधी के नाम पर रखा गया।

लोकतंत्र और संविधान पर हो रहा हमला: खरगे

खरगे ने कहा कि मनरेगा को खत्म किए जाने के खिलाफ देशव्यापी अभियान चलाने की जरूरत है। उन्होंने तीन कृषि कानूनों का उदाहरण देते हुए कहा कि जिस तरह कड़े विरोध के बाद सरकार को वे कानून वापस लेने पड़े थे, उसी तरह मनरेगा के मामले में भी जनता की आवाज उठेगी। कांग्रेस अध्यक्ष ने यह भी कहा कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों को सीमित करने की एक ‘सुनियोजित साजिश’ है। उन्होंने कहा कि यह बैठक ऐसे समय में हो रही है, जब देश में लोकतंत्र, संविधान और नागरिकों के अधिकारों पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है।

मनरेगा केवल रोजगार की योजना नहीं बल्कि यह एक विकास का ढांचा

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि मनरेगा को खत्म करना अधिकार पर आधारिक प्रणाली और देश के संघीय ढांचे पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा कि यह फैसला गरीबों और राज्यों के अधिकारों को कमजोर करता है। राहुल गांधी ने कहा कि मनरेगा केवल एक रोजगार योजना नहीं थी, बल्कि यह एक विकास का ढांचा था, जिसकी सराहना पूरी दुनिया में की गई थी। इस योजना ने ग्रामीण भारत को मजबूती दी और लोगों को सम्मान के साथ काम करने का अधिकार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ने बिना अपने मंत्रिमंडल से सलाह लिए और बिना किसी अध्ययन के मनरेगा को एकतरफा तरीके से खत्म कर दिया। राहुल गांधी ने कहा कि इतना बड़ा फैसला सोच-समझकर और चर्चा के बाद लिया जाना चाहिए था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आलोक मेहता ने भेंट की पुस्तक

रिवोल्यूशनरी राज: नरेंद्र मोदी के 25 वर्ष’

नई दिल्ली। वरिष्ठ संपादक, लेखक एवं टीवी प्रसारक आलोक मेहता (पद्मश्री) ने अपनी नई पुस्तक रिवोल्यूशनरी राजः नरेंद्र मोदी के 25 वर्ष की एक प्रति माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को भेंट की।

शुभी पब्लिकेशंस द्वारा प्रकाशित यह कॉफी टेबल बुक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन, उनके परिवर्तनकारी शासन, प्रशासनिक नवाचारों तथा प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं का विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत करती है– जिसमें गुजरात के मुख्यमंत्री से लेकर भारत के प्रधानमंत्री तक की उनकी यात्रा को समाहित किया गया है। भेंट के दौरान हुई चर्चा में भारत के भविष्य की विकास दृष्टि, शासन में जमीनी अनुभव का महत्व, तथा सरकार से जनता की अपेक्षाओं पर विचार-विमर्श हुआ। प्रधानमंत्री मोदी ने पुस्तकों और पुस्तकालयों के प्रचार-प्रसार की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि बच्चों में पढ़ने की आदत को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। उन्होंने छात्रों को एनसीसी जैसी प्रशिक्षण गतिविधियों से जोड़ने पर भी जोर दिया, जिससे उनमें अनुशासन, नागरिक चेतना और राष्ट्रभावना विकसित हो। आलोक मेहता अपने नियमित साप्ताहिक कॉलम था अपने यू ट्यूब चैनल " एडिटर्स ऑय" पर भी ऐसे विषयों पर लिखते बोलते रहते हैं ।

इस अवसर पर श्री संजय आर्य, प्रकाशक, शुभी पब्लिकेशंस, भी उपस्थित थे। यह पुस्तक शीघ्र ही प्रकाशक के माध्यम से तथा अमेज़न पर उपलब्ध होगी।

राहुल गांधी भारत विरोध के स्थायी प्रतिनिधि

नई दिल्ली। भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधा। भाजपा सांसद ने राहुल गांधी पर भारत विरोधी गठबंधन का हिस्सा होने का आरोप लगाया। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा, ‘सैम पित्रोदा ने कल एक इंटरव्यू में कहा, कांग्रेस पार्टी ग्लोबल प्रोग्रेसिव अलायंस का हिस्सा है और उसी में भाग लेने के लिए राहुल गांधी जर्मनी गए थे। सैम पित्रोदा ने कहा कि राहुल गांधी इस अलायंस के सह-अध्यक्ष हैं और वे खुद इसके सदस्य हैं।’ भाजपा ने कहा कि ग्लोबल प्रोग्रेसिव अलायंस भारत विरोधी गतिविधियों से जुड़ा है। भाजपा ने सवाल उठाते हुए कहा कि जब सैम पित्रोदा से सवाल किया गया कि आप जॉर्ज सोरोस से जुड़े लोगों के साथ उठते बैठते हैं, जिस पर पित्रोदा ने कहा- हमें इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। इस पर भाजपा ने कांग्रेस पार्टी से सवाल किया कि आपको किसकी परवाह है? किसके दबाव में राहुल गांधी विदेश जाते हैं?

विजयन को शिवकुमार का जवाब, हमारे राज्य के मामले में दखल न दें

बंगलूरू। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने शनिवार को केरल के मुख्यमंत्री को उत्तरी बंगलूरू में चल रहे अतिक्रमण विरोधी अभियान में हस्तक्षेप न करने की सलाह दी। केरल के मुख्यमंत्री पिनरई विजयन ने शुक्रवार को कर्नाटक की राजधानी में मुस्लिम आवासीय क्षेत्रों को कथित तौर पर ध्वस्त किए जाने की कड़ी निंदा करते हुए इस कार्रवाई को चौंकाने वाला और पीड़ादायक बताया। उन्होंने फेसबुक पोस्ट में कहा था कि फकीर कॉलोनी और वसीम लेआउट में वर्षों से रह रहे मुस्लिम परिवारों के घर गिराए जाना दर्दनाक और चौंकाने वाला है।

आईजीएमसी में इकट्ठा हुए रेजिडेंट डॉक्टर, इंटर्न्स और एमबीबीएस छात्र, लगाए नारे

शिमला। इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज (आईजीएमसी) में डॉक्टर और मरीज के बीच हुई हाथापाई मामले ने तूल पकड़ लिया है। शुक्रवार को डॉक्टरों के कैजुअल लीव पर जाने से प्रदेशभर के स्वास्थ्य संस्थानों में सेवाएं ठप रहीं। मरीज इलाज के लिए भटकते रहे। डॉक्टरों ने शुक्रवार को मरीजों के ऑपरेशन रखे थे, लेकिन लीव पर जाने के बाद उन्हें टाल दिया गया। अभी तक मरीजों को ऑपरेशन की अगली तारीख नहीं दी गई है। अब डॉक्टर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। ऐसे में शनिवार को हिमाचल के स्वास्थ्य संस्थानों में सेवाएं प्रभावित रह सकती हैं। दूसरी ओर 108 और 102 एंबुलेंस कर्मचारियों के भी हड़ताल पर जाने से मरीजों की परेशानी और बढ़ा दी है। मरीज से मारपीट के आरोप में डॉ. राघव की सेवाएं समाप्त किए जाने के बाद रेजिडेंट डॉक्टर गुस्से में हैं। आईजीएमसी के अलावा, टांडा, नाहन, नेरचौक, चंबा और हमीरपुर मेडिकल कॉलेज में सेवाएं प्रभावित रहने का खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ा।

खेल, व्यापार एवं मनोरंजन

चांदी की ऐतिहासिक छलांग; भाव 2.36 लाख रुपये के पार, सोना भी रिकॉर्ड ऊंचाई पर

नई दिल्ली। वैश्विक बाजारों में मची तेजी और साल के अंत में जबरदस्त खरीदारी के चलते भारतीय सर्राफा बाजार में चांदी ने आज इतिहास रच दिया। शुक्रवार को दिल्ली में चांदी की कीमतों में 9,350 रुपये की भारी उछाल दर्ज की गई, जिससे यह 2,36,350 रुपये प्रति किलोग्राम के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। ऑल इंडिया सर्राफा एसोसिएशन के मुताबिक, पिछले कारोबारी सत्र (बुधवार) में चांदी 2,27,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। केवल पिछले चार सत्रों की बात करें तो 19 दिसंबर के बाद से चांदी में 32,250 रुपये (15.8%) की तेजी आ चुकी है। बाजार के जानकारों का कहना है कि यह साल चांदी के निवेशकों के लिए किसी जैकपॉट से कम नहीं रहा। 31 दिसंबर, 2024 को चांदी 89,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर थी, जो अब तक इस कैलेंडर वर्ष में 1,46,650 रुपये बढ़ चुकी है।

सोने की चमक भी बरकरार

चांदी के साथ-साथ सोने ने भी अपनी चमक बिखेरी है। स्थानीय बाजार में 99.9त्न शुद्धता वाला सोना 1,500 रुपये की छलांग लगाकर 1,42,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। पिछले सत्र में यह 1,40,800 रुपये पर बंद हुआ था। इस साल सोने ने अब तक करीब 80त्न का रिटर्न दिया है।

बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, इस तेजी के पीछे घरेलू मांग के साथ-साथ मजबूत ग्लोबल संकेत हैं। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के कमोडिटी एनालिस्ट सौमिल गांधी ने कहा, ÷सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन कीमती धातुओं की रैली जारी रही। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोना और चांदी नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं। वहीं, मिराए एसेट शेयरखान के प्रवीण सिंह का मानना है, ÷फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों और कमोडिटी बाजार में सकारात्मक माहौल ने सोने को 4,530 डॉलर प्रति औंस के पार पहुंचा दिया है। साल के अंत में कम ट्रेडिंग वॉल्यूम के कारण कीमतों में यह बड़ा उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी चांदी ने बड़ा पड़ाव पार कर लिया है। विदेशी व्यापार में चांदी पहली बार 75 डॉलर प्रति औंस के स्तर को पार कर गई। यह 3.72 डॉलर (5.18त्न) की तेजी के साथ 75.63 डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। विशेषज्ञों का कहना है कि दिसंबर की शुरुआत से ही बाजार में ‘मोमेंटम ट्रेवल्स’ हावी हैं, और क्रिसमस की छुट्टियों के कारण कम नकदी प्रवाह ने इस तेजी को और हवा दी है।

अर्जुन की हुई पिटाई पर दीपराज के ऑलराउंड प्रदर्शन से जीता गोवा

नई दिल्ली। विजय हजारे ट्रॉफी टूर्नामेंट 2025-26 के दूसरे चरण के मुकाबले में गोवा को हिमाचल प्रदेश पर 8 रन से शानदार जीत मिली। हालांकि इस मैच में टीम के तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर अर्जुन तेंदुलकर का प्रदर्शन फीका रहा, लेकिन कप्तान दीपराज गांवकर के ऑलराउंड प्रदर्शन और ललित यादव के शतक ने टीम को जीत दिलाई। गोवा और हिमाचल प्रदेश के बीच हुए मैच में हिमाचल ने टॉस जीता था और फिर बॉलिंग करने का फैसला किया था। इसके बाद गोवा ने 50 ओवर में 9 विकेट पर 285 रन बनाए। इसके जवाब में हिमाचल प्रदेश की टीम ने 49.3 ओवर में 9 विकेट पर 277 रन बनाए और 8 रन के मामूली अंतर से इस टीम को हार मिली। हिमाचल प्रदेश के खिलाफ 6 ओवर गेंदबाजी की और इस दौरान 9.70 की इकानॉमी रेट से 58 रन लुटाए और उन्हें एक भी

विकेट नहीं मिला। वहीं कप्तान दीपक गांवकर ने 10 ओवर में 50 रन देकर 5 विकेट हासिल किए जबकि वासुकी कौशिक ने 2 सफलता हासिल की। इसकेअलावा शुभम देसाई और दर्शन मिसाल को एक-एक विकेट मिले। गोवा के लिए ललित यादव ने 104 रन की शानदार शतकीय पारी खेली जबकि कप्तान दीपराज गांवकर ने 48 गेंदों पर 2 छक्के और 6 चौकों की मदद से तेज 71 रन की पारी खेली जबकि सुयश प्रभूदेशाई ने 51 रन बनाए। हिमाचल प्रदेश के लिए पुखराज मान ने 126 रन की शानदार शतकीय पारी खेली तो वहीं इस टीम के लिए रोहित कुमार ने सबसे ज्यादा 5 विकेट लिए।

विजय की ‘जन नायकन’ के ऑडियो लॉन्च

मुंबई। अभिनेता से राजनेता बने तमिल सुपरस्टार थलापति विजय इन दिनों अपनी आगामी फिल्म ‘जन नायकन’ को लेकर चर्चाओं में हैं। हालांकि, हिंदी में इस फिल्म को ‘जन नेता’ के नाम से रिलीज किया जाएगा। शनिवार यानी 27 दिसंबर को फिल्म का ऑडियो लॉन्च इवेंट होना है। बड़े पैमाने पर होने वाला यह इवेंट मलेशिया के कुआलालंपुर में आयोजित किया जाएगा। इस इवेंट में अभिनेता विजय समेत फिल्म की पूरी कास्ट के मौजूद रहने की संभावना है। अब इस इवेंट से पहले मलेशियाई पुलिस ने कुछ कड़ी पाबंदियां लगाई हैं। जानिए किन बातों पर पुलिस ने लगाया प्रतिबंध।

मात्र 21 दिनों में हजार करोड़ पार हुआ ‘धुरंधर’ का कलेक्शन

मुंबई। रणवीर सिंह की ‘धुरंधर’ बॉक्स ऑफिस पर लगातार तहलका मचाए हुए है। फिल्म हर बीतते दिन के साथ एक नया रिकॉर्ड अपने नाम कर रही है। अब फिल्म ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ग्लोबली 1000 करोड़ के क्लब में एंट्री कर ली है। फिल्म ने 21 दिनों में यह आंकड़ा पार कर लिया है।

फिल्म के मकर्स की ओर से जानकारी देते हुए ये बताया गया कि ‘धुरंधर’ ने 21 दिनों में एक हजार करोड़ के आंकड़े को पार कर लिया है। मेकर्स के मुताबिक फिल्म का कुल वर्ल्डवाइड कलेक्शन 21 दिनों में 1006.70 करोड़ रुपए तक पहुंच चुका है। मेकर्स की मानें तो फिल्म ने अपने पहले हफ्ते में 218 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। इसके बाद दूसरे हफ्ते में 261.50 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। जबकि 15 से 20 दिनों के बीच फिल्म ने 160.70 करोड़ रुपए जुटाए और सिर्फक्रिसमस के दिन ‘धुरंधर’ ने 28.60 करोड़ रुपए हासिल किए थे। इस तरह से भारत में फिल्म का कुल कलेक्शन 668.80 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है।

1000 करोड़ क्लब में शामिल बॉलीवुड की चौथी फिल्म

‘धुरंधर’ के लिए यह इसलिए भी एक बड़ी उपलब्धि है, क्योंकि 1000 करोड़ क्लब में शामिल हुई ‘धुरंधर’ चौथी हिंदी फिल्म है। इससे पहले सिर्फ तीन बॉलीवुड की फिल्में ही 1000 करोड़ क्लब में शामिल हो पाई हैं। इनमें ‘दंगल’, ‘पठान’ और ‘जवान’ के नाम शामिल हैं।

रायपुर में टी-20 मैच 23 जनवरी को, इस बार बदलेगी एंट्री की व्यवस्था

- **तय समय के बाद पहुंचने वालों को नहीं मिलेगा स्टेडियम में प्रवेश**

रायपुर/नवप्रदेश। भारत और न्यूजीलैंड के बीच 23 जनवरी को शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाने वाले टी-20 मुकाबले को लेकर छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस बार दर्शकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्टेडियम की एंट्री व्यवस्था में बड़ा बदलाव किया जा रहा है। दिसंबर में आयोजित वनडे मैच के दौरान दर्शकों को हुई अव्यवस्थाओं से सबक लेते हुए अब स्टेडियम के आधा दर्जन से अधिक गेटों पर प्रवेश और बाहर निकलने का समय पहले से निर्धारित किया जाएगा। इसका उद्देश्य भीड़ को नियंत्रित करना और किसी भी तरह की अफरा-तफरी से बचना है।

बता दें कि वनडे मैच के दौरान बड़ी संख्या में दर्शक शाम को स्टेडियम पहुंचे थे, लेकिन अधिकतर स्टैंड की सीटें भर जाने के बाद एंट्री गेट बंद कर दिए गए थे। इससे नाराज दर्शकों ने विरोध जताया और कुछ स्थानों पर गेट तोड़कर प्रवेश किया था, जिससे नुकसान हुआ है। दर्शकों का कहना था कि महंगे टिकट खरीदने के बावजूद गेट बंद करना गलत है। छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ का दावा है कि टी-20 मुकाबले में दर्शकों को इस तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा और एंट्री व्यवस्था पहले से कहीं बेहतर और व्यवस्थित होगी।

टी-20 मैच में हर गेट पर तैनात रहेंगे क्रिकेट संघ के सदस्य

पिछले मैच के दौरान स्टेडियम में एंट्री व्यवस्था बिगड़ने के पीछे प्राइवेट

सुरक्षा एजेंसी के गार्ड की लापरवाही भी सामने आई थी। जानकारी के अनुसार, कुछ गार्डों ने बड़ी संख्या में बिना टिकट वाले लोगों को स्टेडियम में प्रवेश दे दिया था जिससे वैध टिकटधारकों को एंट्री मिलने में परेशानी हुई। इसी को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ ने टी-20 मुकाबले के दौरान सभी एंट्री गेटों पर अपने सदस्यों की तैनाती का फैसला किया है। क्रिकेट संघ के सदस्य गेट पर मौजूद रहकर एंट्री प्रक्रिया की निगरानी करेंगे और प्राइवेट सुरक्षा गार्ड की गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जाएगी।

एंट्री व्यवस्था सुधारने के लिए पुलिस प्रशासन की ली जा रही मदद: स्टेडियम में दर्शकों की एंट्री को लेकर हुई अव्यवस्था को दूर करने के लिए छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ अब पुलिस प्रशासन की भी मदद ले रहा है। इस बार पिछली गलतियों की समीक्षा कर उन कारणों को बिंदुवार चिन्हित किया जाएगा, जिनकी वजह से स्थिति बिगड़ी थी। पुलिस प्रशासन द्वारा हर संभावित परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए स्टेडियम के अंदर और बाहर दर्शकों की आवाजाही, सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण को लेकर सुझाव दिए जाएंगे। इन सुझावों के आधार पर क्रिकेट संघ एंट्री व्यवस्था में आवश्यक बदलाव करेगा, ताकि टी-20 मुकाबले के दौरान दर्शकों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

समय पर नहीं पहुंचे तो नहीं मिलेगी स्टेडियम में एंट्री

छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ ने भारत-न्यूजीलैंड टी-20 मुकाबले के दौरान दर्शकों के लिए एंट्री को लेकर नियमों का पालन करना होगा। छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ के डायरेक्टर विजय शाह ने बताया कि दर्शकों को अपने-अपने निर्धारित गेट से तय समय पर ही स्टेडियम में प्रवेश करना होगा। निर्धारित समय के बाद पहुंचने पर एंट्री नहीं दी जाएगी, जिसकी जिम्मेदारी स्वयं दर्शकों की होगी। उन्होंने कहा कि स्टेडियम में प्रवेश एक तय समय-सीमा के भीतर ही किया जाएगा, जबकि बाहर निकलने के लिए गेट खोले जाएंगे। बार-बार गेट खोलने और बंद करने से व्यवस्था प्रभावित होती है और सुरक्षा में भी बाधा आती है। विजय शाह ने बताया कि दिसंबर में हुए वनडे मैच के दौरान सामने आई अव्यवस्थाओं से सबक लेते हुए इस बार बेहतर और सुव्यवस्थित एंट्री व्यवस्था लागू की जा रही है, ताकि टी-20 मुकाबले के दौरान दर्शकों को किसी तरह की परेशानी न हो।

समय निर्धारित करेंगे

छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ के डायरेक्टर विजय शाह ने बताया कि, स्टेडियम में गेट खुलने और बंद होने का समय निर्धारित किया जाएगा। दर्शकों को समय पर पहुंचकर एंट्री लेनी होगी। इस बार गेट में सीएससीएस के मेंबर भी रहेंगे। वनडे मैच में हुई गलतियों की समीक्षा कर टी-20 मैच में बेहतर व्यवस्था बनाई जा रही है, ताकि दर्शकों को दिक्कत न हो।

संक्षिप्त खबरें

परमालकसा में दो दिवसीय आयोजन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। सोमनी समीपस्थ ग्राम परमालकसा में 28 दिसंबर को संत शिरोमणि परम् पूज्य गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर ध्वजारोहण एवं संध्या में विशाल भोजन भंडारा एवं 29 दिसंबर को मंडई मेला का आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ-साथ रात्रि कालीन छत्तीसगढ़ी लोक कला नाच पार्टी ग्राम निपानी बालोद गोपाल बलराम का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की गई है । उक्त जानकारी ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती परमीला साहू के द्वारा दिया गया।

कृषि विभाग ने चार कृषि केन्द्र किए सील

खैरागढ़/नवप्रदेश। रबी सीजन 2025-26 की शुरुआत के साथ ही किसानों को ठगने की कोशिश कर रहे खाद-बीज विक्रेताओं पर कृषि विभाग ने करारा प्रहार किया है। उर्वरक नियंत्रण आदेश का खुला उल्लंघन करने वाले चार कृषि केन्द्रों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से विक्रय पर रोक लगाई और मौके से सामग्री जप्त कर ली है। इस कार्रवाई से जिले के अवैध और लापरवाह विक्रेताओं में हड़कंप मच गया है। किसानों को गुणवत्तायुक्त खाद, बीज एवं कीटनाशक समय पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला खैरागढ़ ङ्क छुईखदान ङ्क गंडई में कृषि विभाग द्वारा सतत निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 24 दिसंबर 2025 को उप संचालक कृषि के निर्देश पर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में औचक छापेमारी की गई। छापे के दौरान खैरागढ़ विकासखंड अंतर्गत संचालित मौर्या कृषि केन्द्र दाउचौरा, सागर कृषि केन्द्र पिपलाकछार, विकास कृषि केन्द्र गाड़ाघाट एवं जानवी कृषि केन्द्र गाड़ाघाट में गंभीर अनियमितताएं उजागर हुईं।
जांच में सामने आया कि इन केन्द्रों में स्कंध पंजी का संधारण नहीं किया गया था, वहीं स्रोत प्रमाण पत्र अनुपस्थित पाए गए। साथ ही मूल्य सूची प्रदर्शित नहीं थी तथा कैश व क्रेडिट मेमो का भी संधारण नहीं किया गया। इन गंभीर खामियों को उर्वरक नियंत्रण आदेश का स्पष्ट उल्लंघन मानते हुए चारों कृषि केन्द्रों के विरुद्ध विक्रय प्रतिबंध लगाया गया तथा सामग्री जब्त कर ली गई। इसके साथ ही संबंधित संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है। यह कार्रवाई उप संचालक कृषि सोलंकी के मार्गदर्शन में अनुविभागीय कृषि अधिकारी वीरेंद्र डहरिया एवं सहायक संचालक कृषि लुकमान साहू की संयुक्त टीम द्वारा की गई। कृषि विभाग ने दो टूक चेतावनी देते हुए कहा है कि किसानों के हितों से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नियमों की अनदेखी करने वाले विक्रय केन्द्रों के खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्त और निर्णायक कार्रवाई जारी रहेगी।

जांजगीर-चांपा में दर्दनाक सड़क हादसा: तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दंपती को मारी टक्कर, महिला की मौत

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। जिले के शिवरीनारायण थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दुरपा के पास मंगलवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से बाइक सवार पति-पत्नी को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक के पीछे बैठी महिला ट्रक के पहियों के नीचे आ गई, जिससे मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, तनौद निवासी 45 वर्षीय भगवती साहू अपने पति कृष्णकुमार साहू के साथ मुड़पार गांव में आयोजित छट्ठी कार्यक्रम में शामिल होने जा रही थीं। जैसे ही वे ग्राम दुरपा के पास पहुंचे, पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कृष्णकुमार साहू बाइक सहित सड़क किनारे गिर गए, जबकि भगवती साहू ट्रक के पहियों में फंसकर घसीटती चली गईं। ट्रक के पहियों से कुचलने के कारण महिला के कमर के नीचे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी। पुलिस पहुंच जहां महिला की सांसे चल रही थी जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया है और वाहन को जब्त कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

शहर में बगैर बुनियादी सुविधा के बस रही अवैध कालोनियां

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शहर के रिहायसी इलाको से लेकर आउटरों में इन दिनों लगातार अवैध प्लाटिंग चरम पर है। लेकिन नगरनिगम को पास ऐसे गैर आवासीय इलाकों की जानकारी ही नही है। शहर के गिनती के लोगों को नोटिस देकर निगम सिर्फ खानापूर्ति करने में लगी है और इधर बगैर बुनियादी सुविधा के अवैध कालोनियां बस रही है। शहर में बजरंगपुर नवागांव, लखोली, आरके नगर, पेंड्री, रेवाडीह, मोहारा सहित रायपुर नाका किनारे में लगातार अवैध प्लाटिंग जारी है। लेकिन निगम द्वारा इन इलाको में कार्यवाही तो दूर कभी जांच तक नही की गई है। यही कारण है कि इन इलाको में लगातार गलत तरीके से अवैध प्लाटिंग की संख्या में इजाफा हो रहा हैं। नगरनिगम द्वारा विगत दिनों कौरिनभांठा और लखोली के दर्जनभर माफियाओं को अवैध प्लाटिंग किए जाने के खिलाफ नोटिस जारी किया गया था। निगम प्रशासन का दावा है कि सभी ने अवैध प्लाटिंग पर रोक लगा दी है।

आईआईएम रायपुर में जनप्रतिनिधियों के लिए विशेष प्रशिक्षण

संचार-जनसंपर्क के आधुनिक तरीकों पर हुई चर्चा, अनुज शर्मा ने साझा किए सफलता के मंत्र

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय प्रबंधन संस्थान रायपुर में पंचायत विभाग के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के लिए आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में संचार और जनसंपर्क के आधुनिक तरीकों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस विशेष सत्र में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित धरसींवा विधायक अनुज शर्मा ने 'नैरेटिव बिल्डिंग' और 'पब्लिक रिलेशन-गवर्नमेंट मैसेजिंग' जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपना मार्गदर्शन प्रदान किया।

विधायक शर्मा ने जनप्रतिनिधियों को बताया कि, वर्तमान डिजिटल युग में केवल विकास कार्य करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन कार्यों को जनता की सरल भाषा में उन तक पहुँचाना और एक सकारात्मक छवि निर्मित करना भी किसी भी जनप्रतिनिधि की सफलता के लिए अनिवार्य है।

सरकारी योजनाओं का दिया सही संदेश

विधायक शर्मा ने कार्यशाला में उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि, जनप्रतिनिधि केवल योजनाओं के क्रियान्वयन का माध्यम नहीं होते, बल्कि वे समाज के भरोसे के संरक्षक भी होते हैं। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि, सरकारी योजनाओं का संदेश सही भाषा, सही माध्यम और सही समय पर जनता तक पहुँचाना ही सफल 'गवर्नमेंट मैसेजिंग' का मूल आधार है।

शिष्ट भाषा के महत्व को किया रेखांकित

प्रशिक्षण के दौरान जनप्रतिनिधियों को भूमिका-अभिनय (रोल प्ले) के माध्यम से यह भी सिखाया गया कि, किस प्रकार विपरीत परिस्थितियों या तीखे सवालों के बीच भी आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रखी जा सकती है। उन्होंने मीडिया के साथ संवाद के दौरान पारदर्शिता, तथ्यों की स्पष्टता और शिष्ट भाषा के महत्व को रेखांकित किया।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के रणनीतिक उपयोग की दी सलाह

सोशल मीडिया की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए विधायक शर्मा ने फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सऐप जैसे प्लेटफॉर्म्स के रणनीतिक उपयोग की सलाह दी। उन्होंने कहा कि, किसी भी प्रकार की भ्रामक जानकारी या गलत सूचना का त्वरित खंडन करना आवश्यक है, ताकि जनता में भ्रम की स्थिति पैदा न हो।

इसके साथ ही उन्होंने विकास कार्यों को केवल आंकड़ों में न बताकर उसे एक कहानी (स्टोरीटेलिंग) और दृश्यों (विजुअल) के रूप में प्रस्तुत करने का सुझाव दिया, जिससे लोग भावनात्मक रूप से जुड़ सकें। कार्यशाला के अंत में उन्होंने स्पष्ट किया कि, संकट की स्थिति में संयमित मीडिया हैंडलिंग ही जनता के विश्वास को और अधिक मजबूत करती है।

शौचालय की गंदगी देख नाराज हुए डीआरएम

पेंड्रारोड/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के नवनियुक्त मंडल रेल प्रबंधक राकेश रंजन शनिवार को अचानक पेंड्रारोड रेलवे स्टेशन पहुंचे। बिना किसी पूर्व सूचना के हुए इस औचक निरीक्षण से रेलवे कर्मचारियों और अधिकारियों में अफरा-तफरी मच गई। निरीक्षण के दौरान स्टेशन पर फैली अव्यवस्थाओं को देखकर डीआरएम ने कड़ी नाराजगी जाहिर की और संबंधित अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई।

शौचालय की गंदगी पर कड़े तेवर

निरीक्षण के दौरान डीआरएम राकेश रंजन जब प्लेटफार्म नंबर 1 पर स्थित शौचालय पहुंचे, तो वहां फैली गंदगी देखकर उनका पारा चढ़ गया। उन्होंने तत्काल स्टेशन मास्टर को तलब किया और बेहद तल्ख लहजे में पूछा- क्या मैं इस शौचालय का इस्तेमाल कर सकता हूं?

ड्रेनेज और सफाई व्यवस्था पर भी बरसे

स्टेशन परिसर में आगे बढ़ते हुए डीआरएम की नजर गंदे पानी से लबालब भरी नालियों (ड्रेनेज) पर पड़ी। उन्होंने मौके पर मौजूद जिम्मेदार कर्मचारियों से सवाल किया- क्या आपके घर में भी ऐसा गंदा पानी बहता है? आप यहीं रहते हैं या बाहर? उन्होंने जल निकासी की व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए सख्त निर्देश दिए।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com